सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 26 जुलाई , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 202, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 721 अंकों की गिरावट

तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से सेंसेक्स 721 अंक टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463 .09 अंक पर बंद हुआ। } 14

## कोविड टीकों से नहीं हो रहीं अचानक मौतें

क्रेंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कोविड-19 टीकाकरण से युवाओं में अचानक मौत होने का जोखिम नहीं बढ़ा है। अचानक मृत्यु के पारिवारिक इतिहास व कुछ जीवनशैली संबंधी आदतों के कारण अचानक मृत्यु की आशंका बढ़ गयी। } 16

# राजस्थान : सरकारी स्कूल की इमारत ढही, 10 की मौत

❍ झालवाड़ जिले में हुई घटना ❍ 27 अन्य घायल ❍ राहत व बचाव कार्य जारी

एजेंसी

झालावाड़ (राजस्थान)। राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार को सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा ढहने से 8 बच्चों समेत 10 की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के पीपलोदी

❍ पांच कर्मचारियों को किया गया निलंबित
❍ मामले की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश

सरकारी स्कूल में हुई। बच्चे सुबह की प्रार्थना के लिए इकट्ठा हो रहे थे तभी छठी और सातवीं कक्षा की छत ढहने से इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिसमें लगभग 35 बच्चे दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 7.45 बजे इस त्रासदी की सूचना मिली। घटना के बाद, दांगीपुरा और मनोहरथाना थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इस मामले में कार्रवाई करते हुए, स्कूल के पांच कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया और मामले की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुराड़ी चौराहे पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मनोहरथाना के प्रभारी नंद किशोर वर्मा ने बताया अब तक सात बच्चों की मौत हो चुकी है। झालावाड़ जिला ...शेष पृष्ठ 14 पर



# भारत-मालदीव के बीच और मजबूत होंगे रिश्ते

## पीएम मोदी ने की मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा देने की घोषणा

एजेंसी

माले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह वार्ता दोनों देशों के रिश्तों में असहजता के दौर के बाद महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है। मोदी आज सुबह माले पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुइज्जू और उनकी सरकार के कई शीर्ष मंत्रियों ने वेलेना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इससे माले द्वारा इस यात्रा को दिए गए महत्व का पता चलता है। कुछ घंटों बाद, मोदी का प्रतिष्ठित रिपब्लिक स्कायर पर औपचारिक रूप से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मुइज्जू द्वारा हवाई अड्डे पर आकर मेरा स्वागत करने के भाव से मैं बहुत प्रभावित हूं। मुझे विश्वास है कि भारत-मालदीव मित्रता आने वाले समय में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगी। दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा देने की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत को इस द्वीपीय राष्ट्र का सबसे भरोसेमंद मित्र होने पर गर्व है। मोदी ने यह टिप्पणी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ व्यापक वार्ता के बाद की, जिसमें व्यापार, रक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मोदी ने यह भी घोषणा की है कि दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे तथा मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मालदीव भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) ...शेष पृष्ठ 14 पर



संक्षेप

### ड्रोन से दागे जाने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण



नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली एक मिसाइल का आंध्र प्रदेश में एक परीक्षण स्थल पर सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि यह परीक्षण कुरनूल में किया गया। सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ी मजबूती देते हुए, डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में मानवरहित यान से दागे जाने वाली सटीक मारक क्षमता वाली मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल पहले डीआरडीओ द्वारा विकसित यूएलपीजीएम-वी2 का उन्नत संस्करण है। यह मिसाइल विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है।

### सेवानिवृत्त प्रोफेसर से 2.89 करोड़ की ठगी

नोएडा। नोएडा में साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश पर 30 फीसदी मुनाफे का झांसा देकर सेवानिवृत्त प्रोफेसर से 2.89 करोड़ की ठगी कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक ठगों ने व्हाट्सऐप के जरिए पीड़ित से संपर्क किया और अपने जाल में फंसाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) प्रीति यादव ने बताया कि सेक्टर-36 में रहने वाले सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामकृष्ण शिवपुरी ने पुलिस से शिकायत की है कि एक अप्रैल को उन्हें व्हाट्सऐप पर एक संदेश आया, इसके बाद कॉल आई।



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

❍ महिला श्रम भागीदारी 36 प्रतिशत तक पहुंची (पृष्ठ-02)
❍ प्रदेश में शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस (पृष्ठ-02)
❍ सोना 500 टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम (पृष्ठ-14)
❍ विदेशी मुद्रा भंडार 695.49 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
❍ अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ (पृष्ठ-14)

# ट्रिपिंग, ओवर बिलिंग व बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं

## न पैसे की कमी, न बिजली की और न ही संसाधन कम, व्यवस्था सुधारें अधिकारी अन्यथा कार्रवाई तय : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था अब केवल तकनीकी या प्रशासनिक विषय नही, बल्कि जनता के भरोसे और शासन की संवेदनशीलता का पैमाना बन चुकी है। उन्होंने अफसरों को दो टूक शब्दों में कहा कि ट्रिपिंग, ओवरबिलिंग और अनावश्यक कटौती अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सुधार करना ही होगा।



बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जून 2025 में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड 31,486 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग सफलतापूर्वक पूरी की। इस अवधि में 16,930 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति की गई। लगातार बढ़ रही उमस और तापमान ने खपत को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाया, इसके बावजूद शहरी क्षेत्रों में औसतन 24 घंटे, तहसील स्तर पर 21.5 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे तक बिजली उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने ट्रिपिंग की लगातार आ रही शिकायतों पर गहरी नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि प्रत्येक फीडर की तकनीकी जांच हो, कमजोर स्थानों की पहचान कर तुरंत सुधार कराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत हो, वहां ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता तुरंत बढ़ाई जाए ताकि ओवरलोडिंग की स्थिति न बने। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फील्ड से प्राप्त वास्तविक शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से हो, ताकि जनता को राहत मिले। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, सरकार ने बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण को मजबूत करने के लिए रिकॉर्ड बजट उपलब्ध कराया है। ऐसे में किसी स्तर पर लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों से उनके क्षेत्रों की आपूर्ति की स्थिति जानने के बाद मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाए। बिलिंग व्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर उपभोक्ता को हर महीने सही समय पर स्पष्ट और सटीक बिल मिलना चाहिए।' फॉल्स या ओवरबिलिंग जैसी शिकायतें जन विश्वास को तोड़ती हैं और विभाग की साख को नुकसान पहुंचाती हैं। यह किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। बिलिंग एफिशिएंसी बढ़ाई जाए। उन्हें जानकारी दी गई कि अब तक 31 लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से जोड़े जा चुके हैं और इस प्रक्रिया को ब्लॉक स्तर तक ले जाने का कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री ने तकनीकी और वाणिज्यिक हानियों (लाइन लॉस) को चरणबद्ध रूप से नीचे लाने का लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर डिस्कॉम को अपने स्तर पर ठोस रणनीति बनाकर काम करना होगा। साथ ही, जहां आवश्यक हो, पारेषण व वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया भी गति पकड़े। बिजली उत्पादन की समीक्षा करते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जनता की हर समस्या का करायेंगे समाधान : सीएम

जिला संवाददाता,

गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की और आश्वस्त किया कि सरकार जनता की हर समस्या का प्रभावी समाधान कराएगी। सीएम ने ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण संवेदनशीलता और तत्परता से किया जाए। इसमें तनिक भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 25 ओटीटी ऐप पर लगा प्रतिबंध

नयी दिल्ली। सरकार ने अश्लील, अभद्र और कुछ मामलों में पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित करने के कारण उल्लू, अल्ट और देसीफ्लिक्स सहित 25 ओटीटी मंचों की वेबसाइटों और ऐप को बंद करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न कानूनों का उल्लंघन करते पाए गए विभिन्न ऐप में अल्ट, उल्लू, बिग शॉट्स ऐप, डेसिफ्लिक्स, बूमेक्स, नवरस लाइट, गुलाब ऐप, कंगन ऐप, बुल ऐप, जलवा ऐप, शोहिट, वाउ एंटरटेनमेंट, लुक एंटरटेनमेंट, हिटप्राइम, फेनेओ, शोएक्स, सोल टॉकीज, अड्डा टीवी, हॉटएक्स वीआईपी, हलचल ऐप, मूडएक्स, नियोनएक्स वीआईपी, फूगी, मोजफ्लिक्स और ट्राइफ्लिक्स शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गृह, महिला एवं बाल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और विधि मंत्रालयों, उद्योग निकायों फिक्की और सीआईआई तथा महिला एवं बाल अधिकार क्षेत्र के विशेषज्ञों के परामर्श से यह कार्वाई की। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न मंचों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# टावर का छज्जा गिरने से युवक की मौत

## गोमती नगर में हुआ हादसा, बारिश से बचने के लिए खड़ा था युवक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमती नगर स्थित साइबर टावर में शुक्रवार शाम एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें इमारत का छज्जा गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जब अचानक टावर का छज्जा टूटकर नीचे गिर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक उस समय बारिश से बचने के लिए इमारत के छज्जे के नीचे खड़ा था, तभी छज्जा उस पर आ गिरा। मृतक की पहचान रवि वर्मा के रूप में हुई है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक रवि कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय राम चंद्र वर्मा शिव विहार कॉलोनी सुगर मिल बाराबंकी थाना कोतवाली का रहने वाला था। 22 वर्ष मृतक कमता में स्थित लक्ष्मी कांत की पत्थर की दुकान 8 वर्ष से कम कर रहा था। शुक्रवार को बृजेश से मिलने साइबर टावर गया था। बृजेश एक प्राइवेट फाइनेंस बैंक में काम करता था। वहां छज्जा के नीचे खड़ा था कि अचानक से छज्जा गिर गया। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में उसे तुरंत नजदीकी आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## संसद : मानसून सत्र का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ा

नयी दिल्ली। संसद में विपक्ष द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण मानसून सत्र के पहले दिन से जारी गतिरोध शुक्रवार को भी समाप्त नहीं हुआ, हालांकि लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) में बनी सहमति के अनुसार अगले सप्ताह से दोनों सदनों में कामकाज होने की संभावना है।

शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के उपरांत और राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे के पश्चात पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। हंगामे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : धामी

## जर्जर और असुरक्षित भवनों में बच्चों को बैठाना अस्वीकार्य

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के सभी स्कूल भवनों का सुरक्षा ऑडिट शीघ्रता से किया जाए। कहीं भी जर्जर और असुरक्षित भवनों में बच्चों को बैठाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दिये। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश की सुरक्षा और विकास से जुड़े कई अहम फैसले लिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन स्कूल भवनों की मरम्मत संभव है, वहां तत्काल मरम्मत कार्य कराया जाए और जहां पुनर्निर्माण आवश्यक है, वहां कार्य योजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।



मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पुलों का भी सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खस्ताहाल पुलों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य प्राथमिकता पर किया जाए ताकि किसी भी स्थिति में जनहानि न हो। साथ ही, पुलों की स्थिति पर नियमित निगरानी प्रणाली विकसित करने पर भी जोर दिया। सीएम धामी ने त्रियुगीनारायण सहित अन्य स्थलों को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य के पर्यटन और स्थानीय रोजगार को सशक्त करेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, सुविधा और सांस्कृतिक गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, अन्य राज्यों की वेडिंग पॉलिसी का अध्ययन कर उत्तराखंड के लिए एक प्रभावी नीति तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन विकसित करने की दिशा में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह प्रयास धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर — कारगिल विजय दिवस आज : शहीदों को दी जायेगी भावभीनी श्रद्धांजलि

# जांबाजों ने अपने बलिदान से ऊंचा किया देश का मस्तक

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस की 26वीं सालगिरह पर शनिवार को राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में मां भारती के जांबाज सपूतों को उनके उत्कृष्ट बलिदान के लिए याद किया जाएगा और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। तवारीख गवाह है कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना के जवानों ने अपने खून से न केवल जीत की इबारत लिखी थी बल्कि दुश्मनों दांत खट्टे करते हुए उनके कब्जे से कारगिल की इंच-इंच भूमि छुड़ा ली थी। अपनी वीरता और शहादत से भारत मां का मस्तक पूरी दुनिया में ऊंचा कर दिया था। देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वालों में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के भी कुछ जांबाज शामिल थे, जिन्होंने अपनी वीरता, साहस और परम बलिदान से लखनऊ ही नहीं, पूरे प्रदेश और देश की कीर्ति पताका दुनिया भर में फहरा दी थी।



परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय ,राइफलमैन सुनील जंग, मेजर रितेश शर्मा, लांसनायक केवलानंद द्विवेदी, कैप्टन आदित्य मिश्र, मेजर विवेक गुप्ता की वीरता और शहादत रोंगटे खड़ी कर देती है। उनके साहस पर सेना और देश को गर्व है। गौरतलब है कि मई 1999 में पाकिस्तानी फौज ने कश्मीर और लद्दाख के बीच कनेक्शन को काटने के लिए लाइन ऑफ कंट्रोल को पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया था और जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में हिमालय पर्वत की चोटियों पर कब्जा कर लिया था। इसकी खबर लगते ही भारतीय फौज ने तुरंत युद्ध की तैयारियां शुरू ...शेष पृष्ठ 14 पर

# रोगियों को एटीएम मशीन समझने लगे हैं निजी अस्पताल : हाईकोर्ट

जिला संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रोगियों के साथ एटीएम मशीन जैसा व्यवहार किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है और एक गर्भवती महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में शुरू की गई आपराधिक कार्रवाई के विरुद्ध चिकित्सक की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने कहा कि आजकल नर्सिंग होम और अस्पतालों में अपर्याप्त चिकित्सकों या बुनियादी ढांचे के बावजूद मरीजों को इलाज के लिए लुभाना आम बात हो गई है। अदालत ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं ने मरीजों से पैसे ऐंठने के लिए उन्हें गिनी पिग/एटीएम मशीन की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

❍ अदालत ने खारिज की चिकित्सक की याचिका

इसलिए, अदालत ने नर्सिंग होम के मालिक डॉ. अशोक कुमार राय की याचिका खारिज कर दी। आरोप है कि चिकित्सक ने एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए भर्ती किया और एनेस्थेटिस्ट (सुनाबेहोश करने वाले चिकित्सक) के नर्सिंग होम देर से पहुंचने की वजह से काफी देर तक ऑपरेशन नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई थी। चिकित्सक ने इस मामले में अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्यवाही को ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# योगी सरकार जिलों में ही उपलब्ध करा रही आईसीयू की सुविधा

## खत्म हुई बड़े महानगरों की दौड़,प्रदेश भर के 40 जिला अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाइयां (आईसीयू) सक्रिय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से गहन चिकित्सा के क्षेत्र में। योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में प्रदेश भर के 40 जिला अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) को सक्रिय किया गया है, जिससे लोगों के लिए विशेष चिकित्सा उपचार तक पहुंच में बड़ा सुधार हुआ है। सवा साल पहले शुरू हुई यह परिवर्तनकारी पहल 2,100 से अधिक गंभीर रूप से बीमार रोगियों को उनके अपने जिलों में समय पर और उचित उपचार प्राप्त करने में प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने डॉ. अंशुल जैन द्वारा संपादित एक बहुमूल्य संसाधन, 'क्रिटिकल केयर रिफ्रेशर मैनुअल' का आधिकारिक विमोचन किया। इस व्यापक पुस्तक में उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मेडिकल कॉलेजों के 36 प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए लेख शामिल हैं। यह मैनुअल विशेष रूप से एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका के रूप में तैयार किया गया है।

**डॉक्टर्स और नर्स को दिया गया आईसीयू प्रबंधन का प्रशिक्षण :** इस पहल से पहले, कई जिला अस्पतालों के सामने एक आम चुनौती मौजूदा आईसीयू सुविधाओं का कम उपयोग थी। हालांकि इन अस्पतालों में अक्सर आईसीयू का भौतिक ढांचा मौजूद होता था, लेकिन इन इकाइयों के प्रभावी संचालन और रखरखाव के लिए आवश्यक प्रशिक्षित विशेषज्ञों और पर्याप्त कुशल कर्मचारियों का अक्सर अभाव रहता था। इस कमी के कारण गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अक्सर बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था।

इस महत्वपूर्ण कमी को दूर करने के लिए योगी सरकार ने ज़िला अस्पतालों में डॉक्टरों व नर्स को प्रभावी आईसीयू प्रबंधन के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व महारानी लक्ष्मी बाई (एमएलबी) मेडिकल कॉलेज, झांसी के प्रोफेसर अंशुल जैन ने किया, जो क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। यह कार्यक्रम केयर-अप पहल के तहत कार्यान्वित किया गया था, जिसका अर्थ है आगामी आईसीयू पेशेवरों के लिए क्रिटिकल केयर एडवांसमेंट एंड रेडीनेस एन्हांसमेंट। इस सावधानी



पूर्वक डिजाइन किए गए कार्यक्रम ने प्रदेश के जिला अस्पतालों के डॉक्टरों, नर्सों और लैब टेक्नीशियनों सहित स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के विविध समूह को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया। पाठ्यक्रम में वेंटिलेटर प्रबंधन, रोगी निगरानी, संक्रमण नियंत्रण और आईसीयू देखभाल के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं सहित कई आवश्यक विषय शामिल थे।

वर्तमान में राजधानी लखनऊ के कई अस्पतालों में पूरी तरह से चालू और सक्रिय आईसीयू मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इनमें बलरामपुर अस्पताल, सिविल अस्पताल, रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल और राम सागर मिश्रा अस्पताल शामिल हैं, जो शहर के निवासियों को महत्वपूर्ण गहन देखभाल सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा बाराबंकी, अयोध्या, सीतापुर, उन्नाव, कानपुर नगर, वाराणसी, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, बलिया, आजमगढ़, मऊ, गोरखपुर और बस्ती के जिला अस्पतालों में भी आईसीयू प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं, जिससे गहन देखभाल सेवाओं की पहुंच व्यापक भौगोलिक क्षेत्र तक बढ़ रही है। पश्चिमी में इटावा, बांदा, चित्रकूट, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बुलंदशहर, कन्नौज, झांसी, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और शामली के जिला अस्पतालों में सक्रिय आईसीयू आवश्यक देखभाल प्रदान कर रहे हैं।

**लोकबंधु में एक माह में 150 मरीजों को मिला आईसीयू का इलाज :** प्रोफेसर जैन ने इस बात पर जोर दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम चक्रीय आधार पर जारी रहेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि राज्य भर के स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को गहन चिकित्सा संबंधी नवीनतम ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सकें। अंतिम लक्ष्य वर्ष के अंत तक सभी जिला अस्पतालों के आईसीयू को पूरी तरह से सक्रिय करना है, जिससे पूरे प्रदेश में व्यापक गहन चिकित्सा कवरेज सुनिश्चित हो सके। लोकबंधु अस्पताल के आईसीयू प्रभारी डॉ. दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि उनके 11 बेड वाले आईसीयू ने पिछले महीने ही 150 से ज्यादा मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कर्मचारी अब वेंटिलेटर और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में सक्षम हैं, जिससे वे गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान कर पा रहे हैं। सिविल अस्पताल के आईसीयू प्रभारी डा. अभिषेक सिंह ने भी इन विचारों को दोहराया और प्रशिक्षित कर्मचारियों के बेहतर कौशल और ज्ञान के परिणामस्वरूप बढ़ी हुई रोगी क्षमता पर प्रकाश डाला। इससे अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई हैए जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को समय पर और उचित देखभाल मिल सके।

**क्रिटिकल केयर यूनिट ने कम किया आर्थिक बोझ :** प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पताल के डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को वेंटीलेटर एवं अन्य आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के उपयोग में पारंगत करने के लिए प्रशिक्षण इस मंशा से कराया गया कि इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिले। यह मंशा अब कामयाब होती दिख रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम के कई जिला अस्पतालों में क्रिटिकल केयर यूनिट सक्रिय हैं और मरीजों को इसका लाभ स्थानीय तौर पर मिल रहा है जिससे उनपर वित्तीय बोझ भी कम हो रहा है।

# प्रदेश में शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बैनर तले पूरे प्रदेश में 25 जुलाई 2017 को समायोजन निरस्त किये जाने के संबध में शुक्रवार को काला दिवस के रूप में मनाया गया।

- अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा

इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर शिक्षामित्रों द्वारा एकत्रित होकर मृतक शिक्षामित्रों के लिए श्रद्धांजलि दी एवं सात सूत्री मांगो के क्रम में जिला अधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सोंपा गया। इसमें प्रमुख मांगों में वर्तमान में मंहगाई को दृष्टिगत रखते हुए नियमितीकरण से पूर्व अन्य राज्य (राजस्थान, उत्तराखण्ड, हरियाणा, बिहार) की भांति शिक्षा मित्रों को वेतन/मानदेय दिया जाये। मूल विद्यालय से वंचित शिक्षा मित्रों को मूल विद्यालय/उनकी ग्राम पंचायत के अन्य विद्यालय में समायोजित किये जाने एवं महिला शिक्षामित्रों को विवाहोपरान्त उनके ससुराल के विद्यालय में समायोजित किये जाने के शासनादेश का शीघ्र अनुपालन कराया जाये। शिक्षा मित्रों को ईपीएफ योजना में शामिल करते हुए लाभान्वित किया जाये। शिक्षा मित्रों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करते हुए मेडिकल सुविधा प्रदान किये जाने की घोषणा पर क्रियान्वयन किया जाये। मृतक शिक्षा मित्रों के परिवार को आर्थिक सहायता देते हुए परिवार के एक सदस्य को उसी पद पर नियुक्त किया जाये। सेवामुक्त हो रहे शिक्षा मित्रों को जीवाकोर्पाजन के लिए सरकारी सहायता प्रदान किया जाये।

# 5 स्नातक एवं 6 शिक्षक एमएलसी का 2026 में होगा चुनाव : रिणवा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में 8 सदस्य स्नातक निर्वाचन क्षेत्र तथा 8 सदस्य शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होते हैं।

5 स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों यथा लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी एवं

- प्रस्तावित निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के लिए अर्हता की तिथि 1 नवम्बर 25 होगी
- स्नातक एवं शिक्षक दोनों निर्वाचन के लिए उनका मतदेय स्थल एक ही स्थान पर रहे

इलाहाबाद-झांसी तथा 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों यथा लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद से निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल 7 दिसम्बर 26 को समाप्त हो रहा है। इन 5 स्नातक एवं 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का निर्वाचन वर्ष 2026 में सम्पन्न होना है। विधिक प्राविधानों के अनुसार जिस वर्ष स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का निर्वाचन होना होता है उन निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली उस वर्ष से एक वर्ष पूर्व नये सिरे से तैयार करायी जाती है। अतः उपर्युक्त निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली की पुनरीक्षण की प्रक्रिया वर्ष 2025 में ही प्रारम्भ होगी। वर्ष 2025 में प्रस्तावित निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के लिए अर्हता की तारीख 1 नवम्बर 25 होगी। सामान्यतया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुनरीक्षण से संबंधित निर्देश जुलाई-अगस्त माह में भेजा जाता है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए आवेदक को अर्हता तिथि से कम से कम 3 वर्ष पूर्व या तो भारत के किसी विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए या ऐसी अर्हता धारित करता है जो भारत में किसी विश्वविद्यालय के स्नातक के समतुल्य हो। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए आवेदक को अर्हता तिथि से तत्काल पहले राज्य के ऐसे शैक्षणिक संस्थानों में जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो, में विगत 6 वर्षों के भीतर शिक्षण कार्य में न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि से कार्यरत हो।

स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की जा रही है। उक्त पोर्टल पर आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी एवं इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क्रमशः मंडलायुक्त, लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी एवं झांसी तथा लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कमशः मंडलायुक्त, लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसीए बरेली एवं गोरखपुर हैं। किसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, उस निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हैं। इसके अतिरिक्त किसी स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त विधान सभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उस स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होते हैं। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियां मतदेय स्थल वार तैयार करायी जाती हैं परन्तु मतदेय स्थलों के प्रस्ताव का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के पश्चात किया जाता है। इस कारण यह परम्परा रही है कि गत निर्वाचनों में जहां मतदेय स्थल स्थापित किया गया होता है सामान्यतया उन्हीं मतदेय स्थलों का चयन वर्तमान पुनरीक्षण के दौरान भी कर लिया जाता है इसका परिणाम यह होता है कि जहां नये मतदेय स्थल बनाया जाना आवश्यक है वहां भी नये मतदेय स्थल स्थापित किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा द्वारा बताया गया कि मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए मतदाताओं की संख्या, आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल आदि, दूर, सरकारी भवनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए राजनैतिक दलों से विचार-विमर्श कर पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ होने के पूर्व मतदेय स्थलों का चयन कराये जाने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

## गौमूत्र से होगा बहुमूल्य उत्पादों का निर्माण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत आज वृहद गो संरक्षण केन्द्र, तेज कृष्ण खेड़ा, काकोरी में चयनित किसानों को गोवंश गोद दिये गए। इस अवसर पर 31 गोवंशों को कुपोषण से प्रभावित निर्धन किसानों एवं परिवारों को सुपुर्द किया गया, जिससे उन्हें पोषण, आय एवं प्राकृतिक कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। यह योजना न केवल गोवंश संरक्षण का सशक्त माध्यम है, बल्कि इससे ग्रामीण किसानों को गोपालन आधारित आजीविका को बढ़ावा मिलता है। गोद देने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्त अध्यक्ष उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग थे। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ पी.एस. ओझा, निदेशक, प्रवृद्ध फाउंडेशन उपस्थित भी रहे।

# अपर निदेशक सूचना अरविन्द कुमार मिश्र ने ग्रहण किया कार्यभार



लखनऊ। नवनियुक्त अपर निदेशक, सूचना अरविन्द कुमार मिश्र (आईएएस) ने शुक्रवार को सूचना निदेशालय, लखनऊ में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मिश्र इससे पूर्व फर्रूखाबाद जनपद में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने मुजफ्फरनगर में अपर जिला मजिस्ट्रेट के पद सहित विभिन्न जनपदों में शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया है।

# सपा ने मनाया फूलन देवी का शहादत दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्व सांसद फूलन देवी का शहादत दिवस शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रत्येक जिले में सादगी से मनाया गया। जिलों-जिलों में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष को याद किया।



लखनऊ में प्रदेश मुख्यालय पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि फूलन देवी अन्याय, अत्याचार के कारण बागी बनी और नेताजी ने फूलन देवी को सांसद बनाकर उन्हें पहचान दी। फूलन देवी का इतिहास क्रांतिकारी रहा है। वे कभी अन्याय, अत्याचार के सामने नहीं झुकी। फूलन देवी मिजार्पुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो बार सपा के टिकट पर सांसद निर्वाचित हुई। नेताजी मुलायम सिंह यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में उन पर लगे सभी आरोप वापस लेकर उनकी रिहाई कराई थी। पिछड़ी जाति की फूलन देवी सामाजिक जीवन में अपमानित होने के कारण ही बागी बनी थी। इस कार्यक्रम में डॉ. मधु गुप्ता पूर्व एमएलसी, मीरा वर्धन पूर्व मेयर प्रत्याशी, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, डॉ. राजपाल कश्यप पूर्व एमएलसी, जूही सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, मनोज यादव प्रवक्ता, हरिश्चन्द्र यादव, इंदल यादव, केके श्रीवास्तव, राम लोटन निषाद, डॉ. हरिश्चन्द सिंह आदि ने भी वीरांगना फूलन देवी को श्रद्धांजलि दी।

## 28 जुलाई से अगले 20 दिनों तक चलेगा ट्रेजर हंट कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) द्वारा आगामी 28 जुलाई से स्कूली छात्रों के लिए एक मनोरंजक और शैक्षिक ट्रेजर हंट कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहा है। यह आयोजन 20 दिनों तक चलेगा, जिसमें लखनऊ व आसपास के केन्द्रीय विद्यालय की 10 शाखाओं के छात्र भाग लेंगे। इसकी शुरूआत केंद्रीय विद्यालय एसजीपीजीआई शाखा से की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति, जैव विविधिता और पर्यटन के प्रति जागरूक करना और खेल के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ट्रेजर हंट कार्यक्रम के तहत छात्र राजधानी के गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क का भ्रमण करेंगे।

# भाजपा सरकार शिक्षा पर हमला कर रही है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शिक्षा पर हमला कर रही है। बुनियादी और प्राइमरी शिक्षा को बर्बाद कर रही है। गरीबों को शिक्षा से दूर कर षड्यंत्र कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम लोग कहते थे कि संविधान खतरे में है। भाजपा

- सपा अध्यक्ष ने एक दिवसीय कन्नौज दौरे के दौरान भाजपा पर साधा निशाना
- कहा, पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों की पढ़ाई कराने का काम करेंगे

सरकार स्कूलों को बंद कर संविधान को कमजोर कर रही है। संविधान के तहत ही शिक्षा का अधिकार का कानून है। भाजपा स्कूलों को बंद कर संविधान और कानून से मिले शिक्षा के अधिकार को छीन रही है। जब स्कूल और शैक्षिक संस्थान बंद हो जायेंगे तो गरीब और पीडीए परिवार के बच्चे कहां पढ़ने जायेंगे। कन्नौज के एक दिवसीय दौरे के दौरान शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी साथी बंद होने वाले स्कूलों के गांव में टीम बनाएं। पढ़े-लिखे नौजवानों और पार्टी के समर्थकों या रिटायर्ड शिक्षकों से मेरा निवेदन है कि वे पीडीए पाठशाला बनाकर बच्चों को पढ़ाने और उनका भविष्य सुधारने का काम करें। उन्होंने कहा कि हम लोग बच्चों की पढ़ाई रूकने नहीं देंगे। पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों की पढ़ाई कराने का काम करेंगे। अगर स्कूल बंद होते हैं तो समाजवादी लोग गांव-गांव जाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे। समाजवादी सरकार बनेगी तो स्कूल पुनः और अच्छे खोले जाएंगे।



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नौ साल में कन्नौज का विकास नहीं होने दिया। मैं कन्नौज के लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि आने वाले समय में सरकार बनते ही कन्नौज का ऐतिहासिक विकास करेंगे। समाजवादी सरकार ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज बनाया। सभी गंभीर बीमारियों के इलाज की व्यवस्था की थी लेकिन भाजपा सरकार ने सब काम रोक दिया। कन्नौज में काऊ मिल्क प्लांट बंद कर दिया। परफ्यूम पार्क बंद कर दिया। मंडी की व्यवस्था खराब कर दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी की सुनवाई नहीं है। खुद भाजपा के लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। डिप्टी सीएम डपटे जा रहे है। सोचने वाली बात है कि सरकार में बैठे लोग अपने विभाग में ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा घबराई हुई है इसीलिए एसआईआर करवा रहे हैं। वोटर लिस्ट का रिवीजन करा रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार बिहार की पूरी आठ करोड़ वोटर की लिस्ट दोबारा बन रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव बायकाट नहीं करना है। हम लोग मिलकर भाजपा को हराएंगे। भाजपा अगले चुनावों में लाखों वोटों से हारेगी। भाजपा सरकार ने आरक्षण को लेकर नया शब्द एनएफएस (नॉट फाउण्ड सूटेबल) निकाला है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा डेमोक्रेसी, सेकुलरिज्म, सोशलिज्म के लिए एनएफएस है। भाजपा लोकतंत्र के लिए सूटेबल नहीं है।

# महिला श्रम भागीदारी दर 14 से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंची

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में महिला आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा बदलाव सामने आया है। हाल ही में जारी सूचकांक की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में महिला श्रम भागीदारी दर 2017-18 के 14 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 36 प्रतिशत तक पहुंच

- दिखने लगा सीएम योगी की योजनाओं का असर, यूपी में महिलाएं हुई ज्यादा कामकाजी

गई है, यानी महिलाओं की भागीदारी दर में 22 अंकों की वृद्धि। यह परिवर्तन न केवल आंकड़ों में, बल्कि सामाजिक ढांचे और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को लेकर भी एक ऐतिहासिक बदलाव की ओर इशारा करता है।

महिला आर्थिक सशक्तीकरण सूचकांक केवल आंकड़ों नहीं है, बल्कि यह उस परिवर्तनशील सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य का आईना है जिसमें उत्तर प्रदेश की महिलाएं अब पीछे नहीं, बल्कि आगे खड़ी हैं। यह सिर्फ 'आधी आबादी' की बात नहीं है, यह उस नई शक्ति की बात है जो अब राज्य की अर्थव्यवस्था, समाज और भविष्य को नया आकार देने में जुटी है। योगी सरकार की योजनाएं और नीतियां अब महिला सशक्तीकरण के एक सशक्त मॉडल के रूप में उभर रही हैं, जिसे अन्य राज्य भी प्रेरणा के रूप में देख सकते हैं। 2017-18 में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कमान संभाली थीए तब महिला श्रमशक्ति की भागीदारी राष्ट्रीय औसत से भी काफी नीचे थी।

लेकिन बीते सात वर्षों में राज्य सरकार ने महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और उत्पादक कार्य वातावरण देने की दिशा में निरंतर पहल की। महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति से लेकर सरकारी नौकरियों में महिलाओं की विशेष भागीदारी, रात की शिफ्ट में काम करने की अनुमति से लेकर



औद्योगिक इकाइयों में अवसरों की वृद्धि तक, सभी नीतिगत निर्णयों में महिलाओं को केंद्र में रखा गया। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023-24 में जहां भारत की महिला श्रम भागीदारी दर 45 प्रतिशत है, वहीं उत्तर प्रदेश की दर 36 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा भले ही देश की तुलना में थोड़ा कम हो, लेकिन 2017-18 में यूपी की भागीदारी दर मात्र 14 प्रतिशत थी, जो भारत के 25 प्रतिशत के औसत से काफी नीचे थी। इस लिहाज से देखा जाए तो उत्तर प्रदेश ने इन सात वर्षों में एक लंबी छलांग लगाई है और इस अंतर को पाटने में राज्य ने अनुकरणीय प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं, वहीं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने महिला स्वावलंबन को जमीनी हकीकत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों की दिशा में योगी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। महिलाओं को खतरनाक श्रेणी के 29 प्रकार के कारखानों में काम करने की अनुमति देना एक बड़ा कदम है। इससे पहले देशभर में इन 29 श्रेणियों में महिलाओं को काम करने पर प्रतिबंध था। शुरूआत में केवल 12 श्रेणियों में शर्तों के साथ छूट दी गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 16 किया गया। लेकिन योगी सरकार ने इस बंदिश को पूरी तरह खत्म करते हुए सभी 29 श्रेणियों में महिलाओं को नियोजित किए जाने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति कुछ विशेष शर्तों और सुरक्षा मानकों के अधीन दी गई है। यानी महिला श्रमिकों की स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा का पूरी तरह ध्यान रखा जाएगा। कारखानों को निर्धारित सेफ्टी गाइडलाइंस का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। इसके अलावा, योगी सरकार ने रात्रिकालीन पाली में महिलाओं को कार्य की अनुमति देकर एक और साहसिक पहल की है।

# निष्पक्ष व सुचारू कराये लोक सेवा आयोग की परीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 27 जुलाई को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी /सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 को शीर्ष प्राथमिकता पर सुचारु, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से आयोजित कराने के कड़े निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी पूरी परीक्षा प्रक्रिया और सभी आवश्यक व्यस्थायें अपनी व्यक्तिगत

मुख्य सचिव शुक्रवार को सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में चल रहे विकास कार्यों तथा कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उचित प्रबंध किए जाएं। केंद्रों पर बायोमीट्रिक सत्यापन और फ्रीस्किंग का कार्य तेजी से पूरा किया जाए ताकि परीक्षा केन्द्रों पर लंबी कतारे न लगे। बारिश की स्थिति में अभ्यर्थियों भीगे न इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाएं पहले से कर ली जायें। अंतिम समय में केंद्र व्यवस्थापक को बदलने की अनुमति किसी को न दी जाये। उन्होंने

- रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के लंबित प्रकरणों का कराया जाये त्वरित निस्तारण
- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

समय पर सही प्रश्नपत्र की निकासी पर विशेष जोर दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कोषागार में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) स्तर की ड्यूटी लगा दी जाये। यह भी कहा कि गोपनीय पैकेट किसी भी दशा में कन्ट्रोल रूम या परीक्षा कक्ष के अन्यत्र न खोला जाये। अप्रयुक्त प्रश्नपत्रों की कक्ष में ही सीलिंग हो, किसी भी दशा में प्रश्नपत्र परीक्षा समाप्ति के पूर्व सम्बन्धित कक्ष के बाहर न जाये। रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के संबंध में उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जिला संचालन समिति की बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया है कि पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से सहायता प्रदान की जाए। जिलाधिकारी नोडल पुलिस अधिकारियों और चिकित्सा अधिकारियों के स्तर पर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करवाएं। सीएम मॉडल स्कूल के लिए जिन जनपदों द्वारा अभी तक साइट का चिन्हांकन नहीं किया है या बेसिक शिक्षा विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराया है, वह बिना किसी देरी के प्रस्ताव संबंधित विभाग को उपलब्ध करा दे।





फोटो-अमित वर्मा



# मूसलधार बारिश से पेड़ व खम्भे गिरे, सड़कों पर जलभराव

## गोमती नगर में पेड़, विभूति खंड में साइबर टावर का एक हिस्सा ढहा, सड़कें बनीं तालाब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में सप्ताह भर बाद जोरदार बारिश ने भीषण गर्मी से राहत दी मगर एक बार फिर आफत भी लेकर आयी। कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे राजधानी वासियों को शाम करीब 4 बजे गर्मी से राहत मिली। काले बादल छा गए। दिन में अंधेरा हो गया। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली और मूसलधार बारिश शुरू हुई। इससे शहर में कई इलाकों में पेड़ व बिजली के खम्भे गिर गए। विभूति खंड इलाके साइबर टावर का छज्जा गिरने से युवक की मौत हो गई। लखनऊ और पास के जिलों को काले बादलों ने घेरा और जमकर पानी बरसा। बादल इतने काले और घने थे कि सड़क पर वाहनों को हेडलाइट जलानी पड़ी। शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश ने शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया। एक हफ्ते के सूखे के बाद आए मानसूनी बादलों ने भारी तबाही मचाई। तेज बारिश और 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं के चलते विभूति खंड स्थित साइबर टावर का छज्जा गिर गया, जिसमें 23 वर्षीय युवक रवि कुमार वर्मा की मौत हो गई। गोमती नगर में एक स्कूल के पास विशाल पेड़ गिरने से ट्रैफिक डायवर्जन करना पड़ा। बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव और भारी जाम की स्थिति बनी रही। एयरफोर्स स्टेशन रोड और गोमती नगर के कई हिस्सों में जलभराव की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आलमबाग क्षेत्र स्थित ताल कटोरा रोड पर आंधी पानी से पेड़ गिर गया। कृष्णा



नगर में फिनिक्स मॉल के पास लगभग एक घंटे की बारिश में रोड पर पानी भर गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने जल निकासी की व्यवस्था में सुधार की मांग की है। शंकर पुरवा में भारी जलभराव की स्थिति बनी रही।

अंबेडकर स्मारक और ताज होटल अंडरपास के नीचे भी थोड़ी देर के लिए पानी भर गया, जिससे आवाजाही में दिक्कतें आईं। हालांकि, कुछ ही देर में पानी की निकासी हो गई और हालात सामान्य हो गए। सीएमओ आफिस में पानी ही पानी नजर आया। तीन मंजिला ऑफिस की सीढ़ियों पर पानी गिर रहा था। पार्क रोड सिविल अस्पताल से कालिदास मार्ग जाने वाली सड़क पर भरा पानी। यहां पर कुछ दिन पूर्व सीवर का काम हुआ था। कई इलाकों में सीवर उफनाने से पूरी सड़क पर सीवेज का गंदा पानी भर गया। इससे आने जाने वालों को समस्या का सामना करना पड़ा।

### 45 स्थानों पर पेड़ और डालियां गिरने से यातायात बाधित

■ करीब 45 स्थानों पर पेड़ और डालियां गिरने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ। कई जगहों पर पेड़ ट्रांसफार्मर और खड़ी गाड़ियों पर आ गिरे। इससे आधे शहर की बिजली गुल हो गई। गनीमत रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू होते ही राजधानी के कई इलाकों से पेड़ गिरने की सूचनाएं आने लगीं। जोन आठ के राजाजीपुरम क्षेत्र में ही सात जगहों पर पेड़ गिरे। एक स्थान पर खड़ी कार पर भारी पेड़ गिरा, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

वहीं, अंबेडकर स्मारक से शहर की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी पेड़ गिरने से सड़क पूरी तरह बंद हो गई और घंटों लंबा जाम लगा रहा। टेढ़ी पुलिया चौराहे के पास भी एक बड़ा पेड़ गिरा जो पास की झोपड़ियों पर जा गिरा, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। उदयगंज-हुसैनगंज में गिरे विशालकाय पेड़ से दोनों ओर का मुख्य मार्ग पूरी तरह जाम हो गया और लोग घंटों परेशान रहे। मिस्त्रपुर में पेड़ गिरने से बाइक सवार इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचा। ऐशबाग के मालवीय नगर में एक कार के ऊपर पेड़ गिरा लेकिन सौभाग्य से कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। पेड़ की वजह से हुसैनगंज में काफी देर तक जाम लगा रहा।

### पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित

गोमती नगर क्षेत्र में फीडर के पास ही पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। वहीं, गोमती नगर और अलीगंज में 14 से ज्यादा स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली। आशियाना, एलडीए कॉलोनी और कैंट क्षेत्र में भी कई जगहों पर पेड़ों के गिरने से यातायात बाधित हुआ। नगर निगम के उपनिदेशक (उद्यान) गंगाराम गौतम ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल टीमों को मौके पर भेजा गया। पेड़ों को काटकर हटाने का काम देर शाम तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी व्यक्ति के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है।





### पूर्वी यूपी में मानसून सक्रिय, कल मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट

**लखनऊ।** पिछले तीन-चार दिनों से तेज धूप की वजह से दिन और रात के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हुई है। इसके बाद शुक्रवार शाम को मौसम बदल गया। लखनऊ और पास के जिलों को काले बादलों ने घेरा और जमकर पानी बरसा। बादल इतने काले और घने थे कि सड़क पर वाहनों को हेडलाइट जलानी पड़ी। मौसम विभाग ने शनिवार से अगले चार-पांच दिनों तक लखनऊ समेत पूर्वी और पश्चिमी यूपी के 50 जिलों में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बारिश का असर पूर्वी यूपी से शुरू होगा और शुक्रवार देर शाम से शनिवार इसका असर लखनऊ समेत मध्य यूपी तक दिखेगा। अगले चार दिनों तक रुक-रुककर बरसात होती रहेगी। राजधानी में भी इस दौरान अच्छी बारिश होने की संभावना है। लखनऊ के साथ अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, बहराइच, श्रावस्ती, उन्नाव और आसपास के इलाकों में बादलों की आवाजाही के साथ मध्यम से भारी बरसात के आसार बन रहे हैं। वहीं, पूर्वी यूपी की बात करें तो प्रयागराज, कौशांबी, विंध्य क्षेत्र, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया के आसपास जिलों में बादल जमकर बरसेंगे।

# एलडीए बनायेगा ईको फ्रेंडली अपार्टमेंट

## गोमती नगर, ऐशबाग व बसन्तकुंज योजना में डिमांड सर्वे के आधार पर बनेंगे फ्लैट

**लखनऊ।** एलडीए अपने नये बनने वाले अपार्टमेंट्स के लुक, ड्राइंग व डिजाइन में बदलाव करेगा, जिससे ये अपार्टमेंट ईको फ्रेंडली होंगे। इसके तहत फ्लैटों में किचन, वॉशरूम व बालकनी का एरिया बढ़ाया जाएगा। स्ट्रक्चर को इस तरह डिजाइन किया जाएगा, जिससे क्रॉस वेन्टीलेशन अधिक हो और हर समय एयर कंडीशन चलाने की जरूरत न पड़े। परिसर में ग्रीन एरिया बढ़ाया व सुव्यवस्थित किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को पारिजात सभागार में बैठक करके एलडीए की प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही इसे नागरिकों के लिए और अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिये। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रेजेन्टेशन देते हुए बताया कि गोमती नगर के विराज खण्ड में लगभग 4.5 एकड़, गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में राप्ति अपार्टमेंट के पास लगभग 3.5 एकड़, ऐशबाग में मिल रोड पर लगभग 4.63 एकड़ और बसंतकुंज के सेक्टर-जे में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने लगभग 3.7 एकड़ भूमि पर अपार्टमेंट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए ऑनलाइन डिमाण्ड सर्वे कराया जा रहा है, जोकि 31 जुलाई, 2025 तक चलेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि बहुमंजिला आवासीय भवनों के लिए प्रस्तावित चारों स्थान शहर की मुख्य धारा से जुड़े हुए हैं। जहां बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, शैक्षिक संस्थान, स्वास्थ्य सुविधाएं और सार्वजनिक परिवहन सुलभ हैं। यहां अपार्टमेंट के निर्माण से पहले कई निजी डेवलपर्स के प्रोजेक्ट का अध्ययन करके विश्वस्तरीय संरचना का खाका तैयार किया गया है। इसके मुताबिक 2बीएचके (स्टडी) व 3बीएचके (सर्वेंट रूम) वाले अधिक फ्लैट बनाये जाएंगे। जिनमें आधुनिक जीवन शैली के लिहाज से किचन, वॉशरूम व बालकनी का एरिया ज्यादा होगा। बिल्डिंग की डिजाइन व ड्राइंग ऐसी होगी, जिससे क्रॉस वेन्टीलेशन अधिक हो।

### निजी से कम होगी फ्लैटों की कीमत

सोसाइटी में जिम, स्वीमिंग पूल, योगा सेंटर, क्लब हाउस, ग्रीन एरिया, बच्चों के लिए प्ले-एरिया, पार्किंग, लिफ्ट, जल संरक्षण समेत अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि नयी योजनाओं में ग्रीन एरिया को और अधिक बढ़ावा दिया जाए। इसके अलावा अपार्टमेंट्स के लिए प्रस्तावित स्थानों के आसपास निजी डेवलपर्स की ओर से निर्मित किये गये फ्लैटों की तुलना में एलडीए के नये बनने वाले फ्लैटों की कीमत कम रखी जाए।

**आगरा एक्सप्रेस-वे पर वरूण विहार व सीतापुर रोड पर नैमिष नगर का साइट प्लान तैयार :** मण्डलायुक्त ने आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित वरूण विहार व सीतापुर रोड पर प्रस्तावित नैमिष नगर के साइट प्लान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दोनों योजनाओं की कनेक्टिविटी बेहतरीन है। इसलिए यहां लॉजिस्टिक, इंडस्ट्रियल, व्यावसायिक क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए योजना तैयार की जाए, जिससे कि लोगों को योजना में ही आवास व रोजगार एक साथ मिल सके। बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अभियंता, आर्किटेक्ट व कंसलटेंट उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक भवन स्वामियों को हाउस टैक्स पर 5% की छूट 31 अगस्त तक

**लखनऊ।** नगर निगम ने शहर के व्यावसायिक करदाताओं को राहत देते हुए हाउस टैक्स के भुगतान पर 5 प्रतिशत की विशेष छूट देने की घोषणा की है। स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ को देशभर में तीसरा स्थान मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि मिलने पर यह घोषणा की है। यह छूट 25 जुलाई 2025 से 31 अगस्त 2025 तक लागू रहेगी और उन सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को दी जाएगी जो इस अवधि में अपना लंबित कर भुगतान करेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि लखनऊ को स्वच्छता में तीसरा स्थान दिलाने में व्यापारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सफाई अभियान, जागरूकता रैलियों और निगम के विभिन्न अभियानों में व्यापारिक संगठनों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### स्वच्छता में तीसरा स्थान मिलने पर नगर निगम ने निकाली तिरंगा यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वच्छ सर्वेक्षण में देशभर में तीसरा स्थान मिलने पर शुक्रवार को नगर निगम ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इसका नेतृत्व महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। आयोजन का उद्देश्य लखनऊ की जनता का स्वच्छता अभियान में योगदान के लिए आभार प्रकट करना था। यह तिरंगा यात्रा सुबह सात बजे नगर निगम मुख्यालय से आरंभ हुई और मेफेयर चौराहा, हजरतगंज चौराहा होते हुए भाजपा मुख्यालय से वापस नगर निगम परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान महापौर ने हजरतगंज चौराहे पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वच्छता, एकता और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। महापौर ने कहा कि यह उपलब्धि लखनऊ के हर नागरिक, सफाई मित्र और नगर निगम के हर कर्मचारी की है। सभी ने मिलकर लखनऊ को स्वच्छता की दिशा में एक आदर्श शहर बनाया है। यात्रा में नगर निगम के पार्षदगण, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह एवं विनय कुमार राय सहित तमाम अधिकारी शामिल थे।

### लखनऊ में बनेगी आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए स्वदेशी फैब-लाइन

**लखनऊ।** राजधानी में भारत की पहली स्वदेशी इन्फ्रारेड (आईआर) डिटेक्टर फैब-लाइन स्थापित होगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। इस परियोजना पर लगभग 2000 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इससे लगभग 650 नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट ने इस परियोजना के लिए एक रुपये प्रति वर्ष की टोकन लीज पर 25 एकड़ भूमि आईआरडीई को आवंटित करने की मंजूरी दी है। लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि यह परियोजना रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के तहत एक प्रमुख प्रयोगशाला, यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई), देहरादून की ओर से कार्यान्वित की जाएगी।

# यूपी रेरा ने 5700 मामलों में 1410 करोड़ रुपये की वसूली की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रेरा ने आवंटियों की शिकायतों पर पारित अपने आदेशों के बदले जारी वसूली प्रमाण-पत्रों के विरुद्ध आवंटियों को देय धनराशि की वसूली के लिए प्रयास और तेज कर दिए हैं। अगस्त, 2023 से वसूली की गति कई गुना बढ़ गई है। यूपी रेरा ने 5700 मामलों में 1410 करोड़ रुपये की वसूली सुनिश्चित की है। इसमें से अगस्त, 2023 से 15 जुलाई, 2025 के बीच 3053 मामलों में 861 करोड़ रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है। यह अब तक वसूल की गई कुल राशि का लगभग 61 प्रतिशत है। वसूली की रफ्तार लगातार बढ़ रही है, जैसा कि वर्ष 2023 में 380 करोड़ रुपये, वर्ष 2024 में 463 करोड़ रुपये और वर्ष 2025 में अब तक 251 करोड़ रुपये की वसूली से स्पष्ट है। वर्ष 2024 में इसी अवधि में 244 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी।

संबंधित जिलाधिकारियों के माध्यम से प्रत्यक्ष वसूली के अलावा, लगभग 1650 वसूली प्रमाण पत्रों का प्रमोटरों और आवंटियों के बीच पारस्परिक समाधान के जरिए निपटारा किया गया है। यू.पी. रेरा ने निष्पादन कार्यवाही के दौरान या लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में स्थापित अपने कन्सिलिएशन फोरम के माध्यम से रिफंड और मकानों के कब्जे, दोनों से संबंधित 3320 करोड़ रुपये के अनुमानित मूल्य वाले 8500 अन्य मामलों का भी निपटारा सुनिश्चित किया है। कुल मिलाकर 15850 शिकायतकर्ताओं के 5180 करोड़ रुपये की राशि के दावों का या तो वसूली के माध्यम से या प्रमोटरों और आवंटियों के बीच समझौते के माध्यम से या रेरा बेंचों के समक्ष प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान पक्षों के बीच समझौते के माध्यम से या कन्सिलिएशन फोरम के समक्ष सुलह के माध्यम से निपटान किया गया है।

● **आपसी समझौते से 1650 वसूली प्रमाण पत्रों के विरुद्ध 500 करोड़ रुपये वसूले**

### लाइट हाउस प्रोजेक्ट में काम अधूरे, अफसरों को हिदायत

**लखनऊ।** निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक सूडा ने कहा कि प्रोजेक्ट में जो भी काम अभी तक पूर्ण नहीं हो पाएं हैं, उनको त्वरित गति से पूरा कर लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनके आवासों पर कब्जा दिलाया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत अवध विहार योजना में लाइट हाउस प्रोजेक्ट निर्मित है। नवीनतम तकनीकी स्टे-इन प्लेस-फायरवर्क्स सिस्टम विद-पीईबी स्ट्रक्चर पर आधारित एलएचपी के निर्माण की जिम्मेदारी जैम सस्टेनबल हाउसिंग एल.एल.पी को दी गई थी। एलएचपी में कुल 1040 फ्लैटों का निर्माण किया गया है। लेकिन कतिपय कारणों के चलते एलएचपी का निर्माण करने वाली कंपनी जैम सस्टेनबल हाउसिंग एल.एल.पी की ओर से अभी भी कुछ फ्लैटों की फिनिशिंग का कार्य पूरा नहीं किया गया था, जिससे आवंटियों को उनके घरों का कब्जा नहीं मिल पा रहा था। इसके साथ ही आवंटियों ने लिफ्ट से संबंधित समस्याओं की शिकायत भी की थी।

### हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर आपके सुर बनेंगे आपकी पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार को ओपन माइक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मेट्रो यात्रियों ने स्वेच्छा से मंच पर आकर अपने सुरों का जादू बिखेरा। खास बात यह रही कि संगीतमय संध्या में श्रोताओं को लोकप्रिय गायक अरिजीत सिंह के गीतों की प्रस्तुति सुनने को मिली, जिससे पूरा स्टेशन सुरमयी माहौल में डूब गया। यूपीएमआरसी न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ एवं विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उनकी यात्रा को रचनात्मक और यादगार बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत भी है। अपनी प्रतिभा दिखाएं नामक पहल इसी दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिसके माध्यम से यात्रियों को अपनी कलात्मक क्षमताओं को मंच देने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस पहल के अंतर्गत अब से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर हर महीने दो बार ओपन माइक संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का अगला संस्करण प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार को समर्पित होगा, जिसमें यात्री उनके सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दे सकेंगे। इस अवसर पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा लखनऊ मेट्रो यात्रियों के लिए न केवल एक यात्रा का माध्यम है, बल्कि यह उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक अनुभव जोड़ने का माध्यम भी बन चुकी है। 'शो योर टैलेंट' के तहत मेट्रो न केवल गंतव्य तक पहुंचाने का साधन बनेगी, बल्कि एक ऐसा मंच भी है जहां लोग अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानें और साझा करें।

● **शो योर टैलेंट पहल के तहत यात्रियों ने बांधा समां**

### बसंतकुंज में बिना कब्जा हटाये एलडीए टीम हुई वापस

**लखनऊ।** बसंतकुंज योजना के सेक्टर एक में अधिग्रहित जमीन से कब्जे हटाकर सड़क बनाने के लिए पहुंची एलडीए की टीम को एक बार फिर विरोध का सामना करना पड़ा। अब दो दिन बाद एलडीए की टीम फिर मौके पर जाएगी। अवैध कब्जों के चलते योजना में आवंटित किए गए 272 प्लाटों का कब्जा एलडीए नहीं दे सका है। बसंतकुंज योजना का सेक्टर एक में छंदुइय्या गांव की जमीन आती है। यहीं पर एलडीए ने दो साल पहले 272 प्लाट लॉटरी के जरिए आवंटित किए और उनका पैसा भी आवंटियां से ले चुका है लेकिन रजिस्ट्री और कब्जा नहीं दे सका है। जिसको लेकर आवंटी लगातार मांग भी कर रहे हैं। एलडीए की टीम करीब दो महीना पहले कब्जे हटाने गई थी मगर विरोध के चलते लौट आई थी। उस दौरान किसानों की मांग पर गांव के बाहरी इलाके में चारों ओर सड़क बनाने का वादा एलडीए ने किया था।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ०प्र०)। टोल-फ्री : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्रीमती शान्ती द्विवेदी | भूखण्ड सं०- A-1/9 सेक्टर- आई | जानकीपुरम | 06.10.2024 | 1. श्री विजय कुमार (पुत्र)<br>2. श्री राजीव राजन द्विवेदी (पुत्र)<br>3. श्री अजय द्विवेदी (पुत्र) | - | पुत्रगण |
| 2. | स्व० गनेश प्रसाद त्रिपाठी | भवन सं० एल-4/370 | विवेक खण्ड गोमती नगर योजना | 04.03.2003 | श्रीमती प्रेमलता त्रिपाठी<br>श्री जयेश पान्डेय | -<br>- | पुत्री<br>नाती |
| 3. | श्रीमती सुनीता मिश्रा | भवन सं०- MLIG-4/177 सेक्टर- एच | जानकीपुरम | 04.05.2000 | 1. श्री राहुल यादव (पुत्र)<br>2. श्री रंजीत प्रताप द्विवेदी (पुत्र)<br>3. सुश्री ज्योति यादव (पुत्री) | श्री जय प्रकाश यादव-पिता | पुत्र/पुत्रीगण |
| 4. | श्री सपन कुमार बरूआ | भखण्ड सं०- के-297 | सेक्टर-के आशियाना कानपुर रोड योजना | 22.11.2017 | 1. श्रीमती रूमा बरूआ<br>2. श्री सुमित बरूआ<br>3. श्री सुजीत बरूआ | -<br>-<br>- | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र |
| 5. | श्री कमल कुमार श्रीवास्तव | भूखण्ड सं०- 7/323 सेक्टर-7 | जानकीपुरम विस्तान योजना लखनऊ | 23.04.2016 | 1. श्रीमती पीरू श्रीवास्तव (पत्नी) | 1. श्री शशांक श्रीवास्तव (पुत्र)<br>2. कु० प्रियांशी श्रीवास्तव (पुत्री) | पत्नी |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# व्यापारी ने बिजनेस में घाटा होने पर लगायी फांसी

## मरने से पहले बनाया वीडियो, कहा- बिजनेस में घाटा होने के कारण लगा रहा हूं मौत को गले




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शुक्रवार सुबह एक व्यापारी ने छत के ऊपर टीन शेड के नीचे लगी बल्ली रस्सी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने बताया कि व्यापारी बिजनेस न चलने से परेशान था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक सुशान्त गोल्फ सिटी के सरसवां गांव निवासी मृतक राजू श्रीवास्तव (42) अमीनाबाद इलाके में पर्स, बेल्ट आदि का होल सेल की दुकान चलाते है। बिजनेस में घाटा आने के कारण उसने शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे उठकर छत पर जाकर वीडियो एक वीडियो बनाया जिसे अपने दोस्तों को भेजने के बाद बल्ली से रस्सी बांधकर लटक गया। सुबह जब उसकी पत्नी दामिनी करीब 7 बजे सो कर उठी तो पति को विस्तर पर नही देखा तो खोजबीन शुरू की। मेन गेट का दरवाजा अंदर से बंद था। पत्नी ने कब छत पर जाकर देखा तो उन्हें लटका पाया। पत्नी की चीख सुनकर पास पड़ोस के लोग एकत्र हो गये जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के तीन साल की बेटी वामिका (3) है। मृतक मूल रूप से कानपुर जिले के कैंट इलाके का रहने वाला था। करीब 16 साल से अमीनाबाद इलाके में होलसेल की दुकान कर सुशान्त गोल्फ सिटी के सरसवां गांव में रहता था।

**पत्नी व बेटी की थी चिंता:** व्यापारी राजू श्रीवास्तव ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल से एक वीडियो बनाया जिसमें उसने अपनी आत्महत्या का कारण व्यवसाय में घाटा बताया तथा अपनी पत्नी व बेटी के लिए चिन्तित दिखा। वीडियो बनाने के बाद मृतक ने अपने दोस्त वकील व एलआईसी एजेंट को भेजा। वीडियो में यह भी कहते हुए नजर आ रहा है कि उसने अपने नुकसान की कोई बात पत्नी से भी नही की। पुलिस ने अनुसार मृतक ने अपने मोबाइल से सुबह करीब साढ़े पांच बजे सबको मैसेज व वीडियो भेजने के बाद फांसी लगा ली।

**शाम को पत्नी के साथ खाया खाना:** पत्नी दामिनी ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 10 बजे साथ मे खाना खाएं। उसके बाद वह करीब 11 बजे सो गई।

**प्लास्टिक की नई रस्सी से किया सुसाइट:** मृतक मानसिक रूप से परेशान होकर पिछले चार दिनों से अपनी दुकान नहीं जा रहा था। गुरुवार को वह नई प्लास्टिक की रस्सी लेकर आया था। सुबह उसी में लटका मिला।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव में सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मलिहाबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

रहीमाबाद क्षेत्र के दिलावर नगर मजरा दूंनदा खेड़ा निवासी 80 वर्षीय बशीर की पत्नी जैनब भतोइया गांव में दोपहर बाद लखनऊ हरदोई राजमार्ग पार कर रही थी, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विधिक कारवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में दो बेटे अलीजान व नबीजान हैं, जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

**आलमबाग मैट्रो स्टेशन पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव, नहीं हुई पहचान:** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित बस अड्डा मैट्रो स्टेशन के नीचे शुक्रवार सुबह एक अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय दुकानदारों की सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने के बाद शव को ट्रामा मचुर्री में रखवा दिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि शुक्रवार सुबह थाना क्षेत्र स्थित आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे एक 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिला था। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को ट्रामा सेंटर मचुर्री भेज मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं स्थानीय दुकानदारों के अनुसार मृतक विक्षिप्त व्यक्ति था। मेट्रो स्टेशन के नीचे बैठा रहता था। जिसकी रात्रि में मृत्यु हो गई थी। जिसकी जानकारी उनलोगो ने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर दी थी।

## पुलिस उत्पीड़न मामले की कमिश्नर करायें जांच : हाईकोर्ट

● छह सप्ताह में जांच करा हलफनामा दाखिल करने का आदेश

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजधानी में कथित पुलिस उत्पीड़न के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने पुलिस कमिश्नर को मामले में जांच कर, दोषी पाए जाने पर सम्बंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। कमिश्नर को यह भी आदेशित किया है कि वह छह सप्ताह में इस सम्बंध अपना हलफनामा भी दाखिल करें।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने आंचल गुप्ता उर्फ सिमरन गुप्ता की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से कहा गया कि वह इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर मॉडल चाय वाली नाम से चाय की दुकान चलाती है, 8 जून की रात में जब वह अपनी दुकान में पेंटिंग का काम करा रही थी, तभी राम राम बैंक चौकी के तत्कालीन इंचार्ज आलोक कुमार चौधरी, सिपाही अभिषेक यादव, दुर्गेश कुमार वर्मा व महिला सिपाही किरन अग्निहोत्री उसके दुकान पर आये और रात में दुकान खोलने को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे, उसने जब घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो पुरूष सिपाहियों ने उस पर बल प्रयोग करके उसका फोन छीन लिया लेकिन यह पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई, वहीं किसी राहगीर ने भी पुलिस के मारपीट का वीडियो बना लिया। कहा गया कि उक्त पुलिसकर्मी दुकान पर काम करने वाले एक लड़के को मारते-पीटते हुए चौकी भी ले गए, जब याची चौकी पर पहुंची तो उक्त लड़के और उसे वहाँ मौजूद दरोगा अखिलेश कुमार ने भी मारा पीटा। कहा गया कि याची ने कमिश्नर और डीसीपी से शिकायत भी की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। अधिवक्ता ने दलील दी कि उक्त पुलिसकर्मियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट की धारा 29 व 7 के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए थी। मामले की अगली सुनवायी छह सप्ताह बाद होगी।

## माल क्षेत्र में अज्ञात चोरों का आतंक

माल लखनऊ माल थाना क्षेत्र में चोरियों की बाढ़ आ गयी है। एक ही हफ्ते में अज्ञात चोरों ने लगभग दर्जनभर दुकानों के शटर तोड़कर हजारो का सामान और नकदी पार कर दिया है। गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के माल मलिहाबाद रोड़ स्थित ऊंचाखेड़ा चौराहा पर बनी चार दुकानों को अपना निशाना बनाया। जहां चोरों ने बालाजी मिष्ठान भंडार का शटर तोड़कर गुल्लक उठाई जिसमें रखे लगभग ढाई से तीन सौ रुपए और कुछ मिठाइयां चोरी की। इसके बाद दूसरी दुकान कामिल ट्रेडर्स का शटर तोड़ जो सरिया सीमेंट की दुकान है यहां चोरों के हाथ कुछ नहीं लगा। फिर चोरों ने कमल ट्रेडर्स हार्डवेयर के शटर को तोड़ा जहां उनके हाथ खाली रहे। फिर चोर चन्द्र प्रकाश साहू जनरल मर्चेंट की दुकान का शटर तोड़ने पहुंचे जहां महिला को कुछ आहट मिली तो वह दरवाजे की दर्ज से झांकने लगी।

## अवैध असलहे के साथ युवक को पकड़ा

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक महेश कुमार ने अवैध असलहे के साथ युवक को गिरफ्तार किया। सरोजनीनगर थाने में तैनात उप निरीक्षक महेश कुमार 24 जुलाई को सायं 9:45 पर हमराही प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अतुल कुमार और कांस्टेबल अजय कुमार के साथ क्षेत्र से होकर एयरपोर्ट बाउन्ड्री से होकर वापस आ रहे थे तभी शांतिनगर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास एक चार पहिया वाहन जो कानपुर की तरफ से आ रहा था।

## अवैध खनन करने वाले पर होगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** जब स्थानीय प्रशासन सख्त हो जाये तो सारे अवैध धंधे थम जाते है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जिसमे अवैध खनन करने पर उप जिलाधिकारी अंकित कुमार ने लगभग 3 लाख का जुमार्ना वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

लगभग एक सप्ताह पूर्व स्थानीय पुलिस की सांठ गांठ से तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम खुशहालपुर (भतोईया) में स्थित गाटा संख्या 230 पर एक ठेकेदार ने बिना रॉयल्टी कराए रातोरात खनन कर लगभग 150 ट्राली मिट्टी आसपास के ग्राहकों को बेच डाली थी। इसमें खास बात यह रही कि भतोइया पुलिस पिकेट से 300 मीटर दूर जे० सी० बी०रात भर गरजती रही। मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली रात भर दौड़ती रही और पिकेट पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी कुंभकर्णी नींद सोते रहे। क्यों सोती रही पुलिस यह तो जगजाहिर है। रातोरात हुए इस अवैध खनन की खबर सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हुई थी। तब उप जिलाधिकारी अंकित कुमार ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्थानीय लेखपाल और नायब तहसीलदार के साथ खनन स्थल पर पहुंच कर जांच की तो अवाक रह गए। पैमाइश में टीम को मौके पर 540 घन मीटर मिट्टी खोदे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। इस अवैध खनन की रिपोर्ट संबंधित विभाग को सन्दर्भित कर दीं गई है। अवैध खनन के इस हैरतअंगेज मामले पर मलिहाबाद के नायब तहसीलदार इंद्रेश शुक्ला ने बताया कि बिना रॉयल्टी कराए 540 घन मीटर अवैध खनन के अर्थ दंड के लिए प्रक्रिया पूरी कर 2से 5 लाख के बीच लगभग 3 लाख रुपए का जुमार्ना संबंधित पक्ष से वसूलने की कार्य योजना है, जिस पर जल्द अमल किया जाएगा।

## चाय पीने के लिए रुके ट्रक वाले को दबंगों ने पीटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में किसान पथ पर पासिन ढकवा गांव के पास चाय पीने के लिए रुके ट्रक वाले को दबंगो ने जमकर पीटा। इन्दलपुर जुबराज कानपुर नगर थाना चौबेपुर के रहने वाले

करन गौतम पुत्र श्रीकृष्ण निवासी के अनुसार वह 23 जुलाई को ट्रक में कबरई से डस्ट लेकर किसान पथ होते हुए श्रावस्ती जा रहा था। इसी बीच रात लगभग 11 बजे पासिन ढकवा गांव के पास स्थित तिराहे पर चाय पीने के लिए रुका था। तभी वहां मौजूद कुछ लोग उससे अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो उन लोगों ने उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित के अनुसार मार पीट के दौरान आरोपित एक दूसरे का आपस में नाम ले रहे थे जिससे उनकी पहचान अरविन्द अजय सुनील व प्रवेश निवासीगण पासिन ढकवा के रूप में हुई है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। सूत्रों की मानें तो उस तिराहे पर कई लोगों ने अवैध रूप से दुकानें लगा रखी है। जिससे वहां पर लगभग हर समय दबंगो का जमावड़ा रहता है। जिसके चलते वहां पर अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। लोगों का कहना है कि यदि जिम्मेदारों ने कोई ध्यान न दिया तो वहां पर कभी कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

**महिला ने पति पर लगाया मारपीट के साथ ही दूसरी शादी करने का आरोप:** गोसाईगंज क्षेत्र के रनमऊ स्थित ससुराल की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने व उसके साथ मारपीट करने की शिकायत पुलिस से की है।

अहिबन्नापुर अलीगंज की रहने वाली अपशाना के अनुसार उसकी शादी 2009 में गोसाईगंज क्षेत्र के गांव रनमऊके निवासी महताब उर्फ शेरा के साथ हुई है। पीड़िता का आरोप है कि पत्नी बच्चे होते हुए उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। इसी वजह से वह उसकी व बच्चो की देखभाल नही करता है। वह महिला बच्चो को पालने के लिए नौकरी करती है तो पति नौकरी भी छोड़वा देता है। वही 22 जुलाई को आरोपित पति ने पीड़िता पत्नी को गालियां देते हुए उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। जिसकी लिखित शिकायत पीड़िता ने गोसाईगंज पुलिस से की है। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## वृद्धा ने छोटे बेटे पर साले संग मिलकर लगाया मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली में एक वृद्ध विधवा ने अपने छोटे बेटे पर साले संग मिलकर गाली गलौज मारपीट धमकी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित श्री नगर निवासी शिव प्यारी पत्नी स्व० राम सिंह यादव के अनुसार वह बीते 23 जुलाई को थाना क्षेत्र स्थित श्री नगर अपने बड़े बेटे ओमकार यादव के साथ अपने निजी काम्प्लेक्स गई थी। आरोप है कि वहां उसका छोटा बेटा सूर्या यादव पुत्र स्व० राम सिंह यादव निवासी गंगा खेड़ा गोकुल स्टेट थाना कृष्णा नगर निवासी अपने साले अनुज यादव पुत्र तेज पाल यादव निवासी हंस खेड़ा थाना पारा निवासी के साथ पहले से ही उनके काम्प्लेक्स में मौजूद था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नयागांव विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 25.07.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित/15 वां वित/आई.सी.डी.एस./मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत **नयागांव** के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 01.08.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस. स्टील खिड़की/दरवाजा | सरिया 40 | गिटटी बैग | सीमेन्ट | मौरंग |
| 1 | प्राथमिक विद्यालय चमारनपुरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 17673 नग | 9.56 कुं. | 24.75 कुं. | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

नियम शर्ते
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत नयागांव के कार्यालय में 26.07.2025 01.08.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत नयागांव के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 26.07.2025 से दिनांक 01.08.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत नयागांव के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 01.08.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

शान्ती देवी, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत नयागांव, विकास खण्ड धौरहरा
उदय प्रताप सिंह, ग्रा.पं.वि. अधिकारी, ग्राम पंचायत नयागांव, विकास खण्ड धौरहरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत जगेथा, विकास खंड बिछिया जनपद उन्नाव**

पत्रांक : मेमो/5 वां राज्यवित्त एवं 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/निविदा 2025-26 दिनांक. 25.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जगेथा वि.ख. बिछिया जनपद उन्नाव में 5 वां राज्य वित्त एवं 15वां केंद्रीय वित्त आयोग की संस्तुति के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजना से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्मा/सामग्री आपूर्ति कर्ताओं से कार्यस्थल पर सामग्री की आपूर्ति करने हेतु इच्छुक फर्मा/आपूर्ति कर्ताओं से सात दिनों के अंदर मोहरबंद निविदा आमंत्रित की आती है। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 26.07. 2025 से दिनांक 30.07.2025 तक 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं व दिनांक 31.07.2025 ग्राम पंचायत कार्यालय में 3 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | आवश्यक सामग्री | प्राक्कलन राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वाबादी+देवी मंदिर से+श्याम सुंदर+गंगा सागर से बाबूलाल+दिलीप के घर के पास +शंकर जी के मंदिर के पास+गुड्डू के घर के पास इत्यादि स्थानों पर खड़ंजा निर्माण। | ईंट | 272719 |

नियम व शर्त :-
1. निविदा फर्म के पैड पर स्वीकार की जाएगी
2. सामग्री आपूर्ति करने में लापरवाही या गुणवत्ता में गड़बड़ी होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी फर्म/आपूर्ति कर्ता की होगी।
3. उपरोक्त निविदा के संबन्ध में समस्त जानकारी कार्यालय ग्राम पंचायत में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जगेथा विकास खंड बिछिया
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम पं. जगेथा


## 1857 की गदर पर आधारित होगा बेगम हजरत महल उर्दू ड्रामा

### कलाकारों की मौजूदगी में हुआ पोस्टर लांच, 30 को संत गाडगे प्रेक्षागृह में मंचित होगा नाटक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अवध की मिट्टी में पैदा हुई एक शेरनी बेगम हजरत महल की वीरता और हिम्मत की अमर गाथा को प्रस्तुत करता, यह उर्दू ड्रामा बेगम हजरत महल 1857 की गदर पर आधारित है' उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी और उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 30 जुलाई 2025 को संत गाडगे प्रेक्षागृह गोमती नगर में मंचित होगा। आज पोस्टर लांच करते हुए लेखक - वामिक खान ने बताया कि यह ड्रामा हमारी अगली पीढ़ी के लिए एक उदाहरण है जो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को भूल रहे हैं' निर्देशक - युसूफ खान ने बताया कि इस तरह के ड्रामे हमारी संस्कृति और सभ्यता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाते हैं। बेगम हजरत महल का किरदार करने वाली तनिष्क शर्मा ने बताया कि बेगम का किरदार करना ही एक बहुत बड़ी बात है क्योंकि वह मल्लिका के साथ-साथ वीरांगना भी थी। इस ड्रामा के मुख्य आकर्षण के तौर पर बेगम के प्रेरणादायक संवाद और उनके नेतृत्व की झलक, 1857 की क्रांति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ साथ पारंपरिक संगीत और शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति और भव्य पोशाके और यथार्थवादी मंच सज्जा युक्त रहेगा ये ड्रामा। यह ड्रामा सिर्फ इतिहास नहीं बल्कि उस आत्म बल, स्वाभिमान और राष्ट्र प्रेम की कहानी है, जो आज भी हमारे दिलों में जोश भर देती है। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी जो कि प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित एवं प्रचारित कर रही है' इस दौरान दीप सचर, आरिफ, फैशन कोरियोग्राफर अभिषेक राजपूत पूर्व मिस यू पी बैष्णवी दुबे, सुफियान बेग, नीतीश व अन्य लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चहमलपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 25.07.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित /15 वां वित /आई.सी.डी.एस./मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 01.08.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस. स्टील खिड़की/दरवाजा | सरिया 40 | गिटटी बैग | सीमेन्ट | मौरंग |
| 1 | कम्पोजिट विद्यालय चहमलपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 17673 नग | 9.56 कुं. | 24.75 कुं. | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

नियम शर्ते
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में 26.07.2025 01.08.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 26.07.2025 से दिनांक 01.08.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चहमलपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 01.08.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

सहेली, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत चहमलपुर, विकास खण्ड धौरहरा
पंकज कुमार, ग्रा.पं.वि. अधिकारी, ग्राम पंचायत चहमलपुर, विकास खण्ड धौरहरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत अदलीसपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 25.07.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित/15 वां वित/आई.सी.डी.एस./मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत **अदलीसपुर** के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 01.08.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस. स्टील खिड़की/दरवाजा | सरिया 40 | गिटटी बैग | सीमेन्ट | मौरंग |
| 1 | उच्च प्राथमिक विद्यालय भरेहटा में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 17673 नग | 9.56 कुं. | 24.75 कुं. | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

नियम शर्ते
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत अदलीसपुर के कार्यालय में 26.07.2025 01.08.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत अदलीसपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 26.07.2025 से दिनांक 01.08.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत अदलीसपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 01.08.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

उद्देश्य, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अदलीसपुर, विकास खण्ड धौरहरा
धीरज, ग्रा.पं.वि. अधिकारी, ग्राम पंचायत अदलीसपुर, विकास खण्ड धौरहरा


## रचनात्मक लोगों के लिए रंगों और संस्कृति का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज, गोमती नगर शाखा के सौंदर्यबोध और सांस्कृतिक विकास कार्यक्रम (2025-26) की शुरूआत फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी, लखनऊ के सहयोग से पांच दिवसीय टाईएंड डाई कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या अनीता चौधरी ने छात्रों और शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा में पारंपरिक शिल्प को शामिल करने के महत्व पर प्रेरक शब्दों में संबोधित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के व्यावहारिक अनुभव न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि छात्रों को भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत से भी जोड़ते हैं। कार्यशाला की संकल्पना और संरचना फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक निदेशक और लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस की अकादमिक एवं नवाचार निदेशक सुश्री नेहा सिंह के मार्गदर्शन में की गई है। सुश्री सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य व्यावहारिक कला मॉड्यूल के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। सुश्री सरोज सिंह और सुश्री शिवानी यादव, जो दोनों ही अनुभवी कलाकार और शिल्प शिक्षिकाएँ हैं, द्वारा संचालित यह कार्यशाला छात्रों को टाई एंड डाई की पारंपरिक विधियाँ सिखाने पर केंद्रित है—एक प्राचीन भारतीय वस्त्र कला जो साधारण टाई और रंगाई तकनीकों का उपयोग करके सादे कपड़े को जीवंत, पैटर्न वाली उत्कृष्ट कृतियों में बदल देती है।

## नव अंशिका हरियाली क्वीन प्रतियोगिता आज

**लखनऊ।** रेलविहार और नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से शनिवार 26 जुलाई को हरियाली उत्सव सीजन फोर-जोश मोर का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित होटल क्लासियो कलेक्शन में किया जा रहा है। नव अंशिका फाउण्डेशन की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी ने बताया कि हरियाली उत्सव सीजन फोर-जोश मोर मैं रैंप वॉक और टैलेंट हंट शो आकर्षण का केन्द्र बनेगा वहीं नव अंशिका हरियाली क्वीन 2025 और स्वीट सिक्सटी हरियाली क्वीन 2025 के साथ ही बेस्ट हेयर स्टाइल, ड्रेस, स्माइल, पर्सनैलिटी, परफार्मेंस, रैंप वॉक, मेकअप, डांस, टैलेंट, मेंहदी, सुंदरी, कजरा, चूड़ी श्रृंगार, एक्सप्रेशन, सिंगर, आनार्मेंट, फुटवियर और नेल्स के टाइटल अवार्ड भी दिए जाएंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-AY-Toi-71-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-Toi-12-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.08.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2274/2025

# लखनऊ व सामाजिक जीवन की शान थे गोपाल जी : उदय प्रताप सिंह

- वरिष्ठ साहित्यकार व व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी का निधन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पत्नी निशा चतुर्वेदी के निधन को अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि बृहस्पतिवार देर रात वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल चतुर्वेदी भी इस दुनिया को अलविदा कह गए। गत 18 जुलाई को पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी निशा चतुर्वेदी का देहांत हुआ था। गोपाल चतुर्वेदी का जन्म 15 अगस्त 1942 को लखनऊ में हुआ था। हिंदी साहित्य में उनकी पहचान उत्कृष्ट व्यंग्यकार के रूप में थी। भारतीय रेल सेवा में अधिकारी रह चुके गोपाल चतुर्वेदी करीब दो दशक से स्वतंत्र लेखन कर रहे थे। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यश भारती और केन्द्रीय हिंदी संस्थान द्वारा सुब्रमण्यम भारती पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। शुक्रवार को गोपाल चतुर्वेदी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर कई जानेमाने लोग मौजूद रहे।

साहित्यकार उदय प्रताप सिंह ने कहा जो लोग उन्हें करीब से जानते हैं उनको पता है कि वे दोनों एक दूसरे पर किस सीमा तक अन्योन्याश्रित थे। वे जीवन भर परस्पर प्रेम के बंधन में बंधे हुए साथ-साथ रहे और साथ-साथ इस संसार से विदा हुए। दोनों ही लोग सच कहें तो लखनऊ के सामाजिक जीवन की शान थे। गोपाल चतुर्वेदी की प्रारंभिक शिक्षा सिंधिया स्कूल, ग्वालियर में हुई थी। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में परास्नातक किया और फिर भारतीय रेल सेवा में अधिकारी के रूप में चयनित हुए। वर्ष 1965 से 1993 तक रेल व भारत सरकार के कई मंत्रालयों में उच्च पदों पर काम किया। वे गद्य और पद्य दोनों विधाओं में लेखन करते थे। उनके कविता संग्रह कुछ तो हो और धूप की तलाश प्रकाशित हुए। व्यंग्य संग्रह में प्रमुख रूप से धाँधलेश्वर, अफसर की मौत, दुम की वापसी, रामझरोखे बैठके, फाइल पढ़ी, आदमी और गिद्ध, कुरसीपुर का कबीर, फार्म हाउस के लोग और सत्तापुर के नकटे काफी लोकप्रियता रहे। उन्हें 2001 में हिंदी भवन का लोकप्रिय व्यंग्य श्री सम्मान दिया गया। 2015 में उत्तर प्रदेश सरकार से उन्हें यश भारती सम्मान मिला। केन्द्रीय हिंदी संस्थान से सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार भी मिल चुका था।

**गद्य और पद्य दोनों विधाओं में लेखन किया:** वरिष्ठ साहित्यकार और जाने-माने व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी ने गद्य और पद्य दोनों विधाओं में उल्लेखनीय लेखन किया। गोपाल चतुर्वेदी के चर्चित कविता संग्रहों में कुछ तो हो और धूप की तलाश शामिल हैं। वहीं, उनके व्यंग्य संग्रहों में धाँधलेश्वर, अफसर की मौत, दुम की वापसी, राम झरोखे बैठ के, फाइल पढ़ी, आदमी और गिद्ध, कुरसीपुर का कबीर, फार्म हाउस के लोग और सत्तापुर के नकटे जैसे शीर्षक आज भी पाठकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उनकी रचनाओं में व्यवस्था पर करारा व्यंग्य, सामाजिक विडंबनाओं की तीखी झलक और मानवीय संवेदनाओं की गहराई देखने को मिलती है।

**कवि रूप में गोपाल चतुर्वेदी की कोमल संवेदनाएं:** अपने व्यंग्य की धार के विपरीत गोपाल चतुर्वेदी का काव्य पक्ष बेहद कोमल, भावुक और दार्शनिक था। उनके दो प्रमुख कविता संग्रह-कुछ तो हो और धूप की तलाश–इस बात के गवाह हैं कि वे हृदय की गहराइयों से लिखने वाले रचनाकार थे। उनकी कविताएं मानव जीवन की नश्वरता, प्रेम, अकेलेपन और अस्तित्व की तलाश को बेहद मार्मिक ढंग से उजागर करती हैं। वे विचार और भाव के संतुलन के कवि थे।

## साहित्य जगत में शोक की लहर

गोपाल चतुर्वेदी के निधन की खबर जैसे ही सामने आई, साहित्यिक समुदाय में गहरा शोक फैल गया। वरिष्ठ साहित्यकारों, युवा लेखकों, आलोचकों और पाठकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पर उनकी रचनाओं और व्यक्तित्व को याद करते हुए अनेक संदेश साझा किए गए। साहित्यकार अशोक चक्रधर, ज्ञान चतुर्वेदी, हरिशंकर परसाई के प्रशंसकों ने गोपाल जी को उसी परंपरा की सशक्त कड़ी माना। हिंदी अकादमी, केन्द्रीय हिंदी संस्थान और भारतीय रेलवे के विभिन्न संगठनों ने भी शोक संदेश जारी कर उनके योगदान को सराहा।

## जीवनसंगिनी निशा चतुर्वेदी के निधन से टूट गये थे गोपाल जी

गोपाल चतुर्वेदी की पत्नी निशा चतुर्वेदी न केवल उनकी जीवन संगिनी थीं, बल्कि एक अत्यंत दक्ष प्रशासनिक अधिकारी भी थीं। 18 जुलाई को उनका निधन हुआ और इस सदमे ने गोपाल चतुर्वेदी को अंदर तक झकझोर दिया। वे पहले से ही अस्वस्थ चल रहे थे, लेकिन पत्नी के चले जाने के बाद जैसे उनके जीवन की डोर भी टूट गई। छह दिन बाद ही उन्होंने भी इस संसार को अलविदा कह दिया। यह घटना एक ऐसी प्रेम और आत्मीयता की मिसाल बन गई, जहां दो जीवन साथी अंतिम समय तक एक-दूसरे से जुड़े रहे।

## उनके साहित्य की आज भी प्रासंगिकता

आज जब लोकतंत्र, सत्ता, प्रशासन और सामाजिक ढांचे की आलोचना के नए-नए माध्यम उभर रहे हैं, ऐसे समय में गोपाल चतुर्वेदी का लेखन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने जिन विषयों को 80-90 के दशक में उठाया, वे आज भी हमारे समाज में ज्यों के त्यों उपस्थित हैं। उनकी रचनाओं में सत्ता की विसंगतियों का जैसा सटीक विश्लेषण है, वैसा आज भी किसी भी समाजशास्त्री या पत्रकार की रिपोर्ट में दुर्लभ है। उन्होंने न केवल सवाल उठाए, बल्कि आम जनमानस को उस पर सोचने के लिए प्रेरित भी किया।

# गोपाल चतुर्वेदी का निधन साहित्य के लिए बहुत बड़ी क्षति है



**लखनऊ।** जाने माने साहित्यकार उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी जगत के लिए बहुत दुखद समाचार है ,कि साहित्य के गौरव व्यंगकार गोपाल चतुर्वेदी का आज. प्रातःकाल निधन हो गया है। उनकी पत्नी श्रीमती निशा चतुर्वेदी का निधन कुछ दिन पूर्व हुआ था तब से ही उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं रह रही थी। और इस दुख को वह सहन नहीं कर सके और इस संसार से विदा हो गए। जो लोग उन्हें करीब से जानते हैं उनको पता है कि वे दोनों एक दूसरे पर किस सीमा तक अन्योन्याश्रित थे।

वे जीवन भर परस्पर प्रेम के बंधन में बंधे हुए साथ-साथ रहे और साथ-साथ इस संसार से विदा हुए। दोनों ही लोग सच कहें तो लखनऊ के सामाजिक जीवन की शान थे। और लखनऊ की संस्कृति सभ्यता और लखनऊ की शराफत, सदाकत ,मेजबानी के प्रतीक भी थे ,संरक्षक भी थे और संवाहक भी थे । उनसे मिलने के बाद यह नामुमकिन था की कोई आदमी उनसे मिल कर प्रसन्न न लौटा हो ।प्रिय गोपाल जी और निशा जी दोनों ही अखिल भारतीय सेवाओं में बड़े-बड़े पदों पर सम्मान सहित कार्यरत रह चुके थे। और उनके पास साहित्य राजनीति के कभी न चुकने वाले अनेक संस्मरण ऐसे थे जो ज्ञानवर्धक और मनमोहक हुआ करते थे । अजातशत्रु गोपाल जी के चेहरे पर एक मुस्कान हमेशा खेलती रहती थी जो सबका हृदय जीतने में सफल होती थी। लखनऊ के सामाजिक जीवन में यह अपूर्णनीय क्षति हुई है । परमपिता परमेश्वर दोनों की आत्माओं को शांत प्रदान करें और उनके परिवार के सदस्यों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

**अपने मनमोहक व्यक्तित्व से सबका दिल जीत लेते थे : राजेश अरोरा:** शहर के जानमाने साहित्यकार राजेश अरोरा शलभ ने गोपाल चतुर्वेदी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया, और कहा कि गोपाल जी के निधन से साहित्य जगत को बड़ी क्षति हुई है । आगे राजेश ने कहा हमारी 45 वर्ष पुरानी संस्था बिम्ब कला केंद्र में सन 2008 में बिम्ब में पद्मश्री के.पी सक्सेना जी जो उस समय बिम्ब के मुख्य संरक्षक थे के जन्मदिन के अवसर पर गोपाल चतुर्वेदी जी पहली बार आए थे और अपने मनमोहक व्यक्तित्व से सबका दिल जीत लिया था। गोपालजी कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन से बहुत प्रभावित थे ।

कुछ ही दिनों बाद उन्होंने मुझे अपने घर पर बुला लिया। मेरे साथ हमारे साहित्यकार मित्र श्याम मिश्र भी उनके निवास पर गये थे। चाय और कार्यक्रम की कुछ बातचीत के बाद मैंने दबी जुबान से उनसे पूछा ,सर क्या आप बिम्ब के प्रमुख संरक्षक पद पर आकर हम सबको अनुग्रहीत करेंगे ? उन्होंने बिना देर लगाये अपनी स्वीकृत दे दी और कहा, जहाँ के.पी. मुख्य संरक्षक हों, वहां मुझे क्या एतराज हो सकता है ? तबसे बिम्ब के हर कार्यक्रम में अपना स्नेह और आशीर्वाद लुटाते रहे । के.पी.सर के जाने के बाद वे संस्था के मुख्य संरक्षक हो गए। तब वे बिम्ब कला केन्द्र से और अधिक गहनता से जुड़ गए। राजेश अरोरा ने कहा कि उनके जाने के समाचार से मैं हतप्रभ, स्तब्ध और भावुक हूं। उनके साथ निशा जी का भी ममतामयी स्नेह भी हमें मिलता रहा। अभी दो दिन पहले ही उनकी शोक सभा में बताया गया कि उनकी तबियत ठीक नहीं । वैकुण्ठ धाम में उनसे अंतिम मुलाकात कार्यक्रम में बैठकर चलते-चलते हुई थी। मैंने कहा, मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा। पता नहीं था कि अब कभी मुलाकात नहीं हो सकेगी।

## एक युग का अवसान : विद्या बिन्दू सिंह



साहित्यकार विद्या बिन्दू सिंह ने कहा कि गोपाल चतुर्वेदी का जाना केवल एक व्यक्ति का निधन नहीं, बल्कि एक युग के अवसान जैसा है। वे साहित्य में संवेदना और विवेक के प्रतिनिधि थे। उनकी लेखनी ने न केवल व्यंग्य को सशक्त किया, बल्कि हिंदी साहित्य को जन-सरोकारों से जोड़ने का कार्य किया। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनी रहेंगी। निशा और गोपाल चतुर्वेदी की जोड़ी ने अपने-अपने क्षेत्र में जो अमिट छाप छोड़ी है, वह सदैव स्मरणीय रहेगी।


# कार्यालय - खण्ड शिक्षा अधिकारी महोली, सीतापुर

पत्रांकः बी०आर०सी०/विज्ञप्ति प्रकाशन / 373-76 / 2025-26 दिनांक- 24/07/2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्व साधारण को पुनः सूचित किया जाता है कि परिषदीय प्रा./उच्च प्रा./कम्पो. विद्यालयों, विकास खण्ड महोली के जर्जर भवन/कक्षों की नीलामी की जानी है। नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर निर्धारित स्थल (ब्लाक संसाधन केन्द्र महोली सभागार) पर उपस्थित होकर समिति द्वारा निर्धारित धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है जर्जर भवन नीलामी ध्वस्तीकरण वाले विद्यालयों की सरकारी बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारम्भ होगी। नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि का 25 प्रतिशत उक्त दिवस में सम्बन्धित विद्यालय के एस.एम.सी. खाते में जमा करनी होगी एवं शेष धनराशि को 03 कार्य दिवस में जमा करके मलबा स्वयं के खर्चे पर एक सप्ताह के अन्दर हटाकर समतल कराना होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की समस्त जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी वाले भवन का स्थलीय निरीक्षण नीलामी तिथि से पूर्व अवश्य कर लें जर्जर भवन बाले विद्यालयों का विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | विकास खण्ड का नाम | विद्यालय का नाम | य-डायस कोड | न्यूनतम मूल्याकिंत धनराशि (रू.) | नीलामी तिथि | समय | नीलामी स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महोली | प्रा.वि. मस्जिद | 09241102301 | 20000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 2 | महोली | प्रा.वि. गंगागंज भूड़ | 09241107501 | 34000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 3 | महोली | प्रा.वि. बतपुर | 09241102501 | 33000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 4 | महोली | प्रा.वि. चतुरैया | 09241106501 | 24000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 5 | महोली | प्रा.वि. लक्ष्मिनपुर | 09241113301 | 60000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 6 | महोली | प्रा.वि. महेवा | 09241102801 | 48000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 7 | महोली | प्रा.वि. बहेर सिंघौड़ा | 09241101502 | 42000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 8 | महोली | प्रा.वि. इटौवावन | 09241107404 | 20000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 9 | महोली | प्रा.वि. गंगापुर | 09241105004 | 59000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 10 | महोली | प्रा.वि. शील्हापुर | 09241108001 | 87000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 11 | महोली | प्रा.वि. पिपरझला | 09241108301 | 27000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 12 | महोली | प्रा.वि. इनायतनगर | 09241109601 | 22000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 13 | महोली | कम्पो.वि. सेमरावॉ | 09241105102 | 57000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 14 | महोली | प्रा.वि. भेलावा | 09241106401 | 73000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 15 | महोली | प्रा.वि. बीड़नपुर | 09241105801 | 72000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 16 | महोली | प्रा.वि. रजवापुर | 09241107701 | 33000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 17 | महोली | प्रा.वि. अदौरी | 09241101802 | 21000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 18 | महोली | प्रा.वि. बड़ागाँव 1 | 09241103601 | 72000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 19 | महोली | प्रा.वि. हाजीपुर | 09241102602 | 50000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 20 | महोली | प्रा.वि. इन्द्रौली | 09241110501 | 119000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |
| 21 | महोली | प्रा.वि. नरहरा | 09241107201 | 14000.00 | 31.07.2025 | 11:00 AM | BRC सभागार |

(वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि.क्षे. महोली, सीतापुर


# प्रकृति से प्रेम का संदेश दे गया हरेला सावन उत्सव

## ईशा-मीशा, मान्या, बीना, तमाल व गिरीश सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मैदानी सावन और पर्वतीय हरेला उत्सव के इन्द्रधनुषी रंग आज यहां कुर्मांचलनगर के मोहनसिंह बिष्ट सभागार में हरेला बाखई का कार्यक्रम प्रकृति से प्रेम का संदेश दे गया। इस अवसर पर अतिथियों ने समाजसेवी आनन्द के ब्रजवासी, पत्रकार महेश पाण्डेय, नृत्य क्षेत्र में रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा, नाट्य क्षेत्र में कामना बिष्ट, युवा लेखिका मान्या उपाध्याय, धार्मिक उन्नयन के लिये बीना बिष्ट, कला समीक्षक राजवीर रतन, नाट्य निर्देशन के लिये तमाल बोस और कलाकार गिरीश जोशी को सम्मानित किया गया। गणेश वंदना से शुरू हुए हरेला बाखई और उत्कर्ष इवेंट के कार्यक्रम में विभा नौटियाल और साथियों ने शिव वंदना, सावन नृत्य और मोहक की प्रस्तुति दी। ईशा रतन ने कथक में रुद्राष्टकम और शिव ताण्डव स्तुति की दर्शनीय प्रस्तुति दी।

आगे आभार जोशी व गिरीश जोशी के संचालन में चले कार्यक्रम में हितो दीदी हितो हो भोला हरेला.... बोलों पर हेमा अधिकारी के साथ पुष्पा कंवल, यशोदा रावत, अंजू पंत, ज्योति कश्यप, कविता अधिकारी, अलका बोरा, सरस्वती नेगी व बबली मडवाल ने झोड़ा नृत्य पेश किया।

झोड़ा की एक अन्य प्रस्तुति बीना बिष्ट व सखियों की रही। डा.विश्वास वर्मा ने कृष्ण भजन प्रस्तुत किया। ज्योति किरन रतन ने कजरी बरसने लागी बदरिया.... पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कमला जोशी, रिचा जोशी, विक्रम बिष्ट, चन्द्रमणि जोशी, अनुराधा उपाध्याय आदि अनेक कलाकारों ने नेपाली नृत्य के बीच मधुर गीत संगीत की झड़ी लगा दी। यहां शिव आधारित नृत्य नाटिका का प्रदर्शन भी हुआ। नाटिका में शिव रूप हरीश उपाध्याय उतरे। यहां हरेला क्वीन प्रतियोगिता में शशि जोशी, पुष्पा वैष्णव, मान्या उपाध्याय और कमला जोशी आदि ने प्रतिभाग किया।

# द्वापर युग के अजेय योद्धा सात्यकि की कहानी दुनिया के सामने आयी

- दुष्यंत प्रताप सिंह की पौराणिक कृति सात्यकि द्वापर का अजेय योद्धा का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बॉलीवुड के फिल्म निर्देशक एवं लेखक दुष्यंत प्रताप सिंह की पौराणिक कृति सात्यकि द्वापर का अजेय योद्धा का विमोचन शुक्रवार को किया गया। यूनिवर्सल बुक सेलर्स में प्रसिद्ध लोकगायिका पदमश्री मालिनी अवस्थी, शिक्षाविद राजेश दयाल, यूनिवर्सल बुक सेलर्स के सीईओ गौरव प्रकाश और लेखक दुष्यंत प्रताप सिंह ने पुस्तक का विमोचन किया। यह पौराणिक कृति द्वापर युग के योद्धा सात्यकि के जीवन पर आधारित एक महागाथा है। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कहा मैं बहुत खुश हूं कि लेखक आज हमारे युगों और इतिहास के ऐसे योद्धाओं व कर्म योगियों के बारे में लिख रहे हैं जो लोगों की स्मृति से लगभग विस्मृत हो चुके हैं । ऐसी किताबें और साहित्य ही उनके असाधारण जीवन पर न सिर्फ प्रकाश डालते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी एक गर्व का अनुभव कराते हैं और हमारी सनातन संस्कृति के अपूर्व इतिहास से उनका नूतन परिचय होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी गाथाओं पर और हमारे महाकाव्यों पर निश्चित रूप से हमारी सरकारों को भी निरंतर कार्य करना चाहिए अवधी संस्कृति, साहित्य और लोकगीतों की सबसे शीर्ष गायिका मालिनी अवस्थी इस अवसर पर बेहद अभिभूत दिखाई दीं उनके शब्दों में वे बहुत खुश होती हैं जब ऐसा साहित्य उनके हाथ में आता है क्योंकि इतिहास और युग गाथाओं में उनकी बेहद दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि जब ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पात्रों को साहित्य के माध्यम से फिर से प्रस्तुत किया जाता है, तो वह एक सांस्कृतिक जागरण का रूप ले लेता है। गौरव प्रकाश ने कहा की सात्यकि द्वापर का अजय योद्धा जैसी किताबें जब उनके बुक स्टोर्स में आतीं हैं तो बेहद खुशी होती है क्योंकि भूतकाल का वर्तमान से परिचय और भविष्य को आमजनों से जोड़ने वाली किताबें अक्सर कम मात्रा में उपलब्ध हैं। लेखक दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि यह किताब न सिर्फ उनके लिए एक चुनौती थी बल्कि महायोद्धा सात्यकि का वर्तमान पीढ़ी से परिचय उनके लिए एक बेहद भावुक पल है। सात्यकि द्वापर का अजेय योद्धा देश और दुनिया के सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। साथ ही यह किताब क्रॉसवर्ड, यूनिवर्सल, ओम, सपना जैसे वरिष्ठ बुक डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास भी उपलब्ध है। इस बुक का ऑडियो ऑनलाइन सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है जो लगभग 8:30 घंटे का ऑडियो आपको रोमांच की एक अलग दुनिया में ले जाता है। लेखक ने कहा कि करीब दो साल में यह गाथा इस मुकाम पर पहुंची। उन्हौंने उम्मीद जताई कि उपरोक्त किताब का अंग्रेजी संस्करण माह अक्टूबर में समूचे विश्व में उपलब्ध होगा और जल्दी इस किताब पर एक वेब सीरीज का निर्माण प्रस्तावित है।

# लखनऊ-चेन्नई एक्सप्रेस एलएचबी रैक से चलेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 16093/16094 चेन्नई सेण्ट्रल-लखनऊ-चेन्नई सेण्ट्रल द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी को कन्वेंशनल कोच के स्थान पर अत्याधुनिक एल.एच.बी. कोच के रेक से निम्नवत चलाया जायेगा।

अत्याधुनिक एल.एच.बी. रेक से चलाये जाने के फलस्वरूप संशोधित रेक संरचना के अनुसार 16093/16094 चेन्नई सेण्ट्रल-लखनऊ-चेन्नई सेण्ट्रल द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस में 26 जुलाई से चेन्नई सेण्ट्रल से तथा 28 जुलाई से लखनऊ जं. से वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा पार्सल यान के 01 कोच सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे तथा इस गाड़ी में 04 अक्टूबर से चेन्नई सेण्ट्रल से तथा 06 अक्टूबर,2025 से लखनऊ जं0 से वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 07, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा पार्सल यान के 01 कोच सहित कुल 18 आधुनिक एल.एच.बी. कोच लगाये जायेंगे।

## परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परीक्षा अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05187 बनारस-कानपुर सेंट्रल अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 26 जुलाई शनिवार को इकहरी यात्रा हेतु किया जायेगा। 05187 बनारस-कानपुर सेंट्रल अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 26 जुलाई शनिवार को बनारस से 18.00 बजे प्रस्थान कर हरदत्तपुर से 18.12 बजे, राजातालाब से 18.20 बजे, माधो सिंह से 18.40 बजे, ज्ञानपुर रोड से 19.00 बजे, हंडिया खास से 19.25 बजे, झूसी से 20.10 बजे, प्रयागराज रामबाग से 20.32 बजे, प्रयागराज जं. से 20.52 बजे तथा फतेहपुर से 22.15 बजे छूटकर कानपुर सेंट्रल 23.40 बजे पहुँचेगी।

## यात्रियों को नहीं होगी परेशानी, विशेष ट्रेनों में खाली हैं सैकड़ों बर्थ

**लखनऊ।** ग्रीष्मकाल में यात्री जनता की सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। निम्नलिखित विशेष गाड़ियों में 25 जुलाई को सांय बर्थ/सीट की उपलब्ध है।

छपरा से चलने वाली 05049 छपरा-अमृतसर वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी में 01 अगस्त को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 315 बर्थ एवं 08 अगस्त को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 531 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी में 28 जुलाई को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 667 बर्थ एवं 31 जुलाई, 2025 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 663 बर्थ उपलब्ध है।

लालकुंआ से चलने वाली 05060 लालकुंआ-कोलकाता वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी में 31 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 54, वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी में 211 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 236 बर्थ, 07 अगस्त को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 56, वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी में 200 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 226 बर्थ एवं 14 अगस्त को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 56, वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी में 238 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 302 बर्थ उपलब्ध है।

वाराणसी सिटी से चलने वाली 05029 वाराणसी सिटी-लालकुंआ वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी में 26 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 28, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 50 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 215 बर्थ, 28 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 28, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 82 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 325 बर्थ एवं 30 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 84 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 296 बर्थ उपलब्ध है।

लालकुंआ से चलने वाली 05030 लालकुंआ-वाराणसी सिटी वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी में 27 जुलाई ,2025 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 81 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 329 बर्थ, 29 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 33, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 89 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 353 बर्थ तथा 31 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 33, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 88 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 366 बर्थ उपलब्ध है। लालकुंआ से चलने वाली 05045 लालकुंआ-राजकोट वाया कासगंज विशेष गाड़ी में 27 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 24 तथा 03 अगस्त को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 30, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 104 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 311 बर्थ उपलब्ध है। लालकुंआ से चलने वाली 04118 लालकुंआ-प्रयागराज वाया कानपुर सेंट्रल विशेष गाड़ी में 01 अगस्त को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 13, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 220 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 272 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 131 बर्थ उपलब्ध है। लालकुंआ से चलने वाली 04182 लालकुंआ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी वाया कासगंज विशेष गाड़ी में 30 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 24, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 128 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 503 बर्थ एवं 06 अगस्त को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 23, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 130 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 523 बर्थ उपलब्ध है।

बढ़नी से चलने वाली 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनल वाया कानपुर सेंट्रल विशेष गाड़ी में 18 अगस्त को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 50 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 657 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 09196 मऊ-बडोदरा वाया बनारस विशेष गाड़ी में 29 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 14, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 67 बर्थ एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 213 बर्थ एवं 05 अगस्त को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 348 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 288 बर्थ उपलब्ध है।

## उप्र ग्रामीण बैंक वर्कर्स एवं ऑफिसर आर्गेनाईजेशन ने किया धरना-प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक वर्कर्स एवं ऑफिसर आगेर्नाईजेशन (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) ने शुक्रवार को गोमती नगर स्थित आर्यावर्त बैंक के मुख्यालय परिसर में अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष संजय शाही ने बताया कि हम देश की जनता एवं संबंधित शासकीय तंत्र का ध्यान देशभर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हो रही दीर्घकालिक अन्यायपूर्ण स्थिति की ओर आकृष्ट कराना चाहते हैं। इन कर्मचारियों की निरंतर और न्यायोचित मांगों की अनदेखी तथा संवाद की अनुपस्थिति को देखते हुए अखिल भारतीय ग्रामीण बैंक अधिकारी संगठन तथा अखिल भारतीय ग्रामीण बैंक वर्कर्स संगठन, जो कि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से संबद्ध हैं, ने एक चरणबद्ध आंदोलन आरंभ करने का निर्णय लिया है, ताकि आरआरबी कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को उजागर किया जा सके।

आंदोलन की रूपरेखा के बारे में बताते हुए महासचिव रोहित सिंह ने बताया कि हम पूरे देश में शुक्रवार को सभी ग्रामीण बैंकों के प्रधान कार्यालय पर अपनी मांगो के समर्थन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर वित्त मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके आगे यदि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो दिनांक 22 अगस्त को राष्ट्रव्यापी एक दिवसीय हड़ताल की जाएगी। उनकी मुख्य मांगों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के आईपीओ प्रस्ताव को तत्काल वापस लिया जाए ताकि इन बैंकों की ग्रामीण और सार्वजनिक प्रकृति बनी रहे।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में 36 प्रकरणों की जनसुनवाई, त्वरित निस्तारण के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इंदिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 36 शिकायती पत्रावलियों पर जनसुनवाई की। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने की दिशा में आवश्यक निर्णय लिये। लखनऊ के देवेन्द्र सिंह द्वारा चिकित्साधिकारी सीमा सिंह की लेवल-2 से लेवल-3 पर प्रोन्नति न होने की शिकायत की गई थी। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा निदेशक प्रशासन ने अवगत कराया कि सीमा सिंह की प्रोन्नति लेवल-1 से लेवल-2 पर की जा चुकी है और लेवल-3 पर प्रोन्नति की प्रक्रिया प्रगति में है। आयोग ने एक माह का समय देते हुए अब तक की कार्यवाही को त्वरित और संतोषजनक बताया। शिकायतकर्ता ने आयोग और शासन का आभार व्यक्त किया। सीतापुर की उमा देवी द्वारा मकान पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई। जनसुनवाई में उपस्थित उपजिलाधिकारी सिथौली, राखी वर्मा को निर्देश दिए गए कि पिछड़े वर्ग की वृद्ध महिला के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो और यदि अवैध कब्जा हो तो तत्काल स्थल पर जाकर उसे मुक्त कराया जाए।

लखनऊ नगर निगम में कार्यरत रहे आनंद कुमार सिंह की पत्नी सुधा सिंह ने पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्युटी, राशिकरण तथा सामूहिक जीवन बीमा भुगतान न होने की शिकायत की। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को तलब कर देरी पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि 10 दिन के भीतर समस्त भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अम्बेडकरनगर के नितेश मौर्य को कार्यभार न दिए जाने के संबंध में हुई सुनवाई में जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया कि कार्यभार ग्रहण करा दिया गया है। बाराबंकी के राजकुमार द्वारा पिछड़े वर्ग के आधार पर जिला पंचायत सीतापुर द्वारा भुगतान न किए जाने की शिकायत पर आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि समय से भुगतान न हुआ तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। आयोग के सदस्य जनार्दन प्रसाद गुप्ता ने देवीपाटन मंडल में कसौंधन जाति के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों का मामला उठाया।

बहराइच के तहसीलदार ने कठिनाई से इनकार किया, जबकि अन्य जनपदों के अधिकारियों से तीन वर्षों में प्राप्त आवेदनों, जारी प्रमाण पत्रों और निरस्त आवेदनों की विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई।

## एकेटीयू का स्थापना दिवस आज

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस 26 जुलाई को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय परिसर में पौधरोपण करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय की प्रगति पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा गोद लिये गये 5 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र, गोद लिये गये गांव के एक स्कूल एवं घटक संस्थान में संचालित परमार्थ के 25 बच्चों को स्कूल किट दिया जाएगा। जुबली लोगो कॉम्पटीशन के विजेताओं को पुरस्कार धनराशि एवं इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा। इस उपलक्ष्य पर शाम को सांस्कृतिक संध्या के तहत कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिसमें प्रख्यात कवि सुरेंद्र शर्मा, कविता वितारी, प्रियांशु गजेंद्र, शंभू शिखर सहित अन्य कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

## बीबीएयू में विद्यार्थियों को वितरित किए गये टैबलेट



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) शुक्रवार को अंतिम वर्ष (पास आउट) के विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने टैबलेट प्राप्त कर हर्ष और उत्साह व्यक्त किया, जिससे उनके चेहरों पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से देखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर वोकेशनल एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सैक्रेटरी डॉ. हरि ओम उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. शरद सोनकर एवं डॉ. तरूणा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हरि ओम द्वारा विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए।

## विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर बनना जरूरी



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और आइबीएम की ओर से आयोजित ऑनलाइन इंटर्नशिप के प्रतिभागी छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। छात्रों को 60 घंटे का प्रोजेक्ट बेस्ड एक्सपेरिमेंटल लर्निंग वर्चुअल इंटर्नशिप 2025 कराया गया। इंटर्नशिप को 900 छात्रों ने पूरा किया है. इस दौरान छात्रों को नई तकनीकी जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पाइथन, गिट हब आदि का प्रशिक्षण इंडस्ट्री के विशेषज्ञों ने दिया। इंटर्नशिप में छात्रों से विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट वर्क भी बनवाये गये। जिसका विशेषज्ञों ने मूल्यांकन किया। इंटर्नशिप के बाद सभी छात्रों को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिना नई तकनीकी को जाने आगे बढ़ना संभव नहीं है। आज हर क्षेत्र में तकनीकी का दौर है। खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है। इसलिए छात्रों को ऐसी तकनीकी के बारे में न केवल जानना है बल्कि कार्य भी करना सीखना चाहिए। कहा कि विकसित भारत के सपने को आत्मनिर्भरता से ही पूरा किया जा सकता है। हमें तकनीकी से लेकर उत्पादन, नवाचार में आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा। हाल के युद्धों का जिक्र करते हुए बताया कि अब युद्ध मैदान में नहीं लड़े जा रहे हैं बल्कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर सीधे दूसरे देशों में हमले हो रहे हैं। इसलिए हमें अपनी तैयारी को पुख्ता करनी होगी। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई दी।

## स्पेशल बैक परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 26 तक बढ़ी

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए सत्र 2024-25 के स्पेशल बैक परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को 24 जुलाई से बढ़ाकर अब 26 जुलाई 2025 तक कर दिया है। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेश कुमार द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 24 जुलाई थी लेकिन छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 26 जुलाई तक छात्र-छात्राएं स्पेशल बैक परीक्षा फॉर्म समर्पित पोर्टल पर भर सकते हैं। डॉ. महेश कुमार ने स्पष्ट किया कि 26 जुलाई के बाद किसी भी स्थिति में फॉर्म भरना संभव नहीं होगा। अतः सभी संबंधित छात्र-छात्राएं समय रहते अपना फॉर्म भर लें।

## समृद्ध सनातनी सशक्त सनातन मजबूत राष्ट्र अभियान चलायेगी आर्य महासभा त्रिदंडी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- देश भर में क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित किये जायेंगे सनातन शक्ति केन्द्र-पंकज तिवारी

**लखनऊ।** सनातनियों को समृद्ध किये बगैर सनातन धर्म को सशक्त एवं भारत राष्ट्र को मजबूत बनाने की कल्पना सम्भव नहीं इसलिए सनातनियों को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि कुमार त्रिवेदी द्वारा सनातन शक्ति केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।

उपरोक्त जानकारी संगठन के संयोजक पंकज कुमार तिवारी द्वारा आर्य महासभा त्रिदंडी द्वारा लखनऊ कार्यालय में आयोजित एक सभा में दी गई। पंकज तिवारी ने बताया सनातन धर्म विश्व का एक मात्र शांतिप्रिय धर्म है जो सभी पंथ और महजब मानने वालों का सम्मान करता है और सनातन आस्था को ना मानने वालों को भी इससे कभी कोई खतरा नहीं रहा परन्तु यदि कोई सनातन धर्म एवं संस्कृति को समाप्त करने का स्वप्न देखेगा कोई भी सनातनी ना इसको बर्दाश्त करेगा और ना ही विधर्मी आसुरी शक्तियों को भारतवर्ष में स्वीकार किया जायेगा और इसके लिये प्रत्येक सनातनी को एकजुट करते हुये उन्हें आर्थिक,मानसिक एवं सामाजिक रूप से शक्तिशाली बनाया जायेगा और इसमें जगह जगह स्थापित सनातन शक्ति केंद्रों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जायेगी।

## सीएम योगी करेंगे भारत के पहले एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी विश्वविद्यालय का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

- उन्नाव में शुरू हो रहा चंडीगढ़ विवि का नया परिसर, योगी सरकार के कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र को मिली नई उड़ान
- मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा में निवेश के लिए बना अनुकूल वातावरण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रदेश को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि देने जा रहे हैं। वे उन्नाव जनपद में भारत के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ऑगमेंटेड मल्टी डिसिप्लिनरी विश्वविद्यालय चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के उत्तर प्रदेश परिसर का उद्घाटन करेंगे। यह विश्वविद्यालय लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर स्थापित किया गया है और तकनीकी, रोजगारोन्मुखी तथा वैश्विक स्तर की शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते छह वर्षों में ऐसा सकारात्मक और विश्वासपूर्ण वातावरण बना है जिससे देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान अब उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का आगमन इसी का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत की शीर्ष पांच यूनिवर्सिटी में शामिल है। यहां पर सभी कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे, जिससे छात्र भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार दक्ष बनेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीति सभी छात्रों को सरल, सहज, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की है। अब तक प्रदेश में लगभग 20 निजी विश्वविद्यालय स्थापित हो चुके हैं, जबकि 8 सरकारी विश्वविद्यालय भी बनकर तैयार हो चुके हैं। सरकार द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करें जो रोजगारोन्मुखी, तकनीकी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा को बढ़ावा दें।

एआई आधारित शिक्षा से छात्रों की नवाचार क्षमता बढ़ेगी और स्टार्टअप संस्कृति को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस नई शुरूआत से उत्तर प्रदेश की छवि अब केवल पारंपरिक शिक्षा के केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि तकनीक-सम्मत, भविष्य उन्मुख और वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में उभर रही है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का यह नया परिसर प्रदेश को राष्ट्रीय एजुकेशन हब की ओर ले जाने वाला निर्णायक कदम माना जा रहा है।

## जदयू: मनीष श्रीवास्तव बने लखनऊ के जिलाध्यक्ष




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों को देखते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपनी सक्रियता बढ़ा ली है। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल द्वारा अति महत्पूर्ण लखनऊ जिला में समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ मनीष श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि दो माह पूर्व लखनऊ जिला इकाई का गठन करने के लिए संयोजक की जिम्मेदारी दी गई थी। उनके साथ सैकड़ों की संख्या मे विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने आशा व्यक्त की कि मनीष श्रीवास्तव और उनके समर्थक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों एवं पार्टी के विचारों और सिद्धांतों को जिले के कोने-कोने मे पहुंचायेंगे एवं आगामी सभी चुनावों में पार्टी की मजबूत दावेदारी पेश करेंगे। सदस्यता ग्रहण करने में मुख्य रूप से धनंजय तिवारी, संजय श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, एलविन, विनय सिंह, विनय मिश्रा, अनुराध श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, अमित बंसल, पूर्व संयुक्त सचिव लखनऊ बार एड. लक्ष्मी नारायण मिश्रा, आशुतोष कुमार सिंह, वीके राय, दिव्यानश, सचिन, नीमह शर्मा, चंदन आदि प्रमुख हैं। सदस्यता का कार्यक्रम एक सादे समारोह के रूप में प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुआ, जहां प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिनमें प्रदेश महासचिव भैया हरि शंकर, प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत सिंह, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष नंदन, शिव प्रसाद मौर्य आदि शामिल थे। सभी को सदस्यता ग्रहण करवायी।

## उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों में कमी के लिए खोला मोर्चा

कहा बिजली दरों में 45% की हो कमी और निजीकरण का प्रस्ताव हो खारिज, पावर कॉरपोरेशन बिजली दरों में बढ़ोतरी करने के लिए अड़ा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बुलाई गई ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक कमेटी राज्य सलाहकार समिति की बैठक आयोग अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में हुआ संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, मध्यांचल प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल के साथ अनेकों विभागों के विशेष सचिव प्रबंध निदेशक मेट्रो सहित उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा सहित उपभोक्ता प्रतिनिधि व इंडियन इंडसटी संगठन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार जहां बिजली दरों में बढ़ोतरी करने के लिए पूरा जोर लगाया उन्होंने कहा पावर कारपोरेशन के पास दो ही विकल्प है या तो सरकार सब्सिडी दे या बिजली दरों में बढ़ोतरी हो प्रदेश में 5 साल से बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई आयोग इसेसमझे और उनके द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर होने वाले खर्च को भी आम जनता पर डालने के लिए अपनी बात रखी गई जिस पर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कड़ा विरोध करते हुए कहा यह भारत सरकार व नियामक आयोग द्वारा पारित आदेश के खिलाफ है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च पब्लिक पर नहीं डाला जा सकता जब पावर कॉरपोरेशन 18885 करोड़ का टेंडर 27342 करोड़ में दिया उस समय क्यों नहीं सोचा कि यह पैसा कहां से आएगा। जबकि उपभोक्ता परिषद लगातार इसका विरोध कर रहा था की रुपया 9000 करोड़ कौन देगा जो अतिरिक्त खर्च किया जा रहा है और महंगे दरों पर टेंडर दिया गया।

5 सालों से बिजली दरों में बढ़ोतरी इसलिए नहीं हुई क्योंकि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर सरप्लस है इसलिए 5 साल की बात कह कर नॅरेटिव ना सेट किया जाए। सर्वप्रथम विद्युत नियामक आयोग की तरफ से निदेशक टैरिफ सरबजीत सिंह की तरफ से प्रस्तुतीकरण किया गया इसके बाद सभी ने अपनी बात रखनी शुरू की। राज्य सलाहकार समिति की बैठक में तीन सदस्यों ने सामूहिक रूप से बिजली दर में 45% की कमी व निजीकरण के प्रस्ताव को खारिज करने का एक प्रस्ताव भी आयोग के सामने लिखित रूप में पेश कर दिया। जो निजीकरण के लिए एक नया पेच फंसेगा। प्रदेश के उपभोक्ताओं की तरफ से अपनी बात रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा जिस प्रकार से बिजली दर में बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है वह आसंवैधानिक है मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 के तहत टैरिफ का प्रस्ताव आना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया गया पावर कारपोरेशन ने करोड़ों रुपए का कंसलटेंट इस काम के लिए रखा है टैरिफ बनाने के लिए इसके बाद भी इस प्रकार का प्रस्ताव जो रेगुलेशन के विपरीत है कैसे लाया गया इस प्रकार की कार्यवाही से गलत प्रभाव पड़ता है घरेलू उपभोक्ताओं की बीपीएल श्रेणी की दरें रुपया 3 से 4 प्रति यूनिट प्रस्तावित की गई जो भाजपा के संकल्प पत्र के खिलाफ है इसी प्रकार से घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 45% तक की वृद्धि या दशार्ती है कि आम जनता को लालटेन में ले जाया जा रहा।

## सिमुलेशन लैब समय की मांग




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के प्रबंधन संकाय ने अपने नवस्थापित सिमुलेशन लैब के उद्घाटन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह अत्याधुनिक सुविधा प्रबंधन छात्रों के लिए शिक्षा के अनुभव को पूर्णतः नया स्वरूप देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। सिमुलेशन लैब अकादमिक शिक्षण और वास्तविक व्यावसायिक परिदृश्यों के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह छात्रों को एक सुरक्षित वातावरण में सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने, निर्णय लेने की क्षमता, आलोचनात्मक सोच और उद्योग की मांगों के अनुरूप तैयार होने का अवसर प्रदान करती है।

उद्घाटन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रो. आलोक कुमार राय के आगमन से हुई। उनके साथ प्रो वाइस चांसलर प्रो. मनुका खन्ना, विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्रगण उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों का लैब में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लैब के भीतर छात्रों द्वारा तैयार आठ विशिष्ट सिमुलेशन अनुभवों का प्रदर्शन किया गया, जो मानव संसाधन, रणनीति, संचालन, वित्त और नैतिकता जैसे प्रमुख प्रबंधन क्षेत्रों पर आधारित थे। प्रो. आलोक कुमार राय ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने अपने शैक्षणिक जीवन में देखे गए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए सिमुलेशन लैब को समय की मांग बताया।

संक्षेप

## कुछ अलग सोचेंगे तभी होगा नवाचार: डॉ. पवन

**अयोध्या।** जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में समारोह पूर्वक किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया।समारोह को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. तिवारी ने कहा कि जब सकारात्मक और सृजनात्मक सोच होती है तभी विद्यार्थी कुछ बेहतर कर पाते हैं।उन्होंने प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे बाल वैज्ञानिक के प्रदर्श की सराहना करते हुए कहा कि जब कुछ हटकर सोचेंगे तभी निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं को भी विज्ञान के प्रदर्श तैयार करने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। क्रियाओं में सहभागिता करने वाले बाल वैज्ञानिक अपनी सोच से ऐसे आविष्कार करते हैं जो बाद में जीवन का अहम अंग बन जाता है।

# 565 किग्रा गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बांसी के पास चेकिंग के दौरान एक ट्रक कन्टेनर संख्या-एचआर 38 वी 2465 से तस्करी कर ले जायी जा रही कुल 565 किग्रा अवैध गांजा के साथ दो गांजा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तस्करों में साबिर अंसारी पुत्र ढोड़ा अंसारी निवासी ग्राम बेतवनिया थाना चनपटिया जिला बेतिया पश्चिमी चम्पारण बिहार तथा विपिन कुमार पुत्र विश्वनाथ राम निवासी ग्राम चौबे टोला थाना चनपटिया जिला बेतिया पश्चिमी चम्पारण बिहार शामिल है।

बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना को0 पडरौना पर मु0अ0सं0 412/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ मे तस्करों द्वारा बताया गया कि इनका एक संगठित गिरोह है।

जिसमे ये लोग अलग-अलग राज्यों से अवैध गांजा की तस्करी कर ट्रक आदि मे छिपाकर बिहार राज्य ले जाते है तथा वहां से इन गांजा को मांग के अनुसार अलग अलग जगहों पर बेच देते है, जिससे अधिक धन अर्जित करते है।

# आरओ-एआरओ परीक्षा के लिए यातायात पुलिस ने कमर कसी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) की परीक्षा का आयोजन ललितपुर में बनाये गये ग्यारह परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। केन्द्रों तक परीक्षार्थियों को सकुशल और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस भी काफी संजीदा हो चली है।शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पहुंच कर यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने टैक्सी चालकों/मालिकों को संबोधित करते हुये परीक्षा के दृष्टिगत सहयोगात्मक रवैया अपनाने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में आर.ओ./ए.आर.ओ. परीक्षा के मद्देनजर यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पहुंच कर सवारी टैक्सी चालकों से आह्वान किया कि विभिन्न राज्यों व शहरों से परीक्षार्थियों का आगमन शनिवार व रविवार को ललितपुर में होगा। परीक्षार्थी विभिन्न माध्यमों यथा- ट्रेन, बस, कार, ऑटो या फिर दो पहिया वाहनों के जरिए ललितपुर पहुंचेंगे।

यहां ट्रेनों, बसों से आने वाले परीक्षार्थियों को ललितपुर में बनाये गये 11 परीक्षा केन्द्रों तक सकुशल और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए टैक्सी चालक सहयोग करें। इसके अलावा टैक्सी में सवारी किराया मनमाने तरीके से न बढ़ायें। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने में टैक्सी चालकों/मालिकों की अहम भूमिका होगी, जिसका निर्वाह वह पूरी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ करें। 27 जुलाई 2025 दिन रविवार को सुबह 9.30 से अपराह्न 12.30 बजे तक आर.ओ./ए.आर.ओ. परीक्षा ललितपुर में बनाये गये 11 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जायेगी।

## अंतरराज्यीय गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार



**देवरिया** ।साइबर थाना जनपद देवरिया के द्वारा एक अंतर्राज्यीय साइबर फ्रॉड गिरोह का पदार्फाश किया गया है ।इस क्रम में 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है, जिसमें कि सत्यव्रत मिश्रा , जो थाना भटनी जनपद देवरिया का रहने वाला है, वो आम कस्टमर्स से उनकी आईडी का इस्तेमाल करके फर्जी सिम और फर्जी एयरटेल बैंक पेमेण्ट खाता बनाता था और दूसरा अभियुक्त सुमित सिंह, जोकि जनपद भोपाल मध्य प्रदेश का रहने वाला है उसको फर्जी खाते व ई-सिम प्रोवाइड करता था, जिसका बाद में साइबर क्राइम के लिए, साइबर फ्रॉड के लिए इस्तेमाल किया जाता है और इस संबंध में अन्य अज्ञात अभियुक्तों की भी तलाश की जा रही है । थाना साइबर पर इसमें मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और इन अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।इसमें पुलिस की बरामदगी में 01 सिमकार्ड, 03 मोबाइल फोन, 07 आधार कार्ड, 13 आधार कार्ड की छायाप्रतियां, 08 पैन कार्ड की छायाप्रतियां और 1900/- रुपए बरामद हुए हैं । और जो टीम है, जिन्होंने ये गुडवर्क किया है उनको 10,000/- रुपए कैश रिवार्ड भी दिया जा रहा है ।

## सपा ने फूलन देवी की पुण्यतिथि मनायी

**देवरिया** । सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता व जिला महासचिव मंजुर हसन के संचालन मे ₹पूर्व सांसद फुलन देवी की पुण्यतिथि₹ मनायी गयी।उपस्थित कार्यकताओं व नेताओं ने फुलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की फुलन देवी का जन्म एक बेहद साधारण मल्लाह परिवार मे हुआ था।फुलन देवी का प्रभुत्ववादी व सामंती सोच के लोगों ने जिस प्रकार शारीरिक व मानसिक शोषण किया वह हृदयविदारक था।फुलन देवी के साथ जो हुआ वह मानवता को कलंकित व शर्मसार करने तथा नारी स्मिता को तार तार करने वाला था। कार्यक्रम में लक्ष्मण निषाद,परवेज अलम, गब्बू लाल विश्वकर्मा, हृदयनारायण जयसवाल,विजय प्रताप यादव, बेचुलाल चौधरी,यादव, पिंटू पासवान,हरिशंकर चौरसिया,लल्लन गुप्ता, चंद्रभान यादव, लालबचन यादव,, गजेंद्र गौतम,आदि लोग उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत सिसवा - महंथ स्थित आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित श्री दुर्गा जी इंटर कालेज के परिसर में निर्वाण सेवा संस्थान, कुशीनगर द्वारा वृहद पौधरोपण अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक महेश पासवान ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण से बचाव के लिए पौधारोपण के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा।

पृथ्वी पर जीवन के लिए प्रदूषण रहित परिवेश के प्रति हों जागरूक हों और पर्यावरण के लाभ के प्रति लोगों को शिक्षित किया जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रमेश कुमार ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। संस्था द्वारा विद्यालय को दिवाल घड़ी और बच्चों को उपहार भेंट कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। संस्था के प्रबंधक और मुंबई हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विजेंद्र कुमार राय के निर्देशन में शिक्षा, सेवा को लेकर विविध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

सभी का आभार कार्यक्रम संयोजक हृदया नन्द शर्मा ने व्यक्त किए।इस दौरान आरिफ अंसारी, छाया नंदा, ऋतिक, सरिता यादव, आरती शर्मा, मयंक यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रोटीनयुक्त आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ हो रहे टीबी रोगी: सीएमओ

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में क्षयरोगियो को गोद लेने की कार्यक्रम के क्रम में शुक्रवार को सीएचसी के परिसर में 30 क्षयरोगियो को प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गयी। जिसमें 25 क्षय रोगियो को खट्टर एडीबल्स प्राइवेट लिमिटेड कप्तानगंज द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गयी ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये

● 30 टीबी रोगियों में वितरित हुआ पोषण पोटली

कार्यवाहक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ बी एन राव ने कहा कि क्षयरोग से ग्रसित व्यक्ति दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। उन्होंने ने कहा कि जो भी क्षयरोग से ग्रसित व्यक्ति है उन्हें अपने शरीर के रोग से लड़ने वाले प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिये अधिक से अधिक प्रोटीनयुक्त आहार का सेवन करना चाहिये।

सीएमओ ने कहा कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी के अतिमहत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत को




2025 में टीबी मुक्त बनाने के लिये आप सभी का सहयोग जरूरी है ।जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी ने कहा कि निक्षय मित्रो के सहयोग से जनपद टीबी मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि जनपद में क्षय रोग का उपचार ले रहे सभी मरीजों को निक्षय मित्रों के सहयोग से पोषण पोटली दिलाया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि इस पुनीत कार्य हेतु मैं खट्टर एडबिल कम्पनी के प्रबंधक उमेश कुमार एवं टीम को शुभकामनाएं देता हूँ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सूर्यभान कुशवाहा ने कहा कि जो भी टीबी रोगी है वह दवाओं का कोर्स पूर्ण करें बीच मे दवा छोड़ना घातक हो सकता है। उन्होंने ने कहा कि रोगियों के साथ एवं आस पास जो व्यक्ति रह रहा है उसकी भी जाँच अवश्य कराये। सीएचसी के चिकित्सक डॉ एसबी कुशवाहा, डॉ परवेज आलम, डॉ रेनू मिश्रा, डॉ फैसल अब्बास, डॉ गोपाल मद्धेशिया द्वारा एक एक मरीजों को पोषण पोटली दिया गया। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत एसटीएस नवीन चन्द्र मिश्र तथा आभार एसटीएलएस खुर्शीद आलम ने व्यक्त किया। इस दौरान खट्टर एडबिल प्राइवेट कंपनी के एचआर विवेकानन्द दुबे, नीरज गुप्ता, दुर्गेश दीक्षित, आत्मा सिंह, दीपक चौहान, प्रफुल्ल मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## सांसद के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने किया हवन, पूजन, दीर्घायु होने की कामना



**देवरिया** ।सदर सांसद शशांक मणि के जन्मदिवस पर पार्टी कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने मां देवरही मंदिर में हवन पूजन कर सांसद के यशस्वी और दीघार्यु जीवन की कामना की ।इसी क्रम में देहात मंडल के सिंगही गांव में डा अजीत नारायण मिश्रा और मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने कार्यकताओं के साथ वृक्षारोपण कर सांसद के लंबी आयु की कामना की ।सदर सांसद शशांक मणि के जन्मदिवस पर देवरही मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें भोजपुरी लोक गायक राकेश तिवारी ने मां देवरही और बाबा भोलेनाथ के सुंदर भजन प्रस्तुत किए ।इस दौरान पूर्व जिला मंत्री अखिलेश त्रिपाठी, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, गोलू राव, भाजपा नेता मुकुल मणि त्रिपाठी, धीरज सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनीष मणि त्रिपाठी, पी आर ओ प्रिंस चतुवेर्दी, मुकेश सिंह, आनंद मणि, मारकंडे गिरी, चंद्रशेखर सिंह, मनोज मिश्रा, धनंजय मिश्रा, विकास गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# एसपी ने आरटीसी जलपान कैंटीन का किया लोकार्पण

जिला संवाददाता




**देवरिया** । पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर के नेतृत्व में पुलिस विभाग में सुविधाओं के विस्तार एवं सुधार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए आज पुलिस लाइन देवरिया स्थित आरटीसी ( रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर ) परिसर में नवनिर्मित जलपान कैन्टीन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वामा सारथी देवरिया की अध्यक्षा श्रीमती मेघना गुप्ता द्वारा फीता काटकर जलपान कैन्टीन का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री दीपक शुक्ल, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजयराज सिंह, एवं आरटीसी प्रशिक्षुगण तथा अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि पुलिस बल का प्रशिक्षण के दौरान शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय रहना आवश्यक होता है।ऐसे में एक साफ-सुथरी, व्यवस्थित और पौष्टिक जलपान सुविधा प्रशिक्षुओं व पुलिसकर्मियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह कैन्टीन आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव आरक्षियों के साथ-साथ पुलिस लाइन में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों को भी ताजगीपूर्ण वातावरण एवं संतुलित आहार प्रदान करेगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती मेघना गुप्ता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षुओं के समुचित स्वास्थ्य और मनोबल को बनाए रखने में उचित खानपान की महत्ता सर्वविदित है। उन्होंने महिला आरक्षियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझा और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया ।कैन्टीन में साफ-सफाई, गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री, उचित दरें एवं प्रशिक्षुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।यहाँ शुद्ध नाश्ता, चाय-कॉफी, फल एवं अन्य जरूरी खाद्य सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी। परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है ताकि वहाँ आने-जाने वाले पुलिसकर्मी व प्रशिक्षु एक सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा कैन्टीन संचालन समिति को बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए एवं यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि गुणवत्ता व स्वच्छता के मानकों से कोई समझौता न हो।साथ ही यह भी कहा गया कि समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाती रहेगी।

# प्रशासक नियुक्त न होने से नपा कर्मचारियों की सेलरी और पेंशन नहीं हो पा रही निर्गत



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में कार्यरत सभी कर्मचारियों की वेतन व पेंशन निर्गत कराये जाने की मांग को लेकर पार्षदों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा के निधन होने के उपरान्त अभी तक कोई भी प्रशासक को नियुक्त नहीं किया जा सका है।इस कारण नगर पालिका परिषद में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन निर्गत न होने से कर्मचारियों का दो माह का वेतन रूका हुआ है, जिससे उनके सामने जीवन निर्वाह्र/आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पार्षदों ने एकराय होकर जिलाधिकारी के समक्ष जल्द से जल्द कर्मचारियों का वेतन निर्गत किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जगदीश यादव, मुस्तफा खां, जानकी प्रसाद, सोनसिंह यादव, शिवानी कुशवाहा, जितेन्द्र राठौर, पार्षद प्रतिनिधि रजनी रजक, कीर्ति अमित नायक के अलावा अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## निजी भूमि पर पिच रोड बनाने का आरोप

**देवरिया।** रामानुज पांडे ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका उनकी निजी भूमि में बिना पैमाइश के पिच सड़क निर्माण करा रही है।जिससे उनकी कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो रही है।रामानुज पांडे ने बताया कि उनकी भूमि संख्या 84 व 77 में नगर पालिका द्वारा बिना पैमाइश के निर्माण कार्य किया जा रहा है।रामानुज पांडे ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका में शिकायत की। लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका जा रहा है।इससे उनकी कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो रही है।रामानुज पांडे ने नगर पालिका प्रशासन से पैमाइश कराकर सड़क निर्माण करने की मांग की है।पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने बताया कि उन्हें इस संबंध में आवेदन मिला है।जिसे पैमाइश के लिए लेखपाल को प्रेषित किया गया है।उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है।पैमाइश के बाद ही निर्माण कार्य किया जाएगा।

## आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**देवरिया।** महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के निर्देशों के अनुपालन में तथा मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया एवं कुशीनगर के सहयोग से जिला ग्राम्य विकास संस्थान, देसही देवरिया में 23 जुलाई से प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ समापन समारोह में तरकुलवा के खंड विकास अधिकारी परशुराम राम ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ग्राम्य विकास की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं समूह चित्र स्मृति-स्वरूप प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।जिला एवं राज्य स्तर के विशेषज्ञों तथा विषयवार वाताकारों द्वारा व्याख्यान के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित एक संकलित पुस्तक भी उपलब्ध कराई गई प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। समापन सत्र में जिला प्रशिक्षण अधिकारी अरुण कुमार पांडेय ने सभी प्रतिभागियों एवं वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनसे अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार की पिल किया।

# बिजली विभाग के एसडीओ व भाजपा नेता में नोकझोंक हाथपाई में बदली

जिला संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। तमकुहीराज विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे भाजपा नेता अजय राय एवं एसडीओ शुभम अग्रहरि के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोंकझोंक के बाद हाथापाई होने लगी। घटना देख मौके

● गुरुवार की देर शाम की घटना, दोनों पक्ष ने पुलिस को दी तहरीर

पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घटना को लेकर विद्युत उपकेंद्र एवं थाने पर घंटों गहमा गहमी का माहौल रहा। घटना को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। घटना के बाद एसडीओ ने भाजपा नेता के खिलाफ तमकुहीराज पुलिस को लिखित तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

जबकि भाजपा नेता मामले को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद एसडीओ के खिलाफ कारवाई करने का दावा कर रहे है ।गुरुवार की देर शाम विद्युत उपकेंद्र तमकुहीराज पहुंचे भाजपा नेता अजय राय एवं एसडीओ शुभम अग्रहरि के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोंकझोंक के बाद मामला हाथापाई एवं गाली गलौज तक जा पहुंचा। घटना को लेकर भाजपा नेता का आरोप है कि अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या को लेकर एसडीओ से मिलने गए ।जहां मौजूद एसडीओ अपने कार्यालय में बैठकर मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज एवं मारपीट पर आमदा हो गए।

वही एसडीओ शुभम अग्रहरि ने तमकुहीराज पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विद्युत उपकेंद्र पहुंचे भाजपा नेता ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ ही बदसलूकी एवं मारपीट किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला का कहना है कि घटना संज्ञान में आया है। जांच पड़ताल कर आवश्यक कारवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा दौरान सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में प्रगति लाते हुए जिस स्तर से रैंकिंग खराब हो रही है उस पर कार्यवाही करें अन्यथा उस विभाग के अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण खराब रैंकिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खराब प्रगति वाले मुख्य विभागों को कार्यों में सुधार लाये जाने का निर्देश दिए। जीरो पावर्टी की समीक्षा दौरान दुदही, कसया, सुकरौली बीडीओ को चेतावनी देते हुए कार्यों में सुधार लाए जाने का निर्देश दिए साथ ही विभिन्न योजनाओं में सत्यापन रिपोर्ट में भिन्नता पर सभी को फटकार भी लगाई गई।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर




योजना अंतर्गत प्रगति न होने पर संबंधित से पुछ ताछ कर प्रगति लाए जाने का निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के वेंडरों की सूची जारी कर आमजन तक पहुंचने का कार्य करें जिससे लाभार्थियों को आसानी हो सके। जिलाधिकारी ने पी ओ नेडा को निर्देशित किया कि डीपीआरओ से ग्राम प्रधानों की सूची लेकर वार्ता करें ताकि लक्ष्य की पूर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक दिन उपलब्ध कराई जाय।जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाये जाने की प्रगति के संबंध में विधिवत समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत वीडियो फाजिलनगर, हाटा, रामकोला से पुछ ताछ कर निर्देशित किया गया कि अगली बैठक तक लक्ष्य पूर्ति हो जानी चाहिए।उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को सहयोग किए जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई आवास या अन्य योजना में अपात्र पाया गया है तो उसे जीरो पावर्टी में कैसे चयन हुआ इसकी भी जांच कराई जाएगी ।समीक्षा बैठक में नई सड़कों के निर्माण, पर्यटन विभाग, ऋण वितरण वसूली, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाएं, ई-ऑफिस प्रणाली जल निगम, जीरो पावर्टी अंतर्गत 8 विभागों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों- निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग जन पेंशन,किसान सम्मान निधि, पीएम जन आरोग्य योजनासामुहिक विवाह, प्रधान मंत्री आवास, मुख्य मंत्री आवास आदि की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा दौरान पीडी को निर्देशित किया कि यदि किसी को एक किस्त दिया गया या दूसरी किस्त भी दिया गया उसके बाद सत्यापन रिपोर्ट में उसे अपात्र पाया गया तो उसकी रिकवरी गलती करने वाले से हर हाल में होगी। जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारीगण प्रत्येक दशा में योजनाओं के संचालन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, आम जनमानस की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये कि विभागीय योजनाओं के आच्छादन सहित लाभार्थीपरक योजनाओं को लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण कर लिया जाये, किसी भी प्रकार से लम्बित मामलों को अविलम्ब निस्तारित करा दिया जाये।

## फूलन देवी बहादुर नारी थी : चन्द्रभूषण

**देवरिया** । फूलन देवी ने नारी अस्मिता को प्रतिस्थापित करने हेतु कठिन इम्तहान दिया और इसके लिए पूरी दुनिया के समक्ष एक मिसाल कायम किया कि स्त्री कमजोर नहीं होती है ।सनातनपंथियों ने हिंदू संस्कृति में स्त्री को देवी बताते हुए दुर्गा या काली आदि के रूप में एक संस्कृति को प्रभावी बनाने हेतु पौराणिक कथाओं में पुरुष राजाओं को असुर बता उनका वध करवाके उन्हें नायिका के रूप में पूजनीय बताया है तो अपनी इज्जत लूटने वालों के साथ तब जब फूलन देवी को कहीं से न्याय नहीं मिला तो उन्होंने वास्तविक देवी/नायिका बन खुद न्याय प्राप्त किया ।करउक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित फूलन देवी शहादत दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि फूलन देवी ने खुद को फूल और अंगार दोनों रूप में साबित किया है।

फूलन देवी द्वारा खुद को दुनिया की नजरों में नायिका के रूप में लाने वाले महान समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव को धर्म पिता कहने वाली बात का जिक्र करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि हमारा समाज सदैव से किसी के व्यक्तित्व के आकलन में दोहरा मानदंड रखते आया है जिसे तोड़ते हुए मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को एक सम्मानजनक मुकाम दिया। फूलन देवी को उनके शहादत दिवस पर उनके चित्र पर शीश नवाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख सपाईयों में सुरेश नारायण सिंह यादव, राजप्रताप यादव अभिषेक गोंड गुड्डु,दयानंद यादव, संतोष मद्धेशिया,अशोक यादव अयोध्या वर्मा, रामअशीष यादव,बुधई प्रसाद, श्यामराज कन्नौजिया, रामप्यारे यादव,श्यामसुंदर प्रसाद, व्यास यादव, संजय यादव आदि के नाम शामिल हैं।

संक्षेप

## युवक की करंट लगने से मौत

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। 23 वर्षीय नीरज मौर्या की घर में बिजली का तार लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई। सुबह लगभग 7 बजे इनवर्टर के लो होने के संकेत पर नीरज स्टेबलाइजर में बिजली का तार ठीक करने लगा। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। केबल में उसके दोनों हाथ चिपक गए और वह अचेत होकर गिर गया। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़े और उसे तुरंत निजी वाहन से उरदौली के बंगाली अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नीरज अपने घर में किराने की दुकान चलाता था और मात्र तीन महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। पति की मौत की खबर सुनकर उसकी पत्नी बेहोश हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। महोली कोतवाली के इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चैबे का कहना है कि उन्हें गिरधरपुर में करंट लगने से युवक की मौत की कोई सूचना नहीं मिली है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी नहीं दी। ग्रामीणों के अनुसार, नीरज के पिता जगदीश मौर्या करीब ढाई बीघा जमीन के जोतकार हैं। वे सब्जी बेचने के साथ-साथ तंत्र विद्या का भी काम करते हैं। घटना के दो दिन पहले ही वे मैलानी थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र करने गए थे। बेटे की मौत की सूचना मिलने पर वे गांव लौटे। नीरज की मौत के बाद परिवार में उसका 14 वर्षीय छोटा भाई रवींद्र ही सहारा बचा है। इस दुखद घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बिजली विभाग में अफसर नहीं मानते आदेश

सीतापुर। सिधौली पावर हाउस पर अत्यधिक लोड के कारण बिजली आपूर्ति में लगातार समस्याएं आ रही हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सीतापुर के विद्युत अभियंता ने लिखित आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सिधौली पावर हाउस के लोड को कम करने के लिए 39 गांवों की बिजली आपूर्ति महमूदाबाद पावर हाउस से जोड़ी जानी चाहिए। इससे लोड संतुलित होगा और बिजली आपूर्ति नियमित रूप से जारी रह सकेगी। विशेष रूप से पहाड़ापुर गांव की बिजली महमूदाबाद से जोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। हालांकि, महमूदाबाद के एसडीओ सतीश वर्मा इन आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं लाइन के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। फिर भी वे टालमटोल कर रहे हैं। इस मुद्दे पर स्थानीय निवासियों में काफी आक्रोश है। ग्रामीण प्रेमदीप जायसवाल, अफरोज, सलमान, असलम, अफजाल और प्रधान अशोक यादव सहित कई स्थानीय लोगों ने एसडीओ से इस बारे में बात की है। लेकिन वे लगातार टालमटोल कर रहे हैं। इस स्थिति से क्षेत्र के निवासियों को बिजली आपूर्ति की अनियमितता का सामना करना पड़ रहा है। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना से न केवल प्रशासनिक अनुशासन का उल्लंघन हो रहा है। साथ ही आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सड़क निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। मिश्रिख में निषाद पार्टी ने अधूरे सड़क निर्माण को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है। प्रदेश सचिव राजेश कुमार ने कार्यकताओं के साथ उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कुतुबनगर से टड़ियाँवा तक के संपर्क मार्ग का एक हिस्सा दधनामऊ घाट से कुतुबनगर तक अधूरा है। इस मार्ग के निर्माण न होने से स्थानीय ग्रामीणों और हरदोई की ओर से आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग चैरासी कोसी परिक्रमा का हिस्सा भी है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस मार्ग से गुजरते हैं। प्रदेश सचिव ने बताया कि कुतुबनगर से रामकोट तक का मार्ग करीब 4-5 साल पहले बन चुका है। लेकिन शेष हिस्सा अभी तक नहीं बना है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अधूरे मार्ग के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करवाने की मांग की है।

## पत्रकार को मातृ शोक

सीतापुर। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के जिलाध्यक्ष व मान्यता प्राप्त पत्रकार सिराज अहमद की माता का निधन तकरीबन 100 वर्ष की आयु में हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारों, परिचितों, मित्रों और रिश्तेदारों में शोक छा गया। बिसवां निवासी पत्रकार सिराज अहमद के आवास पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए निधन पर गहरा दुःख व्यक्त कर रहे हैं। गत सोमवार की शाम को उनकी माता का निधन हुआ और मंगलवार की सुबह में तदफीन अमल में आई।

# उमस भरी गर्मी से बेहोश हुए स्कूली बच्चे



सीतापुर। अघोषित बिजली कटौती और उमस भरी गर्मी के चलते प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छह से अधिक बच्चे बेहोश हो गए। जिले के अलग-अलग विद्यालयों में यह मामला सामने आया है। लगातार हो रही बिजली कटौती के चलते बच्चों की तबीयत बिगड़ती जा रही है।

सिधौली क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरोरा और विकासखंड हरगांव के प्राथमिक विद्यालय गणेरा कंपोजिट एवं प्राथमिक विद्यालय शरौरा में ये घटनाएं हुईं। गणेरा विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र अजय द्विवेदी और रोली, वहीं शरौरा विद्यालय में कक्षा 7 के छात्र शिवा और सिद्धार्थ, तथा हरगांव के एक प्राथमिक विद्यालय में एक और छात्र गर्मी के कारण बेहोश हो गया। बच्चों की बिगड़ती हालत देख शिक्षकों ने तुरंत उन्हें विद्यालय परिसर से बाहर पेड़ की छांव में खुले आसमान के नीचे पहुंचाया और प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। शिक्षकों ने हाथ के पंखों से राहत देने का प्रयास भी किया, लेकिन लू जैसे हालात में वह नाकाफी साबित हुआ। वहीं परसेण्डी के धोंधी उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो छात्राएं, कसमण्डा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बलोईया, एलिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय सहादतनगर, उच्च प्राथमिक विद्यालय कटेसर व सकरन के कटेसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बेहेश होने की खबर मिली। जिनका प्राथमिक उपचार कराकर घर भेज दिया गया। बच्चों के बेहोश होने को लेकर उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनीष रस्तोगी और मंत्री अराध्य शुक्ल ले जिला प्रशासन से विद्यालय के समय में परिवर्तन करने की मांग की है।

### अभिभावकों ने जताया आक्रोश

अभिभावकों ने बिजली विभाग के खिलाफ कड़ा आक्रोश जताया है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बिजली की कटौती बच्चों की जान के लिए खतरा बनती जा रही है लेकिन विभाग को कोई परवाह नहीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल समय में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, या स्कूल का समय में बदलाव किया जाए।

## जिला अस्पताल में गर्मी से बचना है तो कर्मचारी पंखा घर से लेकर आयें

उन्नाव, (वीओएल)। लाख प्रयासों के बाद भी जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा है। अवस्थाओं के चलते मरीजों और तीमारदारों को सुविधाएं तो दूर रही, कर्मचारियों को पंखे तक नसीब नहीं हो पा रहे हैं। हालात यह है कि कर्मचारी या तो इतनी भीषण गर्मी में बैठकर काम करे नहीं तो अपने घर से पंखा लाकर खुद को होने वाली भीषण गर्मी से बचाए। जिला अस्पताल के पुरुष विभाग में डॉक्टर से लेकर कर्मचारी तक के लिए कूलर पंखे की व्यवस्था नहीं हैं। और जो पंखे लगे हैं। वह भी हवा नहीं दे रहें हैं। तो मरीजों और तीमारदारों का हाल क्या होता होगा। हेल्थ एटिएम मशीन पर काम कर रहे कर्मचारी को घर से पंखा लाकर गर्मी से बचाव करना पड़ रहा है। शासन द्वारा इतना बजट मिलने के बाद भी जिला अस्पताल बदहाली के आंसू बहा रहा है।

### बोले जिम्मेदार

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि वेटिंग हॉल में बने हेल्थ एटीएम में पंखा लगवा देंगे जिससे कर्मचारी को गर्मी से राहत मिल सके।



## वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित



सीतापुर। शुक्रवार समय 12 बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय जिला मुख्यालय सीतापुर मे लोक संघर्ष की प्रतीक, शोषितों की आवाज और वीरांगना फूलन देवी की पुण्यतिथि पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव के द्वारा की गई। गोष्ठी का संचालन जयसिंह ने किया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण करके अपने श्रध्दासुमन अर्पित किये। साथ ही सभी नेतागण ० पदाधिकारी गणों ने भी वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर श्रध्दासुमन अर्पित किये। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 25 जुलाई को, हम फूलन देवी की पुण्यतिथि मना रहे हैं। 2001 में आज ही के दिन, फूलन देवी की नई दिल्ली में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फूलन देवी एक शक्तिशाली महिला थीं, जिन्होंने सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और दलितों और पिछड़ों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी शहादत हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने और समानता के लिए संघर्ष जारी रखने के लिए प्रेरित करती है। विधायक अनिल वर्मा जी कहा कि 1994 में समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के आदेश पर फूलन देवी के खिलाफ आरोप हटा दिए गए थे। जेल से रिहा होने के बाद, वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गईं और 1996 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर से संसद सदस्य (एमपी) के रूप में भारतीय निचले विधायी निकाय, लोकसभा में एक सीट ली। वह 37 हजार के अंतर से जीतीं और उनके कुल वोट 300,000 से अधिक थे। वह भगवती देवी और शोभावती देवी जैसी अन्य सांसदों में शामिल होने वाली एकमात्र निरक्षर सांसद नहीं थी। फूलन देवी ने महिलाओं के अधिकारों के लिए और गरीबों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सीमित सफलता के साथ अभियान चलाया। मल्लाह लोग अपनी जाति के किसी व्यक्ति को पहली बार संसद में प्रतिनिधित्व करते देख खुश थे और वह आम तौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के बीच लोकप्रिय थीं। गोष्ठी में मुख्य रूप से विधायक अनिल वर्मा, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड अंकित त्रिवेदी, जिला सचिव चंद्रशेखर यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह, मो नादिर, श्याम किशोर पाल, रेहान अहमद, नदीम, डॉ चन्द्रभाल भार्गव, रामजीवन वर्मा, संतोष वर्मा, नवनीत वर्मा, राजकिशोर गौतम, राजवीर यादव, सरनाम सिंह यादव सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक संसाधनों के बेहतर उपयोग सुनिश्चित किये जायें



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सीतापुर नगर क्षेत्र स्थित कम्पोजिट विद्यालय अम्बेडकर नगर, प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर, प्राथमिक विद्यालय कोट कर्बला एवं प्राथमिक विद्यालय कजियारा का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक संसाधनों के बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। बच्चों को रोचक पद्धतियों से सिखाया जाये, जिससे पढ़ाई के प्रति उनमें रूचि जागृत हो सके। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नियमित रूप से गतिविधियां आयोजित की जायें। बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण अवश्य करें तथा निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता अवश्य देखें। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## देख-रेख के अभाव में सूखे पौधे



सीतापुर। रोपण के लिए लाए गए हरे भरे पौधों को जिम्मेदार लगवाना ही भूल गये। जिसके चलते 25 दिनों से खुले आसमान के नीचे रखे पौधे देखरेख के अभाव में सूख गये। विकासखंड सकरन में सांडा से सकरन तक मतुआ भोलागंज मार्ग के किनारे रोपण करने के लिए वन विभाग द्वारा लाए गए अर्जुन, यूके लिप्टस, भिलोर आदि के करीब 300 से ऊपर पौधों को विगत 30 जून को भवानीपुर गांव के करीब रोड़ के किनारे रखवा दिया गया था। उसके बाद रोड़ के किनारे विभाग द्वारा वृक्षारोपण तो करा दिया गया। मगर रखवाए गए पेंड़ों को उठवाया नहीं गया। जिस वजह से 25 दिनों से भीषण धूप में रखे सारे पेंड़ सूख गये। विभाग द्वारा इससे पहले भी हरे भरे पेंडों को फेंकवाए जाने का मामला किया जा चुका है। रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी ने बताया कि मामले की जांच करवा कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

## खत्री महिला सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। खत्री सभा की एक बैठक जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में हुई। खत्री सभा के संरक्षक जयकार नाथ कपूर, डॉ आरके टंडन, डॉ प्रमोद धवन, सुधीर मेहरोत्रा, गोपाल टंडन के मार्गदर्शन मे एवं महिला खत्री सभा अध्यक्ष निर्मला मेहरोत्रा ने खत्री सभा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा से विचार विमर्श करके खत्री सभा महिला जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारी की घोषणा की है।

महिला खत्री सभा के संरक्षक पद पर खत्री नीलम धवन, खत्री निधि खन्ना, पूजा मेहरोत्रा, पूनम मेहरोत्रा को मनोनीत किया। महिला जिलाध्यक्ष पद पर निर्मला मेहरोत्रा ने उपाध्यक्ष पद पर सीमा महेन्द्र, अंशु मेहरोत्रा को मनोनीत किया है। महामंत्री पद पर पूनम टण्डन को मनोनीत किया गया है। मंत्री पद पर अरिमा टण्डन, स्नेहा महेंद्र, अंकिता सहगल को मनोनीत किया। कोषाध्यक्ष पद पर रुचि मेहरोत्रा को मनोनीत किया गया है। मीडिया प्रभारी पद पर ममता मेहरोत्रा को मनोनीत किया है। सास्कृतिक मंत्री पद पर शुभा मेहरोत्रा, कृति टण्डन, पारुल मेहरोत्रा, रीतू टण्डन, रूचि कपूर को मनोनीत किया है। प्रचार-प्रसार मंत्री दीपाली खन्ना, अंजली धवन, रीना धवन, पूजा मेहरोत्रा, कविता धवन को मनोनीत किया है। उक्त मनोनयन पर संरक्षक खत्री श्री सुधीर मेहरोत्रा, खत्री श्री गोपाल टंडन, महिला मोर्चा अध्यक्ष खत्री निर्मला मेहरोत्रा, जिला महामंत्री रेनू मेहरोत्रा, जितेन्द्र मेहरोत्रा, सौरभ मेहरोत्रा जिला उपाध्यक्ष खत्री सचिन मेहरोत्रा, खत्री श्रीमती मीनू कपूर, खत्री मनोज कपूर, खत्री नितिन मेहरोत्रा, खत्री मनोज सेठ, खत्री विशाल टंडन, विधिक प्रकोष्ठ खत्री मनमोहन टंडन, नितिन मेहरोत्रा, अलोक टंडन, जिला मंत्री खत्री आरती मेहरोत्रा, खत्री रति सहगल, खत्री नितिन मेहरोत्रा, राजीव टंडन, करन मगन, खत्री अमर मेहरोत्रा, खत्री वैभव मेहरोत्रा, खत्री शोभना मेहरोत्रा, खत्री प्रभात महेंद्र, खत्री शैली महेंद्र, खत्री शिल्पी टंडन, खत्री श्रीमती नेहा महेंद्र, खत्री लीना पुरी, खत्री राम मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष खत्री केसी कपूर, व्यवस्थापक मंत्री खत्री आशू कपूर, व्यवस्थापक धर्मशाला खत्री प्रदीप धवन, खत्री कमल किशोर मेहरोत्रा आदि खत्री समाज के जनों ने हर्ष वक्त किया।

## योजनांतर्गत और अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने की आवश्यकता



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री कार्यालय से संबद्ध भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा निदेशक सौरभ शुक्ला द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पी0एम0एम0वाई0) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार, जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा निदेशक सौरभ शुक्ला ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत जनपद में शिशु, किशोर एवं तरुण श्रेणियों में ऋण वितरण की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने ऋण वितरण की वर्तमान स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए योजनांतर्गत और अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिए कि योजना के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों, महिलाओं, युवाओं तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देते हुए अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंकों के प्रतिनिधियों एवं मुद्रा लाभार्थियों से वार्ता कर उनके सुझावों को भी सुना। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में मुद्रा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों की पहचान कर समयबद्ध ढंग से ऋण वितरण, बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सरलता, स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु युवाओं एवं महिलाओं को प्राथमिकता, योजना का प्रचार-प्रसार बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करना शामिल है। बैठक के अंत में श्री शुक्ला ने जनपद में मुद्रा योजना की क्रियान्वयन स्थिति की सराहना करते हुए अधिकारियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## अनुराग भारती सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

सीतापुर। जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0, लखनऊ की अधिसूचना 16 जुलाई द्वारा जनपद सीतापुर के नगर पालिका परिषद महमूदाबाद एवं मिश्रिख-नैमिषारण्य के रिक्त अध्यक्ष पद पर उप निर्वाचन माह जुलाईध्अगस्त-2025 सम्पन्न कराने हेतु कार्यालय आदेश 16 जुलाई द्वारा निर्वाचन अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। नगर पालिका परिषद मिश्रिख- नैमिषारण्य में सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त महेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, नलकूल खण्ड-1 का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए तत्काल प्रभाव से उनके स्थान पर आरक्षित कर्मचारी अनुराग भारती, सहायक अभियन्ता, नलकूप खण्ड-1 को नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य हेतु सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाता है। अनुराग भारती निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप निर्वाचन सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नौनिहालगंज निवासी विजय कुमार 35 वर्ष पुत्र स्व0 जगदीश कुमार शुक्रवार सुबह किसी कार्य से हफीजाबाद गांव गए थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे ई-रिक्शा से वापस घर लौट रहा था। तभी हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित एक विद्यालय के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उसे सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां रामबेटी बड़ा भाई अजय व अन्य स्वजन रो रोकर बेहाल होते रहे। बड़े भाई अजय ने बताया दिवंगत घरेलू इलेक्ट्रीशियन था। सुबह किसी कार्य से हफीजाबाद गांव गया था। जहां से ई-रिक्शा से वापस घर लौट रहा था। तभी हादसे में उसकी मौत हो गई।

## सिकंदरपुर में खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान बाधित, वाहन का नहीं हुआ भुगतान

उन्नाव। सिकंदरपुरकर्ण में तैनात पशुचिकित्सा अधिकारी ने एक पत्र भेजकर डीएम से शिकायत की है कि इस समय खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। वाहन के बिल का भुगतान न होने से अभियान प्रभावित हो रहे है। एक वाहन जो कि प्रचार में प्रयुक्त हो रहा है जिसका पंजीयन यूपी 35 जी 0355 के बिलो का भुगतान अगस्त 24 से मई 25 तक नही हुआ है। ऐसे में सरकार की जागरुकता संबन्धी मंशा पर बट्टा लगाने का काम कही न कही संबन्धित विभाग कर कर रहे है। जिन पर पहले ही कई तरह के भ्रष्टाचार संबन्धी आरोप लग चुके है। पशु केंद्रों के उत्थान के लिए सरकार ने बजट दिया। जिसमें इन इमारतों की रंगाई पुताई व मरम्मत का काम करवाना था। जिससे केंद्र नए हो जाए और इनमें आने वाले लोगो के जीवन पर जर्जर इमारत का खतरा भी न पनपने पाए। लेकिन अधिकारियों की खाउ कमाउ मंशा ने इन योजनाओं पर बट्टा लगा दिया। सिकंदरपुरकर्ण में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी ने बीस प्रतिशत कमीशन की मांग किए जाने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि कमीशन हम कहा से दें। हालांकि उक्त चिकित्सक ने डीएम से इसकी शिकायत कर मामले की जानकारी दी है। चिकित्सक की माने तो पेट्रोल पंप से प्रमाण पत्र मिलने के बाद कार्यालय में जमा कर दिए गए। फिर भी पेंमेंट रोक दिया। जानकार बताते है कि रंगाई पुताई के मामले में सीवीओ की कुछबिंदवार जांच चल रही है। जांच डीएम गौरांग राठी को मिली है। इसके साथ ही जांच आख्या जल्दी प्रेषित करने के निर्देश हुए है। शासन के मामला संज्ञान लेने के बाद से ही विभाग में हडकंप मच गया है। चचाएं तो यहां तक है कि अगर मामले में जांच आगे बढ़ी तो कमियां उजागर होने की बात से इंकार नही किया जा सकता है।

## डीएम ने ऋण राशि की चेक देकर उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया

उन्नाव, (वीओएल)। यूनियन बैंक द्वारा उन्नाव जनपद में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी रहे। साथी विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनियन बैंक के लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक राजेश कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि यूनियन बैंक आफ इंडिया ने ऐसा लोन शिविर आयोजित करके एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य बैंकों को भी ऐसे शिविर आयोजित करने को कहेंगे। साथ ही उन्होंने सीएम युवा उद्यमी योजना में प्रदेश व जनपद में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रथम स्थान पर होने की प्रशंसा की। इस दौरान लगभग 100 युवाओं को उनके रोजगार हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रदान किया गया। युवा उद्यमियों ने अपने-अपने स्तर लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी जिलाधिकारी व महाप्रबंधक महोदय के समक्ष किया। कार्यक्रम में विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले यूनियन बैंक सिविल लाइन शाखा के प्रबंधक अरुण कुमार बाजपेई, नेतुआ शाखा के प्रबंधक प्रेम सिंह, अचलगंज शाखा के प्रबंधक रत्नेश सिंह को जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा द्वारा शील्ड देते हुए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों एवं लाभार्थियों का स्वागत किया, उप क्षेत्र प्रमुख मनीष अवस्थी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त टीम एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## गोवंशीय पशुओं की मौत से हिन्दूवादी संगठनों में गुस्सा

गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) छोटीकाशी गोला में लाल कुआं से वाराणसी जाने वाली ट्रेन से दो गोवंशों की मौके पर मौत से हिन्दूवादी संगठनों में गुस्सा है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के अनूप गुप्ता ने गोवंशीय पशुओं की रेल दुर्घटना में हुई मौतों की जानकारी देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कौन सी जानवरों की मौत की सूचना पाकर एसडीएम और तहसीलदार ने रेलवे पुलिस और स्टेशन अधीक्षक के साथ मौका मुआयना कर मृतक गोवंशीय पशुओं के शवों का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करवा दिया। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला उपाध्यक्ष गौरक्ष अनूप गुप्ता को मिली तो वह अपने तमाम साथियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, देखा तो दो गौवशों की मृत्यु हो चुकी थी। हिंदू संगठनों का कहना है कि बीते दिनों एक गोवंश अलीगंज रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई थी और फिर गोवंशों की मृत्यु हुई है। अनूप गुप्ता का कहना है कि बीते दिनों रेलवे की लापरवाही से यूरिया खाद खाकर कई गोवंशों की मृत्यु हो गई थी और फिर रेलवे प्रशासन की लापरवाही से दो गोवंशो की दर्दनाक मौत हो गई जोकि रेलवे अधिकारियों को गंभीरता से लेना चाहिए। वहीं जिला लखीमपुर में छाउछ चैराहे पर चार पहिया वाहन की टक्कर से तीन गोवंशो की मौके पर मौत से गाड़ी चालक पर हिंदू संगठनों ने जिला अधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर अंकित ठाकुर, जीतू, मोहित राठौड़, नगर अध्यक्ष विकास सोनी, नगर उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, अनिल यादव, शिव कुमार तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अमान्य प्राइवेट विद्यालयों को लेकर तल्ख रहे बीईओ के तेवर, बंद करें संचालन



मोहान, उन्नाव (वीओएल)। विकासखंड औरास में अमान्य प्राइवेट विद्यालयों का संचालन होने अथवा मान्यता से ऊपर की कक्षाओं के संचालन पर बीईओ संजय शुक्ल ने कठोर कार्यवाही करने की बात कही। विकास खंड के रामपुर गढ़ौवा में चल रहे दो प्राइवेट विद्यालयों की मान्यता की जांच को लेकर बीईओ सख्त दिखे।

क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर पहुंचे बीईओ ने गांव में संचालित तिलकराम चौरसिया स्कूल और रामाधीन विद्यालय की जांच में प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि, किसी भी प्रकार का फजीर्वाड़ा पाया जाने पर त्वरित कार्यवाही के लिए तैयार रहें, दोपहर एक बजे पहुंचे बीईओ ने विद्यालयों में ताला लगा होने पर शंका व्यक्त करते हुए जल्द ही दोबारा औचक निरीक्षण की बात कही। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में लगभग डेढ़ बजे बीईओ ने कक्षाओं के संचालन की स्थिति देखी, बच्चों से हिंदी, गणित और विज्ञान विषय के प्रश्न पूछे, विज्ञान में रासायनिक सूत्र और हिंदी विषय के अंतर्गत कृष्णभक्ति की रचनाएं लिखने वाले कवियों के नामों पर चर्चा की। बच्चों के साथ विज्ञान कार्यशाला में रोबोटिक हैंड और कृषि उपकरणों पर विस्तृत चर्चा की, बच्चों ने स्वनिर्मित मॉडल्स का प्रदर्शन किया। संजय शुक्ल ने शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। विद्यालय में 113 के सापेक्ष 92 उपस्थिति होने पर बीईओ संतुष्ट नजर आए। कक्षा 6 के बच्चों को लेकर गणित विषय पर और अधिक बल दिए जाने के निर्देश दिए। बीईओ ने सभी बच्चों को नई शिक्षा नीति से परिचित करवाते हुए काउंसलिंग की। अनुशासित कक्षाएं, सभी कक्षाओं में समयसरणी और नोटिस बोर्ड पर छात्र आंकड़े अंकित होने पर बीईओ ने विद्यालय स्टाफ की सराहना की। विद्यालय पर नामांकन बढ़ाने और कमजोर बच्चों को लेकर रेमेडियल टीचिंग के निर्देश दिए। शिक्षक डायरी में सुधार के निर्देश भी दिए गए। स्टाफ में प्रधानाध्यापिका शशि देवी और सहायक प्रदीप कुमार वर्मा, शाहे खुबा, रमनजीत कौर, इंद्रपाल समेत पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# मेडिकल कॉलेज की परखी गयीं व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग के क्रम में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर का 02 सदस्यीय टीम जिसमें डा0 सुधीर कुमार, आचार्य, प्लास्टिक सर्जरी, राजकीय मेडिकल कॉलेज झाँसी, डा0 सौरभ अग्रवाल, आचार्य, ऑर्थोपेडिक्स विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज झाँसी द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय का शासन द्वारा निर्धारित 28 बिन्दुओं पर स्थलीय निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा आकस्मिक विभाग एवं ट्रामा सेन्टर में चिकित्सकों, तकनीकी

**●दो सदस्यीय टीम द्वारा 28 बिन्दुओं पर किया गया स्थलीय निरीक्षण**

एवं नर्सिंग स्टाफ की चैबीसों घंटे सातों दिन उपलब्धता, समुचित मात्रा में औधधियों की उपलब्धता, जीवन रक्षक उपकरणों की क्रियाशीलता एवं डायग्नोस्टिक पैथोलॉजिकल व रेडियोलॉजीकल जांचों की आकस्मिक विभाग में व्यवस्था, पैथोलॉजिकल व रेडियोलॉजीकल जांचों की हर रोज सुविधा एवं रेट लिस्ट का डिस्प्ले, आई0सी0यू0 की पूर्ण क्रियाशीलता एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता की स्थिति, एम्बुलेंस एवं शव वाहन की वाहन चालक सहित रोजाना उपलब्धता एवं चिकित्सालय परिसर में प्राईवेट एम्बुलेंस/वाहन चिकित्सालय परिसर में क्रियाशीलता की स्थिति, ऑक्सीजन की व्यवस्था हेतु एलएलओ, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट (पी0एस0ए0) सिलेण्डर इत्यादि की क्रियाशीलता एवं उपलब्धता को परखा गया। इसी क्रम में टीम ने बायोमेडिकल वेस्ट, पर्यावरण कन्ट्रोल आदि के महत्वपूर्ण वैध प्रमाण-पत्रों की उपलब्धता एवं समय-समय पर अनुश्रवण, चिकित्सालय के वार्डो में पर्याप्त संख्या में बेडशीट एवं प्लो आदि की व्यवस्था/उपलब्धता की स्थिति, चिकित्सालय में कैन्टीन में गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता, स्टाफ की संवेदनशीलता, व्यवहार, यूनिफार्म की उपलब्धता, साफ-सफाई की व्यवस्था की स्थिति, चिकित्सा शिक्षकों, रेजीडेण्ट एवं कर्मचारीगण की चिकित्सालय एवं एकेडमिक ब्लॉक में समय पर उपलब्धता को परखा। चिकित्सालय परिसर में ओ0पी0डी0 में चिकित्सकों का रोस्टर एवं ससमय उपस्थिति, ओ0पी0डी0 में चिकित्सकों द्वारा जेनरिक दवाईयां लिखी जा रही है या नहीं, चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केन्द्र/अमृत फामेर्सी का सातों दिन संचालन, चिकित्सालय में दलालों पर प्रतिबन्ध लगाने की स्थिति, चिकित्सालय परिसर में कुल (पुरूष/महिला) शौचालय की संख्या तथा उनकी क्रियाशीलता व साफह्य-सफाई की स्थिति तथा दिव्यांगजनों हेतु शौचालयों की स्थिति, चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई की स्थिति,चिकित्सालय में ए0सी0/कूलर/पंखे की क्रियाशीलता की स्थिति।चिकित्सालय परिसर में साफ पेयजल की स्थिति आदि को परखा गया।टीम ने छात्रों के शैक्षणिक कार्यो का नियमित रूप से पर्यवेक्षण, केन्द्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों एवं जर्नल्स की उपलब्धता, छात्रावास का नियमित रूप से वार्डन एसं सहायक वार्डन द्वारा नियमित स्थलीय निरीक्षण तथा समय-समय पर प्रधानाचार्य द्वारा पर्यवेक्षण की स्थिति, छात्रावास की साफ सफाई एवं छात्रावासों में स्थित शौचालय की स्थिति, सुरक्षा हेतु जारी भूतपूर्व सैनिकों की स्वीकृति के अनुसार उनकी उपलब्धता व अस्पताल परिसर, गर्लस हॉस्टल, इमरजेन्सी इत्यादि अन्य स्थानों में तैनाती की स्थिति, प्रधानाचार्य/उप प्रधानाचार्य द्वारा अस्पताल के भ्रमण किये जाने की स्थिति, आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा संचालित किये जाने वाले कार्यो यथा-साफ-सफाई, भोजन, लाउण्ड्री आदि की गुणबत्ता, आउटसोर्सिंग कर्मियों का मानदेय एवं भुगतान की स्थिति, मेडिकल कालेज/संस्थान में अस्पताल प्रशासन के सहयोग हेतु नाना पी0जी0 जे0आर0 के पदों के सापेक्ष एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 जिनके पास अस्पताल प्रशासन की डिग्री है की तैनाती की स्थिति, राजकीय मेडिकल कॉलेजों में रोगी कल्याण समिति की क्रियाशीलता की स्थिति को बारीकी से देखा एवं परखा गया। निरीक्षण में प्रो0 डा0 मयंक कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य, प्रो0 डा0 श्रुति सिंह, उप प्रधानाचार्य, पैथोलॉजी विभाग,डा0 गजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 पवन सूद वरिष्ठ फिजिशियन, डा0 मधुरेन्द्र सिंह राजपूत, आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग, डा0 देश निधि सिंह, सह आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग, , डा0 चेतन राज सिंह, निश्चेतना विशेषज्ञ, डा0 डी0के0 राज वरिष्ठ सर्जन,डा0 विशाल जैन सर्जन, डा0 के0के मिश्रा ऑर्थो सर्जन आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के जिला संयोजक मनोनीत होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता जहीर खान को बधाई दी




जिला संवाददाता

**नगीना, बिजनौर।** विधि विभाग उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रदेश चेयरमैन नितिन मिश्रा एड0 के अनुमोदन पर जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल ने सिविल कोर्ट नगीना के वरिष्ठ अधिवक्ता जहीर अहमद खान को संगठन का जिला संयोजक मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर अधिवक्ताओं व पार्टी कार्यकताओं ने एक सादे समारोह में उन्हें मुबारकबाद पेश की। थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के मौहल्ला गौहरअली खा निवासी नगीना कोर्ट ने वकालत करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता जहीर अहमद खान जो लंबे समय से काँग्रेस के प्रति समर्पित व सक्रिय है उनकी पार्टी व संगठन के प्रति लगन व मेहनत को देखते हुए विधि विभाग उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के बिजनौर जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट ने नगीना सिविल कोर्ट पहुंच कर जहीर अहमद खान को विधि विभाग का जिला संयोजक मनोनीत किया और संगठन के प्रदेश चेयरमैन नितिन मिश्रा द्वारा अनुमोदित मनोनयन पत्र उन्हें दिया। इस अवसर पर उनके साथ काँग्रेस कमेटी बिजनौर के कोषाध्यक्ष मौ0 आरिफ खान एड0 व विधि विभाग के जिला सह संयोजक व बढ़ापुर काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फरीद अहमद खान एडवोकेट भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मसलाउद्दीन खान, प्रेम कुमार शर्मा एडवोकेट, अमित शर्मा, कुशलपाल सिंह, मुख्तार अहमद, अरशद जावेद, मौ0 शफीक, शादाब अहमद, जसीम उस्मान, सरफूराही, असलूब अहमद आदि अधिवक्ताओं ने जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट का स्वागत किया और नवमनोनीत जिला संयोजक जहीर अहमद खान को मुबारकबाद दी और उनसे आशा व्यक्त की कि वह अधिवक्ताओं के हित व पार्टी संगठन को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगे।

## वन विभाग की ओर से जेम्स कार्बेट की 150 वी जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**कोटद्वार, बिजनौर।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के स्वागती केन्द्र कोटद्वार में एडवर्ड जेम्स कार्बेट की 150 वी जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मेहरवान सिंह कण्डारी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को कार्बेट जी के जीवनी से सम्बंधित कार्बेट लैगेसी फिल्म दिखाई गयी। एडवर्ड जेम्स कार्बेट की 150 वी जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रथम पाली में विद्या मंदिर के लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया व द्वितीय पाली में होटल ऐसोसिएशन के सदस्यों को फिल्म दिखाई गई व तृतीय पाली में पर्यटको एंव आमजन मानस को भी कार्बेट लैगेसी फिल्म दिखाई गई। जिनके नाम निम्न प्रकार है। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी पाखरो रेंज आशीष मोहन तिवारी, प्रभारी स्वागती केन्द्र कोटद्वार वन दरोगा रवीन्द्र देव, प्रिया डोबरियाल, कुसुम, आकाश रावत, मोहन चन्द्र, पवन नेगी, वसीम एंव होटल ऐसोसिएशन से रचित, विकास पीक एंड पाइंस, कुनाल द लैन्सवुड एंड एस्टेट, अनूप देवरानी विस्ताना हैरिटेज पर्यटको एंव जन मानस के नाम कान्हा नेगी, स्वेता, भारती, तनिष्का, विनय दुआ आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर से गिरकर बेलदार की मौत

**बांदा।** चलते ट्रैक्टर से गिरने के कारण मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान इचौली गाँव निवासी बेलदार लालू के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब लालू ट्रैक्टर में सामान लादकर बांदा से मोहनपुरवा जा रहा था लेकिन वह गाँव पहुंचते ही अचानक ट्रैक्टर से गिर गया जिससे उसे गंभीर चोटें आयीं। लोगों ने फौरन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन मेडिकल परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने लालू को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लालू आजीविका के लिए बेलदारी का काम करता था और इसी से परिवार का भरण पोषण करता था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई चल रही है। दुर्घटना से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है।

## कांवड़ियों के जत्थे का स्वागत, चित्रकूट रवाना



**बाँदा।** शहर के कालूकुआं मुहल्ले से निकली काँवड़ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। भक्तों ने यात्रा में शामिल शिवमूर्ति की पूजा-अर्चना की और काँवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। श्री बामदेव काँवड़िया समिति के तत्वाधान में शहर के काळूकुआँ स्थित आशा राम सोनी के मकान से निकाली गई काँवर यात्रा ओवर ब्रिज, पीली कोठी, सब्जी मंडी रोड, शंकर गुरु चौराहा, महेश्वरी देवी मंदिर चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंची। यात्रा में घोड़े, भगवान शिव जी की मूर्ति व बैंड बाजा के साथ कांवड़ यात्रा निकली। समिति के संरक्षक प्रेम गुप्ता व अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में निकाली गई इस काँवड़ यात्रा का भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष संतू गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, समाज सेवी अमित सेठ भोलू ने काँवड़ियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। यात्रा में बच्चे व बच्चियाँ भी कंधे पर कांवड़ लेकर चल रही थीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि काँवड़ यात्रा भक्तों की श्रद्धां, भक्ति का प्रतीक व महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें शिवभक्त काँवड़ लेकर पवित्र नदी पहुँचते हैं और वहां से जल लेकर शिव जी की मूर्ति को अर्पित करते हैं। काँवर यात्रा में समिति के प्रबंधक अनुज गुप्ता, उपाध्यक्ष रामआसरे गुप्ता, राजेश गुप्ता, अनमोल जड़िया के अलावा महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल रहे '

## कोर्ट में तारीख पर आयी महिला केअपहरण का प्रयास

जिला संवाददाता

ललितपुर। परिवार न्यायालय से तारीख करके लौट रही महिला को रास्ते में रोकते हुये उसके पति, फूफा ससुर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और विवाद करते हुये अपहरण करने का प्रयास किया। शोरगुल होने पर वहां से गुजर रहे वरिष्ठ पत्रकार महेश प्रसाद शर्मा ने ललकारा तो उक्त लोग मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। महानगर झांसी के थाना पारीछा अंतर्गत बेहटा पालर निवासी अंजना राजपूत पत्नी सुनील कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घरेलू हिंसा को लेकर उसका परिवार न्यायालय ललितपुर में मुकद्दमा विचाराधीन है। बीती 24 जुलाई को अपराह्न करीब 2 बजे वह तारीख करने न्यायालय आयी हुयी थी। न्यायालय की तारीख करके वह घर की जा रही थी, तभी वहां उसके पति सुनील कुमार पुत्र कोमल सिंह राजपूत, फूफा ससुर साहब सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ कार संख्या यू.पी.75 ए.ए. 4300 में जबरन धक्का देकर डाल दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट करने लगे।

इसी बीच गाड़ी स्टार्ट करके चलने लगे, जिस पर वह चिल्लायी। इसी बीच वहां से गुजर रहे वरिष्ठ पत्रकार महेश प्रसाद शर्मा ने ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी 6 साल की पुत्री के साथ किसी प्रकार जान बचा सकी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## निषाद पार्टी ने मनाया पूर्व सांसद फूलनदेवी का शहादत दिवस

**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी ने ब्लॉक जखौरा के ग्राम हर्षपुर मजरा साठिया में पूर्व सांसद फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया, जिसमें महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना रैकवार करीपहाड़ी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए महिलाओं का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने फूलन देवी के बारे में अपने-अपने विचार रखे।

जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा ने पूर्व सांसद फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि अन्याय के खिलाफ एक कमजोर महिला कैसे शेरनी बनी। प्रदेश ही नहीं न देश ही नहीं विश्व में चैथे नंबर की क्रांतिकारी महिला के रूप में इतिहास में जगह मिली। भारत के प्रथम क्रांतिकारी महिला के रूप में जगह मिली गलत करने वालों के साथ महिला ने अपने आत्मसम्मान की लड़ाई खुद लड़कर इतिहास रच दिया।

## सड़क हादसो को रोकने के लिए हाईवे पर बचे हुए कट को तत्काल बंद करें: डीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि हाईवे पर शेष रह गए कट को तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाएजिलाधिकारी जसजीत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है, जिसके पेशेनजर आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लेक स्पॉट सहित सभी एक्सीडेंटल स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रयास और उपाय किए जाएं और साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जांच करें कि किन कारणों से एक्सीडेंट हो रहे हैं। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों निर्देश दिए कि जो भी मार्ग हाइवे से जुड़ रहे है उन पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हाइवे पर एक्सीडेंटल व संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटना संबंधित पोस्टर लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि हाईवे पर शेष रह गए कट को उनको तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच करना सुनिश्चित करें तथा जो भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित पाएं जाए उनको तत्काल निलंबित करते हुए उनकी सूची बनाकर उनको उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित न पाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूली वाहनों में क्षमता के अनुसार ही बच्चों को बैठाना सुनिश्चित करें। क्षमता से ज्यादा कोई भी वाहन बच्चों को न बैठाए। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित एम्बुलेंस की फिटनेस की जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं संभागीय परिवर्तन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से ई-रिक्शाओं की जांच करें और जो रिक्शा बिना पंजीकरण के संचालित पाई जाए उसे सीज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचआई एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी वित्त ाहित लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, रोडवेज सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**महोबा।** मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा चेतावनी जारी की गयी है कि दिनांक 26 जुलाई एवं 27 जुलाई को भारी वर्षा होने एवं आंधी तूफान के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु जिलाधिकारी द्वारा एडवाइजरी जारी की गयी है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे, पेड़ के नीचे, टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन, नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी कुलर या अन्य वस्तु को न छुएं। मोबाइल फोन पर बात न करें, जर्जर मकान से दूर रहें।

## शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**बांदा।** परिषदीय विद्यालयों में 25 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्रों ने शुक्रवार को प्रांतीय आह्वान पर विद्यालयों में उपस्थित रहकर काला फीता बांधकर काला दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष दिनकर अवस्थी व महामंत्री ब्रजेश सिंह गौतम के नेतृत्व में लगभग आधा सैकड़ा महिला-पुरुष शिक्षामित्रों ने अपरान्ह कलक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में अपर जिलाधिकारी से मांग की, कि शिक्षामित्रों को नई शिक्षा नीति में शामिल करते हुए स्थायीकरण किया जाए। महंगाई को देखते हुए कार्य-समान वेतन दिया जाए। मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्रों को पुनः विद्यालय जाने की अनुमति प्रदान की जाए। विवाहित महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के जनपद में स्थानांतरित किया जाए। ईपीएफ योजना में शामिल किया जाए। आयुष्मान योजना में शामिल कर मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। इस दौरान जितेंद्र अग्रहरि, राधेश्याम यादव, राजीव, सुरेश, सुनील, विष्णुकांत त्रिवेदी, धनंजय सिंह, ओमप्रकाश, सर्वेश, योगेश्वर गर्ग, किरन सिंह, लक्ष्मी, सुनीता, सरिता, संगीता, सुरेखा, पूर्णिमा, विनीता आदि मौजूद रहीं। एडीएम ने आश्वस्त किया कि वह उनकी समस्याओं से वाकिफ हैं और ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

## पुलिस ने फौजी की हत्या को आत्महत्या का रूप देने वाली शातिर महिला को भेजा जेल

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** फौजी की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में महिला ने घटना में अपना जुर्म स्वीकार किया है।

जनपद अमरोहा के थाना रजबपुर निवासी महिला कांतिदेवी पत्नी स्व. कमल सिंह ने नजीबाबाद थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि उसका पुत्र अमित सागर भारतीय सेना में पिछले बारह वर्षो से कार्यरत है। अमित पिछले कुछ वर्षों से नजीबाबाद थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में ममता नामक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। बीती 15 जुलाई को महिला के पास मकान मालिक अनुज विश्नोई ने फोन कर बताया कि अमित सागर की तबीयत खराब हो गई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में लेकर गए, जहां चिकित्सको ने अमित को मृत घोषित कर दिया। ममता व उसका भाई योगेश व पोता संदीप अमित के शव को लेकर घर ग्राम कोटा जनपद अमरोहा लेकर आ गए। इस संबंध में थाना रजबपुर जनपद अमरोहा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद थाना रजबपुर पुलिस ने बेटे अमित का पोस्टमार्टम कराया गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण गला घोंटकर मारना आया। महिला की तहरीर के आधार पर नजीबाबाद पुलिस ने मामला पंजीकृत कर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्ता ममता पत्नी सुभाष निवासी आदर्श नगर नजीबाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि वह वर्ष 2022 से मृतक अमित सागर के साथ लिव-इन रिलेशनशित मे रह रही थी। अमित शराब का आदि था, उसी समय अमित के भतीजे संदीप ने बताया कि चाचा फांसी लगाने का प्रयास कर रहे है। इस दौरान अकेले मिलने पर ममता ने मौका पाकर अपने हाथों से अमित का गला दबाकर हत्या कर दी, जिससे घटना आत्महत्या प्रतीत हो। ममता ने स्वीकार किया कि अमित ने उसका वैवाहिक जीवन खराब कर दिया था और वह उससे छुटकारा पाना चाहती थी इसी लिए उसने हत्या को आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अन्नू कुमार, उपनिरीक्षक पायल, का0 रोहित, महिला का0 निधि शामिल रही।

## दिव्यांग से प्रधान पुत्र ने मांगी अवैध धनराशि

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कितना भ्रष्टाचार व्याप्त है।

इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को उस समय देखने को मिला, जब आंखों से दिव्यांग व्यक्ति ने अपने सहयोगी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को एक शिकायती पत्र भेजा। महरौनी तहसील के

**●प्रधानमंत्री आवास की राशि दिलाने के नाम पर 20 हजार मांगने का आरोप**

ब्लाक बार अंतर्गत ग्राम मौगान निवासी दिव्यांग धनीराम अहिरवार पुत्र नवला ने डीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह आंखों से शत-प्रतिशत दिव्यांग है। पूर्व में उन्होंने कई बार डीएम से शिकायत की थी, उनका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होकर चयन सूची में नाम अंकित हो गया था।

आरोप है कि गांव के प्रधान के पुत्र द्वारा प्रधानमंत्री आवास की धनराशि दिलाने के नाम पर बार-बार 20 हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि रुपये देने में असमर्थता व्यक्त करने पर प्रधान पुत्र द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये धमकाया जा रहा है।

आरोप है कि प्रधान पुत्र पेशे से शिक्षामित्र है, जो कि विद्यालय में हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। पीड़ित ने बताया कि प्रधान पुत्र का कहना है कि 20 हजार रुपये दे दोगे तो 2 दिन में ही किश्त आ जायेगी, अन्यथा आवास की धनराशि नहीं मिलेगी।

पीड़ित दिव्यांग ने डीएम से प्रधानमंत्री आवास की धनराशि दिलवाये जाने की मांग उठायी है।

## जनपद में बढ़ती हुई आत्महत्याएं, नशा और साइबर अपराधों को लेकर विचार गोष्ठी आज

**ललितपुर।** आज अपरान्ह साढे.बारह बजे से नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में बुंदेलखंड विकास सेना ,लायंस क्लब्स एवं नेहरू महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वाधान में जनपद में बढ़ती आत्महत्याएं, युवाओं में नशा की बढ़ती प्रवृत्ति एवं साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या पर एक विचार गोष्ठी और उनके निराकरण पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।

बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने बताया कि संवाद विचार गोष्ठी में जनपद के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने जनपद के सभी सम्मानित प्रबुद्ध जनों से आग्रह किया है कि विचार गोष्ठी में शामिल होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देकर समाज में जागरूकता का प्रवाह करें।

## महिला आयोग प्रियांशु की माँ को लेकर पहुंचीं जदयू नेत्री शालिनी



**बांदा।** प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू शालिनी सिंह पटेल ने राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डेलीना खोंगदुप से मुलाकात की और बुंदेलखंड क्षेत्र की गंभीर स्थितियों को सामने रखा। इस दौरान शालिनी सिंह के साथ मृतक प्रियांशु गुप्ता की मां मंजू गुप्ता भी मौजूद थीं। 17 मई 2024 को प्रियांशु की

**●मिला कार्यवाही का भरोसा**

संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। विसरा जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो चुका है कि मौत जहर से हुई, नामजद एफआईआर दर्ज है लेकिन नगर कोतवाली बांदा में दर्ज इस मामले में एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

शालिनी सिंह ने आयोग को प्रियांशु हत्याकांड सहित अन्य महिला उत्पीड़न मामलों की पूरी जानकारी दी और त्वरित हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने दो टूक कहा, ह्ययह केवल एक पीड़िता की पुकार नहीं है, यह न्याय व्यवस्था की साख का प्रश्न है। ह्रआयोग की सदस्य डेलीना खोंगदुप ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि जल्द ही राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर के नेतृत्व में सभी सदस्यों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही आयोग देशभर में महिला सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने की भी तैयारी में है।

एनडीए की सहयोगी पार्टी जदयू की इस पहल को राजनीतिक हलकों में एक जिम्मेदार गठबंधन साझेदार द्वारा उठाए गए नैतिक हस्तक्षेप के तौर पर देखा जा रहा है।

## स्कूली वाहनों की जांच जारी, 38 का चालान, 11 निरुद्ध

बांदा। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग ने जिले में 1 से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों की जांच के दौरान 38 का चालान और 11 को थानों मे निरुद्ध किया गया। एआरटीओ श्याम लाल एवं पीटीओ रामसुमेर यादव ने स्कूली वाहनों की चेकिंग के दौरान संचालन में मौजूद सुरक्षा खतरों, वाहन फिटनेस, मानकों का उल्लंघन एवं गैर कानूनी संचालन के सम्बन्ध में स्कूली वाहनों के विरूद्ध विस्तृत जाँच एवं प्रवर्तन अभियान चलाकर कार्यवाही की। अभियान के दौरान परिवहन विभाग ने विभिन्न अभियोंगो में 38 स्कूली वाहनों का चालान करते हुए 11 स्कूली वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध किया। अभियान के दौरान 294 स्कूली वाहनों के सापेक्ष 23 वाहन बिना फिटनेस पाये गये। इस सम्बन्ध में विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्यो को नोटिस दी गयी। 15 स्कूल वाहन बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के शेष हैं। अभियान के दौरान विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि सभी स्कूली वाहन वैध फिटनेस एवं परमिट होने के उपरान्त सभी मानकों से परिपूर्ण होना अनिवार्य है। परिवहन आयुक्त ने 23 जुलाई को स्कूल बस, वैन के संचालन, सुरक्षा मानकों, विधिक व्यवस्थाओं एवं अभियान के तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है और कार्यवाही करने की अपेक्षा की है।

## कालाबाजारी को मध्य प्रदेश ले जायी जा रही यूरिया पकड़ी

जिला संवाददाता

ललितपुर। गड्ढे में फंसा आयसर ट्रक से ट्रैक्टर में पलटी करायी जा रही यूरिया उर्वरक को एसडीएम मड़ावरा द्वारा पकड़ा गया था। बीती 23 जुलाई को रात्रि भ्रमण के दौरान पकड़े गये आयशर ट्रक व ट्रैक्टर को मड़ावरा पुलिस के सुपुर्द किया था, तो वहीं उसमें लदे उर्वरक यूरिया को लेकर वाहन चालक व मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। इस सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती ने बताया कि पकड़े गये आयशर ट्रक संख्या एम.एच.15 ई.जी. 6951 में 140 बोरी यूरिया उर्वरक एनएफएल (किसान) लदी हुयी थी, जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पलटी कराया जा रहा था। इस ट्रक को एसडीएम मड़ावरा ने रात्रि भ्रमण के दौरान पकड़ा था और ट्रक को पुलिस के सुपुर्द करते हुये उन्हें कर्मचारी के माध्यम से फोन पर सूचित किया गया। कृषि अधिकारी अपने साथ वरिष्ठ प्राविधिक सहायक वर्ग-1 प्रदीप कुमार, कृषि मड़ावरा के सहा.वि.अधि. अन्तिम बिड़ला, वरिष्ठ सहायक रामनारायण चैरसिया के साथ 24 जुलाई को थाने पहुंचे, जहां उन्होंने पाया कि उक्त वाहन के चालक व मालिक अनुपस्थित थे और यूरिया उर्वरक की कालाबाजारी के लिए जिले से लगे अन्तर्राज्जीय सीमा से मध्य प्रदेश ले जाया जा रहा था।

# देश का बढ़ेगा व्यापार

वैश्विक व्यापार व्यवस्था संक्रमण के दौर में है। अमरीका जो दुनिया की आर्थिक महाशक्ति है और वैश्वीकरण का अगुवा अब तक रहा, वह अब अपने कारोबारी तौर तरीके बदल रहा है। कभी मुक्त व्यापार का सबसे बड़ा पैरोकार रहा अमरीका आज बेशर्मी की हद तक संरक्षणवाद अपना रहा है। अब अमरीका किसी देश के साथ न्यायोचित कारोबार नहीं करना चाहता है बल्कि अपनी ताकत की धौंस दिखाकर दूसरे देशों के संसाधनों को लूटना चाहता है। छोटे-छोटे गरीब देशों को ट्रंप प्रशासन लेटर भेजकर द्विपक्षीय व्यापार के लिए इकतरफा शर्तें तय करता है। इसमें अमरीका गरीब देशों के उत्पादों पर 30-40 फीसद टैरिफ लगाता है और अपने उत्पादों पर जीरो टैरिफ लगाने का आदेश देता है। अमरीका इसे भले ही द्विपक्षीय करोबार कहता हो लेकिन यह वास्तव में गरीब देशों के संसाधनों की लूट-खसोट है। ऐसे में अमरीका के साथ व्यापार अब भारत के लिए आसान नहीं है। चूंकि अमरीका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और भारत को अमरीका के साथ होने वाले व्यापार से करीब-करीब 45 अरब डॉलर का सरप्लस प्राप्त होता है, ऐसे में अमरीका की नयी टैरिफ नीति से जो व्यापार प्रभावित होगा उसकी भरपाई के लिए नयी कारोबारी दोस्तों की तलाश जरूरी है। ब्रिटेन के साथ




भारत के ऐतिहासिक रिश्ते हैं। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध और कारोबार भी सामान्य है। अब भारत और ब्रिटेन के बीच 'मुक्त व्यापार समझौता' भी हो गया है। इससे दोनों देशों के उत्पादों को एक-दूसरे का बाजार आसानी से मिलेगा। आपसी व्यापार में टैरिफ बहुत कम होगा इससे सामान भी सस्ते मिलेंगे और व्यापार भी बढ़ेगा। इस समझौते के बाद यूके की यात्रा पर गये भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि इस समझौते के जरिए द्विपक्षीय व्यापार को 56 अरब डॉलर से बढ़ाकर पांच साल में 112 अरब डॉलर तक ले जाया जा सकता है। यह लक्ष्य बड़ा जरूर है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। एफटीए को लेकर अक्सर दोनों पक्षों में मांग और रियायतों पर असहमति होती है, लेकिन इस बार दोनों पक्ष एक ऐसे संतुलन पर पहुंचे हैं, जहां कोई बड़ी रुकावट नजर नहीं आती। उद्योग जगत भी इससे खुश है। एक प्रमुख उद्यमी ने इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहाकि भारत की कई इंडस्ट्रीज को इस एफटीए से फायदा मिलेगा—मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों इस एफटीए से फायदे में रहेंगे। खासकर टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स जैसे सेक्टर के लिए यूके का बड़ा बाजार खुलेगा। फार्मा सेक्टर में भी भारत के लिए बड़े मौके बनेंगे। इंजीनियरिंग और ऑटो कंपोनेंट्स सेक्टर की छोटी और मझोली कंपनियां इससे लाभ में रहेंगी। इसके अलावा लेदर और फुटवियर जैसे श्रम आधारित सेक्टरों को भी यूके के बाजार तक ज्यादा पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात बढ़ेगा। इस समझौते के बाद यह सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या यूके के साथ समझौते का असर अमेरिका के साथ संभावित डील पर भी पड़ेगा? तो इस डील का पूरा होना भारत के लिए अहम है। इससे भारत की स्थिति मजबूत होती है लेकिन अमेरिका का मामला अलग है। वह दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और फिलहाल ट्रंप प्रशासन अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ सह-अस्तित्व का भाव भी नहीं रखता है। अमरीका तो अब पूरी तरह दूसरे देशों के साथ समझौता कारोबारी बराबरी के आधार पर नहीं बल्कि धौंस-पट्टी के जरिए करना चाहता है। ऐसे में अमरीका के साथ एक तो समझौता होना कठिन है और दूसरे अगर हुआ भी तो भारत को शायद उतनी बेहतर डील न मिले जितनी दूसरे देशों के साथ कारोबार में मिल सकती है। इसलिए भारत को फिलहाल अमरीकी धमकियों और डेटलाइन के सामने झुकने के बजाय मजबूती के साथ बराबरी के समझौते पर जोर देना चाहिए और इस बीच यूरोपीय यूनियन, कनाडा, पूर्वी, अरब जगत और अफ्रीकी देशों में कारोबारी मौके तलाशने चाहिए। इससे भारत का व्यापार भी बढ़ेगा और अमरीका के साथ बातचीत में मनोवैज्ञानिक संबल भी मिलेगा। फिलहाल ब्रिटेन के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक और देशहित में है।

---

विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

# भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता


वीना गौतम

**इस व्यापार समझौते के साथ भारत और इंग्लैंड ने 2035 तक के एक साझे विजन पर भी सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने मिलकर एक नया रोड मैप इंडिया-यूके विजन-2035 तय किया है, जिससे अगले 10 साल तक दोनों देशों के संबंधों को दिशा मिलेगी। इस विजन के तहत आर्थिक विकास, तकनीक, रक्षा, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे कई मुद्दों पर मिलकर दोनों देश काम करेंगे।**

भारत और इंग्लैंड के बीच 13 जनवरी 2022 से जिस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) यानी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत होनी शुरू हुई थी, साढ़े तीन सालों बाद 24 जुलाई 2025 को आखिर वह बातचीत अंजाम तक पहुंची और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हो सका। भारत की तरफ से व्यापार और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा इंग्लैंड की तरफ से बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स ने इस साल 24 फरवरी 2025 को बीच में रुक गयी इस व्यापार वार्ता को फिर से शुरू की थी, जिसे अंततः सफलता पूर्वक सम्पन्न कर दिया गया। दोनों ही देशों को इस समझौते से बहुत फायदा होगा। हालांकि अंतिम रूप से यह समझौता तब लागू होगा, जब अगले छह महीने या एक साल के भीतर ब्रिटिश संसद इस एग्रीमेंट को अपनी सहमति प्रदान कर देती है, लेकिन अब यह महज एक रस्म अदायगी भर समझी जा रही है। वास्तव में मुक्त व्यापार समझौता एक ऐसा व्यापारिक रिश्ता होता है, जो दो देशों या दो से अधिक देशों के बीच आपस में सामान और सेवाओं के व्यापार को आसान बनाने के लिए होता है।

इस समझौते के तहत संबंधित देशों के बीच आपस में सामान और सेवाओं के व्यापार को आसान बनाने के लिए उस पर कम से कम टैक्स या बिल्कुल ही टैक्स न लगाने की सहमति पर होता है। इस समझौते से दोनों देशों की कंपनियों, व्यापारियों और लोगों को फायदा होता है। क्योंकि इससे सामान सस्ते होते हैं, जिस कारण उनकी बिक्री बढ़ती है। इस समझौते में शामिल देश व्यापार को आसान बनाने के लिए टैरिफ, कोटा, सब्सिडी जैसी बाधाओं या रुकावटों को खत्म करते हैं। समझौते में शामिल देश एक दूसरे पर बिल्कुल जीरो टैक्स कर देते हैं या फिर बहुत मामूली टैक्स लगाते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच सम्पन्न इस समझौते का एक बड़ा मकसद टैरिफ और नॉन टैरिफ बैरियर्स को कम करके और मार्केट में इंट्री को आसान बनाकर बिजनेस के साथ साथ दोनों देशों में आपसी इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देना भी है। साल 2024 में भारत और ब्रिटेन के बीच 4.6 लाख करोड़ रुपये का द्विपक्षीय व्यापार सम्पन्न हुआ था, जिसमें भारत द्वारा 2.75 लाख करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था और ब्रिटेन का निर्यात



1.85 लाख करोड़ रुपये का था। इस तरह पिछले साल ब्रिटेन को 90,700 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। एफटीए से भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और उम्मीद है कि कई लाख नये रोजगार भी पैदा होंगे। व्यापार विशेषज्ञों के मुताबिक इस डील से भारत को साल 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलने के साथ साथ भारत की विकसित देशों के बाजार तक पहुंच भी बढ़ेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस ऐतिहासिक समझौते के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 34 अरब डॉलर की वृद्धि होगी। ब्रिटेन का किसी भी देश के साथ यह सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। ब्रिटेन ने ब्रेक्जिट के बाद जिन 70 देशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं, उनमें भारत के साथ सम्पन्न इस समझौते के पहले तक सबसे बड़ा समझौता 3.1 बिलियन डॉलर का ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों देशों के बीच सम्पन्न इस ऐतिहासिक समझौते की क्या अहमियत है?

विमर्श

इस व्यापार समझौते के साथ भारत और इंग्लैंड ने 2035 तक के एक साझे विजन पर भी सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने मिलकर एक नया रोड मैप इंडिया-यूके विजन-2035 तय किया है, जिससे अगले 10 सालों तक दोनों देशों के संबंधों को दिशा मिलेगी। इस विजन के तहत आर्थिक विकास, तकनीक, रक्षा, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे कई मुद्दों पर मिलकर दोनों देश काम करेंगे। भारत और ब्रिटेन की रक्षा कंपनियों में साथ मिलकर काम करने की सहमति बनी है और इसके लिए भी अलग से रोड मैप तैयार किया गया है। दोनों देशों के बीच जो व्यापार मुक्त समझौता हुआ है, वह महज वस्तुओं के लेनदेन या आयात-निर्यात तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि इसके बहुत साहसी आयाम तय किये गये हैं। मसलन भारत की जांच एजेंसी सीबीआई और ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी के बीच भी एक समझौता हुआ है, जिससे ये दोनो एजेंसियां एक दूसरे के यहां आपराधिक जांच में सहयोग करेंगी। गौरतलब है कि भारत से बड़ी संख्या में अपराध करके अपराधी ब्रिटेन भाग जाते हैं और सालों पकड़ में नहीं आते, कई बार तो कभी भी इन्हें कानून के दायरे में नहीं लाया जा पाता। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समझौते से भारत से होने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्कों में राहत मिलेगी। मतलब यह कि भारत से ब्रिटेन जाने वाला सामान पर टैक्स कम लगने के कारण सस्ता होगा और उसकी बिक्री के अवसर काफी ज्यादा बढ़ जाएंगे। वहीं ब्रिटेन की कंपनियों के लिए यह समझौता बेहद फायदेमंद होगा। इस समझौते के बाद भारत में ब्रिटिश व्हिस्की, इंग्लैंड की कारें और कई दूसरे उत्पाद 15 फीसदी तक सस्ते हो जाएंगे, जिस कारण दोनों देशों के बीच हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार बढ़ेगा और 5 साल में मौजूदा व्यापार दोगुने से भी ज्यादा हो जायेगा। इस समझौते के बाद भारत में ब्रिटिश कारों के चहेतों को जगुआर, लैंडरोवर, सस्ते दामों में मिलेंगी। ..तो व्हिस्की के कद्रदानों को भी फायदा होगा, क्योंकि उन्हें भी अब यह पहले से सस्ती मिलेगी। हां, यह जरूर है कि इस समझौते के कारण ब्रिटेन से आने वाली स्कॉच व्हिस्की और वाइन भारतीय व्हिस्की निमार्ताओं के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी कर देंगे, लेकिन इससे अंततः उपभोक्ताओं का ही फायदा होगा। ब्रिटेन से आने वाले ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट, होम वेयर, क्लासिक फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक और इंडस्ट्रियल मशीनरी भी अब 3 से 15 फीसदी तक सस्ती हो जाएंगी, तो ब्रिटिशवासियों को भी इस समझौते के बाद भारत के रत्न और आभूषण पहले से सस्ते मिलेंगे। नतीजतन अपने यहां से इंग्लैंड को रत्न और आभूषणों का निर्यात बढ़ेगा और सूरत तथा मुंबई में इस उद्योग से जुड़े हजारों नये लोगों को रोजगार मिलेगा। भारत से ब्रिटेन को जो चीजें विशेष तौरपर निर्यात होती हैं, उनमें हैं- रेडिमेड कपड़े, रत्न और आभूषण, केमिकल्स, आटो पार्ट्स, खिलौने और समुद्री उत्पाद। जबकि ब्रिटेन से जो चीजें अपने यहां आयात की जाती हैं, उनमें- मेडिकल डिवाइसेस, कॉस्मेटिक, व्हिस्की, सैलमन मछली, मटन और बिस्कुट शामिल हैं। भारत के कुल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में ब्रिटेन की अभी तक हिस्सेदारी 2 फीसदी तक है, जिसके अगले पांच सालों में बढ़कर 5 फीसदी तक होने की संभावना है।

ज्ञात हो कि ब्रेक्जिट के बाद भी भारत और इंग्लैंड के व्यापार में 10 से लेकर 12 फीसदी तक की सालान वृद्धि होती रही है। यही नहीं साल 2000 से 2022 के बीच भारत में ब्रिटेन से 3.44 लाख करोड़ रुपये एफडीआई भी आया है और हाल में 2023 में तो इसमें 28 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। अब भारत को उम्मीद है कि इस समझौते के बाद 2030 तक वह 108 लाख करोड़ रुपये तक का निर्यात कर सकेगा। इस लिहाज से यह एग्रीमेंट सचमुच बहुत ऐतिहासिक है और एक ऐसे समय पर सम्पन्न हुआ है, जब दुनिया की एकमात्र महाशक्ति अमरीका विभिन्न देशों के साथ एकतरफा व्यापार शर्तें थोपने की दादागीरी दिखा रही हैं। इसलिए यह समझौता सिर्फ व्यापारिक समझौता भर नहीं है बल्कि इसमें अमरीका के लिए एक राजनीतिक संदेश भी छिपा है कि उसके आसानी से विकल्प तलाशे जा सकते हैं।

सोशल मीडिया



नयी दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारिता नीति का आज अनावरण किया, इस नीति निर्माण में योगदान देने वाले सभी लोगों और कमिटी के मेंबर्स को शुभकामनाएं देता हूं। अमित शाह.

# इच्छाओं पर नियंत्रण

मनुष्य का मन मस्तिष्क बहुत चंचल होता है और इस कारण वह ऐसी चीजों पर प्रायः भटकता रहता है जो उसके व्यक्तित्व का क्षय करती हैं। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

# धन-धान्य योजना से संवरेगी खेती



चिंतन ● अरविन्द जयतिलक

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छः साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचुल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लांग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही नहीं बल्कि अधिकाधिक लोगों के जीवन निर्वाह का संबल भी है। देश की तकरीबन 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। देश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 51 प्रतिशत भू-भाग पर कृषि कार्य होता है। किंतु बढ़ती आाबदी के कारण कृषि के समक्ष कई चुनौतियां खड़ी हैं। मसलन जोत का आकार सिमट रहा है। आज देश में 86.2 प्रतिशत किसान 47.3 प्रतिशत क्षेत्र में औसतन 2 हेक्टेयर से कम की कृषि भूमि के साथ छोटे और सीमांत किसानों की श्रेणी में आ चुके हैं। कृषि से जुड़े लगभग 70 प्रतिशत से अधिक परिवारों का खर्च उनकी आय से अधिक है।



एक चौथाई किसान गरीबी रेखा के नीचे हैं। ऐसे में देश की मौजूदा सरकार द्वारा किसानों और कृषि की सुध लेना एक स्वागतयोग्य कदम है। वैसे भी गौर करें तो वर्ष 2014 में केंद्र में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तभी से कृषि और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं। किसान कल्याण की भावना सरकार की रीति-नीति व नीयत का हिस्सा बन चुका है। सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए लगातार विकास कर रही है। सरकार द्वारा देश का भाग्य संरचनात्मक रुप से कृषि और किसानों से जोड़ दिया गया है जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए प्लस एफएल फॉर्मूले को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकट ग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिए कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके जरिए किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार की है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार ने 2023-24 में किसानों की माली हालत सुधारने और कृषि क्षेत्र का विस्तार करने के निमित्त 25.48 लाख करोड रुपए का कृषि.ऋ्रण वितरित की है।

इसका मकसद प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अलावा कृषि स्टार्टअप के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने, कृषि में डिजिटल तकनीक और स्टोर क्षमता में इजाफा करना है। सरकार कृषि ऋ्रण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जोड़ दिया है। उसी का परिणाम है कि आज किसान कृषि के साथ-साथ समानान्तर आमदनी का नया जरिया विकसित कर रहा है। किसानों की आमदनी बढ़े और देश के नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर हो इसके लिए सरकार लगातार किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने मोटे अनाज को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। इस कवायद से देश के किसानों में मोटे अनाज के उत्पादन में दिलचस्पी बढ़ी है। यह सच्चाई है कि जब तक किसानों की आय नहीं बढ़ेगी तब तक सकल घरेलू उत्पाद की उच्च वृद्धि को बनाए रखना कठिन होगा। चूंकि कृषि, कार्यबल के सबसे बड़ा भाग को समाहित करती है इसलिए कृषि और किसानों की आय पर ध्यान केंद्रित करना समग्र अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक उच्च विकास को सुनिश्चित करने का शानदार तरीका माना जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2016 में देश के किसानों की आय दोगुनी करने का नेक इरादा जाहिर किया। सरकार द्वारा अपनायी गयी व्यापार और विपणन नीतियां किसानों की आय की वृद्धि का संवाहक बन रही हैं। सरकार ने एक स्थिर मूल्य निर्धारण नीति को आयाम दिया है जिससे कृषि फसलों के वाजिब मूल्य मिलने शुरू हो गए हैं। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्ववाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपए प्रति क्विंटल था। आज बढ़कर 2425 रुपए हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है। इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपए था जो आज बढ़कर 2389 रुपए हो गया है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इसके लिए उसने किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रुप दिया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिए 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

आज की तारीख में किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋ्रण मिल रहा है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना का असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरूआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर किसानों की चिंताएं दूर कर दी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपए की आर्थिक मदद 2000 रुपए की तीन समान किस्तों में दी जा रही है। इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरुर की जानी चाहिए।

## आप की बात

### अंतिम चरण में नक्सलवाद

देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कभी गंभीर खतरा बन चुके नक्सलवाद का फिलहाल तेजी से सफाया हो रहा है और जल्द ही देश नक्सली समस्या से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ नक्सलवादियों पर सुरक्षा बलों के प्रबल प्रहार के कारण धीरे-धीरे नक्सलवाद का भूगोल सिमटता जा रहा है। आतंकवाद पर मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से सब परिचित हैं। पूर्वोत्तर में संघर्षरत गुटों से समझौता करके और जम्मू-कश्मीर में सैन्य पराक्रम से आतंकवाद को सीमित करने में बड़ी मदद मिली है। लेकिन सरकार ने आतंरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पर भी उल्लेखनीय कार्य किया है और इसी का परिणाम है कि पशुपतिनाथ से तिरुपति नाथ तक लाल कॉरिडोर बनाने का माओवादी सपना अब टूट गया है। अब माओवादी नक्सलवाद देश के बहुत ही सीमित हिस्से में रह गया है। संभव है अगले कुछ वर्षों में जो माओवादी बचे हैं, वे भी या तो हथियार डाल देंगे या सुरक्षा बलों के हाथों मारे जायेंगे। छत्तीसगढ़ के बस्तर के अबूझमाड़ घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने बीते दिनों 31 नक्सलियों को ढेर कर हमारे इस आकलन को पुख्ता भी किया है। अबूझमाड़ ऐसा पिछड़ा और खतरनाक इलाका है कि सरकारी अधिकारी वहां जाने से डरते हैं। लिहाजा उस इलाके में हमारे जांबाज सुरक्षा बलों की यह बहुत बड़ी जीत है। देश में छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों तक नक्सली सिमट कर रह गये हैं। पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड सरीखे राज्यों में नक्सली बेहद उग्र और व्यापक थे, लेकिन अब उनके अवशेष ही मौजूद हैं।

**रमेश चन्द्र द्विवेदी, लखनऊ.**

### आर्थिक असमानता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है।

**महेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## सरकारी स्कूल में मुफ्त शिक्षा का संदेश

**सोहावल-अयोध्या।** प्राइवेट स्कूलों के खर्च से बचने का आह्वान विकास खण्ड सोहावल की ग्राम पंचायत देवई में प्राथमिक विद्यालय और देवग्राम परिवार के संयुक्त प्रयास से अभिभावक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को प्राइवेट स्कूलों में होने वाले अनावश्यक खर्च से बचाने और सरकारी विद्यालयों की ओर आकर्षित करना था। कार्यक्रम के संयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि गांव का प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम और स्मार्ट कक्षाओं से सुसज्जित है। यहां योग्य अध्यापक भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जब अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला प्राइवेट स्कूलों में कराते हैं, तो महंगी फीस, किताबें और परिवहन खर्च का बोझ उठाना पड़ता है। त्रिपाठी ने बताया कि इतना खर्च करने के बावजूद बच्चों की पढ़ाई में कोई विशेष प्रगति नहीं होती। जबकि सरकारी विद्यालयों में ये सभी सेवाएं निशुल्क हैं। उन्होंने कहा कि अगर जिम्मेदार अभिभावक सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला कराएं और विद्यालय की गतिविधियों में भाग लें।

# हनुमानगढ़ी के नाम से नया थाना बनेगा

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को अब सुरक्षा का हब बनाने की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए सात नए थानों और पांच नई पुलिस चैकियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि अयोध्या हनुमानगढ़ी के नाम से एक थाना प्रस्तावित है। यह कदम न केवल अयोध्या की सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित और सुगम वातावरण प्रदान करेगा। एटीएस की फील्ड यूनिट बनाने के लिए भी जगह की मांग की गई है। प्रस्ताव जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के माध्यम से शासन को भेजा गया है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अगली रामनवमी अयोध्या में सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापक बदलाव नजर आएंगे।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण और उसका हालिया लोकार्पण अयोध्या को वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बना चुका है। अब यहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे अयोध्या का पर्यटन और अर्थव्यवस्था दोनों ही नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक विश्वस्तरीय तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इसके तहत न केवल धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और विकास किया जा रहा है, बल्कि बुनियादी ढाँचे, सड़कों, आवास, और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। अयोध्या में बढ़ते पर्यटकों और

- सात नए थाने व पांच नवीन चैकियां के निर्माण का प्रस्ताव तैयार
- तीन हजार वर्ग मीटर में बनेगा एटीएस की फील्ड यूनिट व कमांडो हब

श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त करने की आवश्यकता महसूस की गई है। इसी क्रम में पुलिस विभाग सात नए थानों और पांच नई पुलिस चैकियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। इनमें हनुमानगढ़ी नाम से एक नए थाने का प्रस्ताव शामिल है, जो अयोध्या की धार्मिक पहचान को और मजबूत करता है। इसके अतिरिक्त दर्शन नगर चैकी, हवाई पट्टी चैकी, देवकाली चैकी और सहादतगंज पुलिस चैकी को थाना बनाने का प्रस्ताव है। साथ ही थाना बाबा बाजार के अंतर्गत सौदपुर, ग्राम हंसराजपुर, ग्राम रेछ, थाना महराजगंज के अरवत बाजार, और रौनाही थाना के अंतर्गत ड्योढ़ी बाजार में नई पुलिस चैकियों के निर्माण की योजना है। इसके अलावा अयोध्या में येलो जोन के नया घाट पर बहुद्देशीय हॉल, पुलिस लाइन में राजपत्रित अधिकारियों के लिए गेस्ट हाउस, साइबर क्राइम थाने के लिए स्थायी भवन, और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए जियो एनेक्सी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स भी प्रस्तावित हैं। विशेष रूप से आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की फील्ड यूनिट और कमांडो हब के लिए 3000 वर्ग मीटर भूमि और राजपत्रित अधिकारियों के आवासीय भवनों के लिए 8000 वर्ग मीटर भूमि की मांग की गई है। अपर पुलिस उपाधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी, और महिला थाने में कार्यरत कर्मियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण भी इस प्रस्ताव का हिस्सा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या डा0 गौरव ग्रोवर ने बताया कि साइबर क्राइम थाने और एटीएस यूनिट जैसे आधुनिक सुरक्षा उपाय अयोध्या को वैश्विक तीर्थस्थल के रूप में स्थापित करने में सहायक होंगे। पर्यटन पुलिस थाने के प्रस्ताव से यह स्पष्ट है कि योगी सरकार पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। पर्यटन पुलिस थाना न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को त्वरित सहायता और सुरक्षा प्रदान करेगा। साथ ही, साइबर क्राइम थाने का निर्माण डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वशिष्ठ फाउंडेशन का सामूहिक महारुद्राभिषेक आज

अयोध्या। शनिवार को सुबह 8:00 बजे वंचित समाज को सनातन धर्म की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन वशिष्ठ फाउंडेशन करेगा।

फाउंडेशन की महासचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एवं सनातन धर्म की मुख्य धारा से विमुख हो रहे लोगों में आस्था, विश्वास एवं समानता की भावना पैदा करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

# नाला निर्माण, सड़क व नाली होगी ठीक



**अयोध्या।** सुबह के 7:30 बजे थे। लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं तालाब के सन्नीकट नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दल अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ के नेतृत्व में मौजूद था। इसी बीच महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी वहां पहुंचे। यहां महापौर का लक्ष्मी सागर वार्ड के पार्षद वकार अहमद ने स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुआ निरीक्षण का सिलसिला, जो

- लक्ष्मीसागर वार्ड में नगर की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम
- महापौर के निरीक्षण में सामने आई पेयजल व जल भराव की समस्या

डेढ़ घंटे चला। ह्ननगर की सरकार आपके द्वारह्व मुहिम के तहत निरीक्षण की शुरूआत लक्ष्मी सागर व्यायाम शाला से हुई। स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज कराई कि लक्ष्मी सागर व्यायाम शाला की छत टपकती है। इस पर महापौर ने यूपीपीसीएल को पत्र भेज कर सही करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने वार्ड की नाली भट्टी देखकर नाराजगी जताई और तत्काल सफाई कराने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। यहां थोड़ी देर रुक कर महापौर स्वामीनाथ सिंह की गली की ओर बढ़े। गली जर्जर दिखी, जिस पर उन्होंने निर्माण खंड को मरम्मत के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। यहां काफिला मेवातीपुरा पहुंचा, जहां लोगों ने जलापूर्ति बाधित होने की शिकायत की।

लालबाग रामायण समिति के पदाधिकारी ने महापौर से मुलाकात की और हाल निर्माण के लिए आग्रह किया, जिस पर उन्होंने विचार करने का वादा किया। यहीं लोगों ने शिव मंदिर में साफ-सफाई न होने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर महापौर ने मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार को बुलाकर नियमित सफाई के निर्देश दिए। स्थानीय निवासी सुहैल ने मेवाती पुरा मस्जिद के पास गड्ढा होने की शिकायत दर्ज कराई।

महापौर ने ग्रामर इंटर कॉलेज के पास निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया। अशोक गुप्ता सहित स्थानीय लोगों ने जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कुम्हरानटोला के पास नाला बनाने का आग्रह किया। महापौर ने निर्माण विभाग के अभियंताओं को स्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, भाजयुमो के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विशाल सिंह, अश्वनी तिवारी लालू, भाजपा नेता प्रांशू अग्रवाल, विजेंद्र जायसवाल, अशोक गुप्ता, पूर्व सभासद मल्लू यादव, रमेश राना, अमन तिवारी बिट्टू, राम सिंह, आकाश गुप्त, श्रीनिवास शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में बढ़ी सुविधाएं

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** देवकाली स्थित बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में योगी सरकार के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। कॉलेज में अब न केवल सामान्य रोगों का नहीं बल्कि गंभीर बीमारियों का भी प्रभावी इलाज उपलब्ध हो गया है। इस कारण मरीजों का भरोसा बढ़ा है और ओपीडी में मरीजों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। कॉलेज में आधुनिक तकनीकों और बेहतर संसाधनों से ओपीडी आधुनिक सुविधा से लैस है।

जांच सेवाओं में विस्तार के बाद डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज संभव हो सका है। होम्योपैथिक दवाइयों के साथ प्राकृतिक चिकित्सा का समन्वय मरीजों को जल्दी ठीक करने में कारगर साबित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले उन्हें बड़े शहरों में इलाज के लिए जाना पड़ता था, लेकिन अब यह कॉलेज उनकी जरूरतों को पूरा कर रहा है।

प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह का दावा है कि भविष्य में और अधिक आधुनिक उपकरणों व विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि यह संस्थान क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बन सके।

मरीजों की बढ़ती संख्या इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने बताया की कॉलेज में अनुभवी होम्योपैथिक विशेषज्ञों की टीम, सुसज्जित ओपीडी, महिला चिकित्सक, नियमित स्वास्थ्य शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम, फिजियोथेरेपी, दंत चिकित्सा, पैथोलॉजी, ईसीजी, ऑक्सीजन, योगा वेलनेस सेंटर सुविधा उपलब्ध है।

# योजनाओं की प्रगति में तेजी लायें व रैंकिंग में सुधार करें: गौरव



**अयोध्या।** आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी, सुल्तानपुर कुमार हर्ष, अम्बेडकरनगर अनुपम शुक्ला एवं अमेठी संजय चैहान, अपर आयुक्त प्रशासन, संयुक्त विकास आयुक्त सहित मण्डलीय व जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों की रैंकिंग की समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग अपेक्षित स्तर से नीचे है, उनके अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं और रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि वर्तमान समय में धान की फसल की सिंचाई के दृष्टिगत नहरों की टेल तके पानी पहुँचे। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि चिकित्सा विभाग आमजन के जीवन से सीधे जुड़ा एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सीएचसी और संबंधित अस्पतालों के सीएमएस यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को स्वच्छ वातावरण और समय पर समुचित इलाज प्राप्त हो। मण्डलायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि यह सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और जनजीवन से जुड़ी योजना है। यदि रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्तापूर्ण न पाए जाएं तो संबंधित फर्म के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विधिक कार्यवाही की जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय मे बरसात के दौरान छुट्टा पशु अक्सर राष्ट्रीय राजमार्गों व प्रमुख सड़कों पर घूमते नजर आते हैं जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस विषय पर सतत निगरानी रखी जाए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने कहा कि जो भी नई सड़कें बन रही हैं, उनके किनारे बनाए जाने वाले ड्रेनेज/डक्ट कार्यों में पारंपरिक निर्माण के स्थान पर प्रीकास्ट प्रणाली का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। बैठक के समापन पर मण्डलीय योजनाओं की समग्र प्रगति और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी एवं संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा द्वारा प्रमुख योजनाओं की प्रस्तुति दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह सहित मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारीगण, लोक निर्माण, सिंचाई, विद्युत आदि उपस्थित रहे।

## पीटीओ ने किये 2 बिना फिटनेस, 1 मालवाहक पर सवारी, 1 बिना पंजीयन ट्रैक्टर-ट्राली सीज



**बाराबंकी।** नियमो का उल्लंघन कर सड़को पर फर्राटा भरने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना फिटनेस, ओवरलोड, बिना पंजीय? समेत मालवाहक वाहन पर सवारी ढोने वाले वाहनो को सीज किया गया। तो वहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा सिफारिशो का दौर भी जारी रहा। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने थाना दरियाबाद एवं सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान 2 वाहन बिना फिटनेस, 1 बिना पंजीयन के ट्रैक्टर-ट्राली समेत 1 मालवाहक वाहन पर सवारी ढ़ोते मिलने पर थाने मे निरुद्ध किया।

## बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान संचालित करेगा अल्पसंख्यक विभाग

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है।

श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों से अपेक्षा की है कि 09 अगस्त 2025 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में ऋणधारक की सम्पत्ति अथवा गारन्टरों से बकाया ऋण वसूल करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# स्टांप की कालाबाजारी के खिलाफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने उठाई आवाज

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लायर्स के बैनर तले अधिवक्ताओ ने ई-स्टाम्प की कालाबाजारी पर रोक लगाये जाने व 500 रुपये से अधिक के स्टाम्प को स्टाक होल्डर के माध्यम से दिलाये जाने की मांग को लेकर 6 सूत्रीय मांगो वाला ज्ञापन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को दिया। अधिवक्ताओ ने शिकायत की है कि उपनिबंधक नवाबगंज कार्यालय मे कुछ माह पहले तक लाखो रुपये तक के स्टाम्प

- 6 सूत्रीय मांगो वाला ज्ञापन डीएम को सौप कार्यवाही किये जाने की उठी मांग

सरलता से मिल जाते थे। वर्तमान समय मे प्राइवेट स्टाम्प वेड़रों की तानाशाही व मिलीभगत के चलते स्टाम्प ब्रिकी के नाम पर कमीशन देनी पड़ती है। ए0.आई0जी स्टाम्प कार्यालय पर शिकायत करने के बावजूद कार्यवाही शून्य है। इतना ही नही छोटी कीमत वाले स्टाम्प दोगुनी कीमत की कालाबाजारी के साथ मिल रहे है। अधिवक्ताओ ने मांग की है कि उपनिबंधक नवाबगंज कार्यालय में पूर्व की भांति स्थित सरकारी/एजेंसी से जारी होने वाले स्टाम्प की लिमिट पूर्व की तरह की जाये। प्राइवेट स्टाम्प वेन्ड़रो द्वारा की जाने वाली कालाबाजारी पर रोक लगाई जाये। छोटी कीमत वाले स्टाम्प छपे मूल्य मे उपलब्ध हो। फर्जी तरीके से नोटरिया बनाकर बेचने वाले स्टाम्प वेन्डरो के खिलाफ कार्यवाही की जाये। कालाबाजारी मे शामिल प्राइवेट वेन्डरो पर कार्यवाही करते हुये उनके लाइसेन्स जब्त किये जाये। ज्ञापन सौपने वालो मे रईस कादरी, देवराम गजेन्द्र सिंह, नौमीलाल, शिवराज यादव, राकेश कुमार, अमरेन्द्र रावत, सतीश यादव, जितेन्द्र वर्मा, सुनीत सिंह, भूपेन्द्र सिंह शैन्की, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, योगेन्द्र, फहद, मो0 रजा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

**बहराइच।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों कुल 139 एमओयू हस्ताक्षरित हुए जिनका निवेश रू. 2301.04 करोड़ रुपए है। इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 1956.14 करोड़ लागत के 117 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है अब तक 86 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 24 जुलाई 2025 तक 1073 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 958 आवेदन स्वीकृत, 22 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 46 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत लम्बित हैं। डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। डीएम ने समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत सोलर पैनल अवश्य लगवाये इसमें सब्सिडी का भी प्रावधान है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धारा 80 से सम्बन्धित प्रकरण में कैसरगंज 02, नानपारा 01 तथा बहराइच 08 आवेदन समयान्तर्गत लम्बित है।

उद्योग बन्धु के सदस्यों द्वारा शमशान घाट के दोनों ओर बाईपास रोड पर टेबल टाप ब्रेकर बनाये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि उद्योग बन्धु की बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए एनएच के परियोजना निदेशक को पत्र प्रेषित किया जाय। गोण्डा रोड रेलवे क्रासिंग पर निमार्णाधीन प्लाईओवर रेलवे विभाग द्वारा एडज्वाइनिंग स्पान का कार्य अवशेष होने के कारण प्लाईओवर के कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा जीएमडीआईसी को निर्देशित किया गया कि उद्योग बन्धु की बैठक में रेलवे विभाग के अधिकारियों को बुलाया जाय। मेसर्स हरिकिशन प्लाईवुड इंडस्ट्रीज प्रा.लि. को गिलौला पावर हाउस से विद्युत कनेक्शन होने के कारण नियमित विद्युत आपूर्ति में समस्या आ रही है। पावर हाउस जनपद श्रावस्ती में होने के कारण अध्यक्ष द्वारा जीएमडीआईसी को निर्देशित किया गया कि प्रकरण को मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक से संदर्भित किया जाय।

## हरचंदा गांव में स्वास्थ्य मेले के जरिए जागरूकता की नई लहर



**बहराइच।** जरवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरचंदा में आयोजित स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कुल 534 लोगों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 200 किशोर-किशोरियों ने भी स्वास्थ्य सेवाएं लीं। मेले का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से ह्यउम्मीद परियोजनाह्ल के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में बाल विवाह और परिवार नियोजन पर खुलकर संवाद हुआ और श्इतनी भी क्या जल्दी हैश कैंपेन पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य किशोरियों में समय से पहले शादी और समय से पहले गर्भधारण को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना है। स्वास्थ्य मेले में 33 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 74 लोगों को अस्थायी परिवार नियोजन सेवाएं दी गईं। 88 किशोरियों और महिलाओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान, हरचंदा मो० फहीम ने कहा कि गर्भपात कोई समाधान नहीं है। बल्कि समय रहते सुरक्षित और सरल परिवार नियोजन साधन अपनाना चाहिए। यह महिला की सेहत और हर परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। इस आयोजन में आरबीएसके टीम से डॉ. समा अफरोज, रविंद्र चैधरी, बीपीएम आदित्य, आयुष्मान मित्र सफिल, सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी, कम्युनिटी चैंपियन, कोटेदार, स्काउट गाइड से कल्लन इदरीशी, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से जीपीओ रामबरन यादव, पीसी अजय शुक्ला, एफओ बिंदू व फील्ड फैसलीटेटर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## झूला मेला की तैयारियों का आलाधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने सावन झूला मेला को लेकर मणि पर्वत सहित विभिन्न स्थलों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मणि पर्वत की सीढ़ियों पर जमी काई व रेलिंग की साफ सफाई करने के निर्देश दिये। मणि पर्वत मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है श्रद्धालुओं को आने जाने में कोई परेशानी न हों। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी, सीओ अयोध्या, रेजिडेंट मजिस्टेज्ट सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वीरांगना फूलन देवी कोई साधारण नाम नहीं था: पवन पाण्डेय

**अयोध्या।** सपा महानगर कार्यालय पर विरांगना पूर्व सांसद श्रीमती फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कि, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी कोई साधारण नाम नहीं था उन्होंने अपनी अस्मिता, सम्मान और अस्तित्व के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

अत्याचार के खिलाफ उन्होंने बंदूक उठाई, जंगलों में भटकती रहीं, लेकिन झुकी नहीं, फूलन देवी सिर्फ बिंद-मल्लाह समाज की नेता नहीं रहींउन्होंने पूरे देश के दलित, पिछड़े, आदिवासी, वंचित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर इतिहास रचा, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि वीरांगना फूलनदेवी जी जब जेल में थीं तो नेताजी मुलायम सिंह यादव ने उन्हें रिहा करवाकर संसद में भेजा।

# हरियाली का उत्सव मियावाकी पद्धति से रोपे गये 2 लाख 65 हजार पौधे

**बाराबंकी।** पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में 25 जुलाई को मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसके लक्ष्य दो लाख 65 हजार को जनपद की 1150 ग्राम पंचायतों में पूरा कर लिया गया। जिनमें

- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनपद ने रचा नया रिकॉर्ड
- मां की तरह करें पौधों की देखभाल: जिलाधिकारी

हरिशंकरी, बरगद, पीपल, पाकड़ के औषधीय और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधे प्रमुख रहे। अभियान की शुरूआत ब्लॉक बंकी के वृहद गौ संरक्षण केंद्र निबलेट मोहिद्दीनपुर पर जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने हरिशंकरी के 5 पौधे एवं अन्य 232 पौधे मियावाकी तकनीक से रोपे। इस




दौरान डी0एम व एसपी ने गौवंशों को गुड़ व केला खिलाकर संरक्षण भावना को भी प्रकट किया।

कार्यक्रम मे जिलाधिकारी ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। मियावाकी पद्धति से रोपे गए पौधे न सिर्फ 24 घंटे ऑक्सीजन देंगे। बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने में भी सहायक होंगे। उन्होंने महिला समूहों को सहजन और लाल चंदन के पौधे भेंट करते हुए कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों को सहेजती है, उसी तरह इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी हम सबकी है।

इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, परियोजना निदेशक राकेश सिंह समेत कई अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी नीम, बेल, आम जैसे पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली।

# बकाया कर में निरुद्ध वाहनों की हुई नीलामी

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह ने बताया कि विभिन्न थानों में कर बकाया में 45 दिन से अधिक निरुद्ध वाहनों की नीलामी उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997, की धारा 22(3) तथा नियमावली, 1998 के नियम 9 (क) के अन्तर्गत सार्वजनिक नीलामी की गई। यह नीलामी ह्लजहाँ है जैसा हैह्ल के आधार पर आरटीओ आफिस अयोध्या में की गयी। नीलामी समिति की अध्यक्षता उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) लखनऊ श्री राधेश्याम ने की। नीलामी में 35 वाहन शामिल थे जिसमें ट्रक, बस, टाटा मैजिक, टैंकर, थे। नीलामी से पूर्व सभी वाहन स्वामियों को नोटिस देकर कर जमा करने का अवसर भी प्रदान किया गया था जिसमें 01 ट्रक मालिक ने बकाया कर जमा करके अपनी गाड़ी मुक्त करा ली थी व कुल 34 वाहनों की नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न हुई जिसमें उच्चतम बोली लगाने वालो को निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरान्त प्राप्त कर सकेंगे। नीलामी में कुल धनराशि लगभग रू. 13,25,000 का राजस्व प्राप्त होगा जिसका 20 प्रतिशत रू. 2.65.000 आज ही जमा करा लिया गया है नीलामी समिति में आरटीओ प्रशासन अयोध्या सुश्री ऋतु सिंह, एआरटीओ श्री आर.पी. सिंह भी मौजूद थे। इससे पूर्व उप परिवहन आयुक्त महोदय ने राजस्व समीक्षा करते हुए बकाया वसूली हेतु युद्ध स्तर पर नोटिस, आरसी प्रेषण आदि की कार्यवाही करने के निर्देश एआरटीओ प्रशासन को दिये। साथ ही मानक विरूद्ध संचालित व कर बकाया वाहनों पर बंद/चालान की कार्यवाही करने के कड़े निर्देश प्रवर्तन अधिकारियों को दिये एवं विस्तार से सभी कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिये कि अपनी सीट से संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्वक, समयबद्ध कार्य का निस्तारण करें।

संक्षेप

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** तेज रफ्तार आ रही कार ने बाइक सवार को रौद दिया जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड चौधीपुर गांव के निकट घटना उस वक्त घटी जब पूरे टिकैत मजरे बढौली निवासी श्रीमौर्य उम्र 55 वर्ष जो बाइक से घर वापस आ रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार आ रही कार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर तडपने लगा टक्कर इतना तेज था कि जब आसपास के लोग वहाँ पहुंचे तो देखा कि बाइक सवार की मौत हो चुकी थी तथा कार चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो चुका था घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। इस संबंध मे पुलिस ने बताया शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद कार को कब्जे मे लेकर विधिक कार्यवाई जारी है।

## चालक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर।** सड़क दुर्घटना में मारे गए विजय शंकर पांडे के मामले में पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।अखंडनगर थाने के उडुरी शेरपुर पहाड़पुर के विजय शंकर पांडे गांव के ही शेर बहादुर सिंह के साथ बीते 19 जुलाई की रात लगभग साढ़े नौ बजे बाइक से दवा लेने मुडिला बाजार जा रहे थे।तभी कादीपुर की तरफ से तीव्र गति से आ रही पिकअप ने मलिकपुर नोनरा गांव के गैस एजेंसी के सामने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतक विजय शंकर की पत्नी सुषमा पांडे की बृहस्पतिवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## एक माह पूर्व हुई घटना अपराधियों से खाली हैं पुलिस के हाथ

**लालगंज, रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर और एएसपी संजीव सिन्हा से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि बीती 30 जून की रात को गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी को मर्डर कर अपराधियों ने चाकू और गोली से मार डाला था और उनकी धर्मपत्नी सरोज को गोलियों से छल्ली कर अधमरा छोड़ दिया था उनका इलाज एम्स रायबरेली में चल रहा था वह अब अपने घर पर हैं आज व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा व जिला प्रभारी विवेक शर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली को ज्ञापन सौंपा और कहां की लगभग एक माह होने को है व्यापारी की घटना का खुलासा नहीं हो सका है स्थानी पुलिस को पीड़ित परिवार की पत्नी ने घटना के पूरे जानकारी दी और पहचान भी बताया है फिर भी पुलिस के हाथ खाली हैं लेकिन महरानीगंज एवं जनपद के व्यापारियों में इस घटना से क्षेत्र में कहीं आने-जाने से व्यापार करने में भय व्याप्त है अगर घटना का खुलासा नहीं होता है तो व्यापारियों में दहशत का माहौल रहेगा व्यापार चैपट हो गया है महारानीगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि बाजार में इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी घटना का खुलासा नहीं हो रहा है जिससे व्यापारियों में भारी- भय और रोष व्याप्त है पीड़ित परिवार पीड़ा के साथ भय व्याप्त कर जीवन जी रहा है। एएसपी संजीव सिन्हा ने प्रतिनिधि मंडल से कहां की बहुत जल्द अपराधियों को पकड़ कर पूरे साक्ष्य और तथ्य के साथ खुलासा करेंगे।

# एसडीएम ने दो स्कूलों पर की कार्यवाही, एक विद्यालय सीज



**सलोन, रायबरेली।** अवैध रूप से संचालित हो रहे विद्यालयों पर शिकंजा कसते हुए उपजिलाधिकारी ने दो स्कूलों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए एक विद्यालय को सीज कर दिया। दूसरे विद्यालय को सुधारने के लिए सात दिवसीय अल्टीमेटम दिया गया। क्षेत्र में अवैध रूप से स्कूल संचालित करने वाले संचालक अभिभावकों को लूटने के साथ ही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सलोन क्षेत्र के सुमन कान्वेंट स्कूल लहूरेपुर में बिना मान्यता से संचालित विद्यालय को सील कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी जाकर कार्रवाई की है। विकास क्षेत्र में सुमन कान्वेंट स्कूल लहूरेपुर एवं कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल कमालगंज के अवैध रूप से संचालित थे। जिसकी शिकायत कई बार क्षेत्रीय लोगों ने की थी। खंड शिक्षाधिकारी के रहमोकरम से चल रहे थे जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी को हुई तो उन्होंने तत्काल खण्ड शिक्षाधिकारी के साथ विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय बिना मान्यता के संचालित पाए गए, जिस पर उपजिलाधिकारी ने बताया कि दोनों विद्यालयों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने का निर्देश दिया और अवैध विद्यालय को सीज कराया गया। वहीं दूसरे विद्यालय को सुधारने के लिए चेतावनी देकर सात दिवसीय विद्यालय बंद रखने का निर्देश दिया है।

## पूर्व प्रधान राजकिशोर की पैरवी से बदले गये जर्जर बिजली के तार

**लालगंज, रायबरेली।** ऐहार गांव की वर्तमान ग्राम प्रधान भले ही जनहित में काम ना कर रही हो लेकिन पूर्व ग्राम प्रधान राज किशोर सिंह बघेल लगातार लोगों की समस्याओं के लिए खड़े रहते हैं और अधिकारियों से मिलकर कार्य भी कराते हैं। बाल्हेमऊ गांव में बिजली की लाइन जर्जर हो गई थी ।पूर्व प्रधान श्री बघेल ने अधिशाषी अभियंता लालगंज से मिलकर तार बदले जाने की जोरदार पैरवी की और उनके द्वारा की गई पहेल का ही नतीजा रहा कि ग्राम बाल्हेमऊ से नहर तक व बाबा बाल्हेश्वर रोड के जर्जर केबल को बदल दिया गया है जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति में सुधार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने लो वोल्टेज की शिकायत करते हुए हनुमान मंदिर परिसर के पास स्थित ट्रांसफार्मर को बदलकर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की भी मांग की है। इस कार्य को पूर्ण कराने में अवर अभियंता बृजेश मौर्य का विशेष सहयोग रहा है। पूर्व प्रधान ने समस्त ग्रामवासियो की ओर से विद्युत विभाग के अधिकारियों को बहुत बहुत आभार एवम धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं गांव वालों ने भी पूर्व ग्राम प्रधान राज किशोर सिंह बघेल के जनहित के कार्य की सराहना की है।

## अनशन पर बैठे किसानों की लगातार बिगड़ रही हालत

**लंभुआ, सुलतानपुर।** एसडीएम के खिलाफ कारवाई होने के बाद ही अनशन पर बैठे किसान अन्न जल ग्रहण करेंगे। किसानों का कहना है कि समस्याएं लेकर एसडीएम के पास आने का हमारा अधिकार है और जन समस्याएं ना सुनकर किसानों को प्रताड़ित करने का अधिकार एसडीएम को नहीं है। एसडीएम की दमनकारी नीतियों के खिलाफ हम लोग अनशन पर बैठे हुए हैं। उधर किसानों की हालत बिगड़ती चली जा रही है। लेकिन प्रशासन कोई निर्णय लेने में कामयाब नहीं हो रहा है। लंभुआ तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार उर्फ सूरज सिंह, जिला अध्यक्ष कमलेश वर्मा समेत पांच किसान पिछले तीन दिन से अन्न जल त्याग कर अनशन पर बैठे हुए हैं और काफी संख्या में वहां पर किसान उनके समर्थन में बैठे हुए हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी बराबर किसानों के संपर्क में है और शुक्रवार को सीओ अब्दुस सलाम ने अनशन स्थल पर जाकर प्रदेश अध्यक्ष एवं एडिशनल एसपी से फोनिक वार्ता भी कराई। लेकिन श्री सिंह ने कहा कि एसडीएम की दमनकारी नीति के खिलाफ हम लोग अनशन पर बैठे हुए हैं, जब तक एसडीएम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तब तक हम लोग अन्न जल ग्रहण नहीं करेंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव धीरेंद्र सिंह, राजपति तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, गीता, राम अवध वर्मा, हृदय नारायण आदि काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कारगिल युद्ध में प्रतिभाग करने वाले पूर्व सैनिक को किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में 7 कुमाऊँ रेजिमेन्ट/मध्य कमान सेना मुख्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में बचत भवन सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में वीर नारियों एवं कारगिल युद्ध में प्रतिभाग किये हुये पूर्व सैनिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 7 कुमाऊँ रेजिमेन्ट के मेजर रोहित सेठी के नेतृत्व में एक मोटर साइकिल रैली, लखनऊ से बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई जनपदों से होकर रायबरेली तक आयोजित की गयी। मोटर साइकिल रैली का समापन 26 जुलाई 2025 को मध्य कमान के स्मृतिका युद्ध स्मारक लखनऊ पर होगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सड़क नहीं तो वोट नहीं, नुवावां गांव में ग्रामीणों का विरोध-प्रदर्शन



**अमेठी।** शुक्रवार को विकासखंड के ग्रामसभा नुवावा के सैदापुर के ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा। ह्लरोड नहीं तो वोट नहींह्व के नारे लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि पांच साल बीतने के बाद भी गांव में अब तक कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। प्रदर्शन में रज्जाक अली, राजेश, शिवम, मिश्रा, अफजल खान, मेहंदी हसन, अमित मिश्रा, सुनील मिश्रा, मनोज, अनिल द्विवेदी, सोनू खान, बृजेश सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने एक सुर में कहा कि प्रशासन ने अब तक सिर्फ वादे किए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। सबसे बड़ी समस्या गांव की सड़क है, जो पूरी तरह जर्जर और कीचड़ से भरी हुई है। इसी रास्ते से छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और मरीजों को आना-जाना पड़ता है। गंभीर स्थिति में गर्भवती महिलाओं या बीमार व्यक्तियों को कंधे पर उठाकर अस्पताल तक ले जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानी होती है। गांव वालों ने हार मानने की बजाय अपने स्तर पर चंदा इकट्ठा कर खड़िंजा (ईंट वाली सड़क) का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण और विकास कार्य नहीं शुरू हुए, तो वे आगामी चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे।

## अशोक यादव बने राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी

**अमेठी।** पार्टी के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय सचिव सपा अशोक यादव को लोहिया वाहिनी बनाए जाने पर बधाई देने वालों का ताता लग गया।। अशोक यादव ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पर मैं खराब करूंगा पार्टी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने का भरसक प्रयास करूंगा। सपा के लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष को उन्होंने भी धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारी को निभाता रहूंगा।

## सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों के एक दिन का वेतन काटने का दिया आदेश

**अमेठी।** जनपद में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने सी एच सी शाहगढ़ एवं पी एच सी गोसाईगंज का निरीक्षण किया गोसाई गंज में सभी स्टाफ उपस्थित रहे उन्होंने हरिशंकरी पौधे का बृक्षारोपड किया सी एच सी शाहगढ़ में फ्इरङटीम के अरुण कुमार डअ सुरेंद्र कुमार ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ अबरार डॉ अहमद 11 बजे तक फील्ड विजिट नही गए थे कमरे में चारो गप कर रहे थे जबकि 9 बजे स्कूल में पहुच कर बच्चो का परीक्षण करना चाहिए था इसके लिए इनका शुक्रवारी का बेतन काटा जाएगा और जुलाई में इन्क्रीमेंट नही मिलेगा अधीक्षक डॉ दयाल दुबे डॉ मनीष डॉ ऋषि रंजीत फार्मासिस्ट ' अनुपस्थित मिले इनका 1 दिन का बेतन बाधित किया जाएगा आउटसोर्स अमर नाथ वार्ड आया, अक्षय कुमार अनुपस्थित मिले सभी का बेतन काटा जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा तथा उन्हें इसके लिए पहले हिदायत दी जा चुकी है। ज्ञात होगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुय मानसिंह लगातार क्षेत्र में स्वास्थ्य केदो का निरीक्षण करते चले आ रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सक्रियता के चलते स्वास्थ्य विभाग अब अपने पैमाने पर काफी खरा उतर गया हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने वादे के मुताबिक परिसर में वृक्षारोपण किया साथ ही उन्होंने पेड़ का संरक्षण जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि जितना पेड़ लगाना जरूरी है उससे अधिक उसकी सुरक्षा करना भी जरूरी है।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में 8 पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर।** पुलिस ने दहेज उत्पीडन के मामले में पति समेत आठ लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सरायरानी गांव की मंजू पांडे पत्नी रामतीरथ ने अपनी पुत्री सरिता उर्फ रुचि की शादी 9 जुलाई 2024 को कादीपुर कस्बे के विवेकानंद नगर मोहल्ले के अशोक पांडे के पुत्र अमन पांडे के साथ की थी। आरोप है कि ससुराल जाने पर ससुरारीजन दहेज में एक बाइक या एक लाख रुपए नगद की मांग कर रहे थे। जिसके लिए सरिता को बार-बार उत्पीड़ित कर रहे थे। बीते 24 जून को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब नात रिश्तेदारों के साथ पंचायत में सुलह समझौता हुआ कि अब दहेज की मांग नहीं करेंगे न उत्पीड़न करेंगे। फिर पति अमन पांडे सरिता को लिवाकर अपने घर गए। ससुराल जाने पर फिर मारना पीटना जारी रहा। बीते 7 जुलाई को ससुरारीजन मारपीट कर एवं सारे जेवरात छीनकर घर से बाहर निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की मां मंजू की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पति अमन पांडे, ससुर अशोक पांडेय, सांस मिथलेश, जेठ पवन, जेठानी काजल एवं ननद जूही, काजल एवं पूजा के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

## स्कूल मर्जर के विरोध में सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

**कादीपुर, सुलतानपुर।** सपा कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक विद्यालयों में किए जा रहे मर्ज की कार्यवाही के विरोध में राज्यपाल को संबोधित मांगपत्र एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी को सौंपा। शनिवार को दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि सविधान में छः से चौदह वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है। जो सुनिश्चित करता है। कोई भी बच्चा आर्थिक एवं दूरी के कारणों से शिक्षा से वंचित न होने पाए यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कानून बनाकर सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।अनुच्छेद 41 के माध्यम से राज को शिक्षा प्रदान करने के निर्देश के साथ साथ प्रत्येक अभिभावक को अपने छः वर्ष से चौदह वर्ष तक के आयु वाले बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करना उनका ग्यारहवा मौलिक कर्तव्य घोषित किया गया है। इसके बावजूद 16 जून 2025 को अपर मुख्य सचिव बेसिक ने प्रदेश में कुछ बेसिक विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश दिया है। जो संविधान, शिक्षा एवं जन विरोधी है।

# बूढ़ेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार करायेगा पर्यटन विभाग



- सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयास से पर्यटन विभाग की कार्ययोजना में षामिल

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा रायबरेली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के केंद्र बूढ़ेश्वर मंदिर को पर्यटन विकास कार्ययोजना में शामिल किया गया है। यह जानकारी रायबरेली सदर की विधायक अदिति सिंह ने साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पर्यटन विभाग की कार्ययोजना में रायबरेली सदर की ग्राम सभा कोडरस बुजुर्ग में स्थित बूढ़ेश्वर मंदिर को शामिल किया गया है। यह कदम न केवल क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करेगा, बल्कि स्थानीय विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।

बूढ़ेश्वर मंदिर रायबरेली के कोडरस बुजुर्ग गांव में स्थित एक प्राचीन धार्मिक स्थल है, जो स्थानीय लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी क्षेत्र की पहचान को दर्शाता है। मंदिर का विकास पर्यटन स्थल के रूप में होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। अदिति सिंह ने इस पहल को रायबरेली के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार विरासत से विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। अदिति सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार श्रद्धा, संस्कृति और विरासत को सहेजने के लिए कटिबद्ध है। बूढ़ेश्वर मंदिर का पर्यटन विकास कार्ययोजना में शामिल होना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल रायबरेली के लोगों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## अपना दल एस के नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पहुंचे अमेठी

**अमेठी।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अपना दल एस की अगुवाई करने प्रतापगढ़ बार्डर पर शिवम तिवारी अपना दल एस जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया साथ में प्रवीण कुमार तिवारी प्रदेश महासचिव युवा मंच भी अमेठी पहुंचे। पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी पदाधिकरियों के साथ बैठक कर संगठन पर गहन विचार विमर्श भी किया गया पत्रकारों से बातचीत के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बताया मेरे आगमन का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना तथा जनता का समर्थन हासिल करना है इस बार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत कर पंचायत चुनाव में अमेठी से भी उम्मीदवार उतारे जाएंगे अंत में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शिवम तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए संगठन के विस्तार को लेकर आहम चर्चा की।



## भारी गर्मी और उमस से चार बच्चे बेहोश

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** प्राथमिक विद्यालय पारसपट्टी द्वितीय में शुक्रवार घंटे भर के अंतराल में चार बच्चों के अचानक बेहोश हो जाने से विद्यालय में हड़कंप मच गया। शिक्षकों ने मामले की सूचना तत्काल छात्रों के अभिभावकों को दी।

प्रधानाध्यापिका और शिक्षकों के प्रयास से कुछ देर में सामान्य होने के बाद बच्चों उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया। भीषण गर्मी व उमस के बीच क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पारसपट्टी (द्वितीय) के बच्चे प्रांगण में प्रार्थना कर रहे थे कि इसी बीच अचानक कक्षा 5 की छात्रा मानवी राष्ट्रगान समाप्त होते ही गश खाकर गिर पड़ी। जिसे शिक्षकों ने कमरे में ले जाकर लिटाया और पुस्तक से हवा देने व पानी के छींटें मारने उसे राहत मिली। कक्षाएं संचालित होने के बाद करीब 10 बजे अचानक कक्षा 5 का छात्र चंचल और छात्रा जाह्नवी तथा कक्षा चार का छात्र सुभाष कमरे में ही गश खाकर बेहोश हो गए। छात्रओं के अचानक बेहोश होते ही विद्यालय में हड़कंप मच गया।



प्रभारी प्रधानाध्यापिका शोभा देवी ने बताया कि सुबह से ही गर्मी बहुत तेज थी। विद्यालय में वैसे तो बिजली कनेक्शन है लेकिन मौके पर बिजली की आपूर्ति बंद थी। जिससे शिक्षक व बच्चे गर्मी से काफी परेशान थे। जिसके कारण बच्चे बेहोश हो गए। तत्काल ही उन्हें दूसरे बच्चों ने हवा देनी शुरू कर दी, पानी के छींटे मारने के बाद सभी ने राहत महसूस किया। इसके बाद छात्रओं को विद्यालय में मौजूद ओआरएस का घोल पिलाया गया और उनके अभिभावकों को जानकारी दी गई। जब तक अभिभावक विद्यालय पहुंचे तब तक सभी छात्र पूरी तरह से स्वस्थ हो गए थे। सभी प्रभावित बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया।

## डंपर से टकराया ऑटो, चालक घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज के कटका बाजार क्षेत्र स्थित टांडा बाँदा हाईवे पर गुरुवार को एक सड़क हादसा हो गया। निमार्णाधीन पेट्रोल पंप के पास खड़े एक डंफर से पीछे से आ रहा ऑटो अनियंत्रित होकर टकरा गया। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पीछे बैठी महिला यात्री को मामूली चोटें आई हैं। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र बौरा जगदीशपुर निवासी चालक लवकुश ऑटो रिक्शा चालक है। वह गुरुवार को सेमरी निवासी पूजा को ऑटो में बिठाकर घर की ओर जा रहा था।

## छप्पर गिरा, मां-बेटियां दबीं गंभीर रूप से घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के महमूदपुर जंगल गांव में शुक्रवार दोपहर तेज हवा से एक कच्चा झप्पर भरभराकर गिर गया। इसके नीचे बैठी महिला और उसकी दो बेटियां मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। गांव निवासी महावीर यादव की पत्नी ज्ञानमती देवी (40), पुत्री पिंशु (22) और अंशु (19) दोपहर के समय तेज धूप और उमस से राहत पाने के लिए घर के सामने बने कच्चे झप्पर के नीचे बैठी थीं। यह झप्पर ईंटों और मिट्टी के सहारे अस्थायी रूप से खड़ा किया गया था। दोपहर करीब बारह बजे अचानक तेज हवा चलने लगी, जिससे झप्पर असंतुलित होकर ढह गया और तीनों उसके नीचे दब गईं।घटना के बाद हड़कंप मच गया, हल्ला-गुहार पर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे मलबा हटाकर मां-बेटियों को बाहर निकाला। घायलों की स्थिति देख परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।



## दो बाइक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 25 जुलाई को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 2 अलग-अलग बाइक पर सवार अभियुक्त प्रमोद लोधी पुत्र श्यामलाल लोधी निवासी ग्राम मंझवारा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी हाल पता ग्राम गुरुदत्तगंज मजरे जूठीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र 24 वर्ष, आशीष यादव उर्फ आनन्द यादव पुत्र शिव कुमार यादव उर्फ माला निवासी ग्राम गुरुदत्तगंज मजरे जूठीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। दोनों मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि यह बाइकें चोरी की हैं जिन्हें हम दोनों अन्य साथियों आशीष पाण्डेय पुत्र मनोज पाण्डेय निवासी ग्राम पाण्डेय का पुरवा मजरे मडेरिका थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, अवधेश तिवारी पुत्र अरुण तिवारी निवासी ग्राम सरूवांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी, राजकुमार जाटव पुत्र उदयराज निवासी ग्राम गुरुदत्तगंज मजरे जूठीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर सुपर स्पेलेण्डर यूपी 36 क्यू 6099 को 3 दिन पुर्व को संस्कार ग्लोबल स्कूल के पास से व सुपर स्पेलेण्डर बिना नम्बर प्लेट सोमवार को भटगवां बाजार के पास से चोरी किये थे। हम पांचों लोग मिलकर बाइक चोरी करते हैं और उसे ग्राहक ढूढ़कर बेच देते है उससे जो रुपये मिलते हैं हम पांचों लोग बांट लेते हैं। बरामद दोनों बाइकों की चोरी के संबंध में थाना गौरीगंज पर मुअसं 252/25 धारा 303(2) बीएनएस व मुअसं 257/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर की महिलाओं को सशक्त बनाने की अनूठी पहल

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी ने अपने प्रयासों को और गति दी है। इसी कड़ी में रायबरेली के एक स्थानीय होटल में कंपनी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और डेयरी उद्योग में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्रयासों और उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया गया, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इसके योगदान पर प्रकाश डाला गया।

कंपनी के सचिव उद्धव प्रताप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में दूध उत्पादन से जुड़े लोगों, विशेषकर महिलाओं, को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारी कंपनी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाना भी है। हम डेयरी उद्योग के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ-साथ, वरिष्ठ आईएएस और कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी) दीपक कुमार ने रायबरेली के गोंधैया में स्थित सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के दुग्ध संग्रहण केंद्र और अमावां में बल्क मिल्क चिलिंग प्लांट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी से जुड़ी महिला डेयरी किसानों से मुलाकात की और उनकी सफलता की कहानियों को सुना। कंपनी के कार्यकारी निदेशक डॉ. प्रशांत मंडाव्या ने बताया कि सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी प्रतिदिन 3.5 लाख लीटर दूध का संकलन करती है।



उन्होंने कहा, हम उन्नत प्रौद्योगिकी और उपकरणों का उपयोग कर दूध की खरीद और मूल्य वितरण में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला डेयरी किसान को उसकी मेहनत का उचित लाभ मिले। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश के रायबरेली, सुल्तानपुर, फतेहपुर, अमेठी, अयोध्या, प्रतापगढ़, और कानपुर नगर में कार्यरत है। अब तक एक लाख से अधिक महिला डेयरी किसान कंपनी की सदस्य बन चुकी हैं, जिनमें से लगभग 12,000 महिलाएं लखपति दीदी बनकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीडीओ अर्पित उपाध्याय और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कंपनी के कार्यों की सराहना की और इसे ग्रामीण महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बताया।

## भूगोल के विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता की परीक्षा

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान सुलतानपुर के भूगोल विषय के विद्यार्थियों ने जून 2025 की यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा मे सफलता हासिल किए। यह जानकारी संस्थान के मुख्य अनुशासक व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ सुधांशु प्रताप सिंह ने दी। इन्होंने बताया कि जून 2025 राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट/जेआरएफ की प्रतियोगिता मे संस्थान से भूगोल परास्नातक मे अध्ययन करने वाले अधिकांश विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इन प्रतिभागी विद्यार्थियों मे सात विद्यार्थी यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा क्वालीफाई किए। इस मौके पर भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आर पी मिश्र ने कहा कि जून 2025 की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा मे सौम्या शर्मा पुत्री राकेश शर्मा, प्रिन्सी तिवारी पुत्री संतोष कुमार तिवारी, अनुराग यादव पुत्र राजनारायण यादव, देवेन्द्र वर्मा पुत्र नन्द किशोर एवं कामरान अहमद पुत्र सिराज अहमद महाविद्यालय व विश्वविद्यालय मे असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन सहित पीएचडी मे प्रवेश हेतु राष्ट्रीय पात्रता प्राप्त किए। वहीं जया साहू पुत्री अशोक कुमार साहू एवं अनुष्का गुप्ता पुत्री राधेश्याम गुप्ता ने देश के किसी भी विश्वविद्यालय से पीएचडी मे प्रवेश हेतु राष्ट्रीय पात्रता हासिल किए। विभागाध्यक्ष ने बताया कि युवाओं को उच्च शिक्षण संस्थानों मे असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होने, पीएच डी करने व पीएच डी सकुशल सम्पादन हेतु स्कॉलरशिप प्रदान करने के उद्देश्य से साल मे दो बार यूजी सी नेट/ जेआरएफ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा आयोजित होती है। इस बार भूगोल विषय से अध्ययन करने वाले सात विद्यार्थी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा क्वालिफाइ किए। इस अवसर पर संस्थान प्राचार्य प्रो.आलोक कुमार सिंह, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ सुधांशु प्रताप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर व संस्थान मीडिया प्रभारी डॉ आर पी मिश्र असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नम्रता वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर मि अतुल वर्मा सहित भूगोल प्रयोगशाला सहायक मि राम शब्द एवं भूगोल परिचर मि प्रभात सिंह आदि द्वारा विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



संक्षेप

## टैंकर की टक्कर से वृद्ध की मौत, 2 घायल

**मथुरा।** भरतपुर रोड़ पर थाना हाईवे के तारसी चौराहा के समीप तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक बृद्ध की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना हुई। एक ही बाइक पर सवार तीन मजदूर मथुरा से भरतपुर की तरफ जा रहे थे। बताया जाता है कि मथुरा से जयपुर जा रहे तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवारों में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 62 वर्षीय देवजीत पुत्र स्वर्गीय खेमचंद निवासी छोटी कोसी नगला नारायण सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल हुए दो अन्य साथी 28 वर्षीय बबलू पुत्र गोलू और 18 वर्षीय इंद्रजीत पुत्र प्रकाश को कुंतल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर नजदीकी पुलिस चौकी में भाग गया। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जब ग्रामीणों को पता चला कि टैंकर चालक चौकी में है, तो वे आक्रोशित होकर वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता की। हादसे के बाद घटना स्थल का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में कुछ व्यक्ति पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बिहारीजी कॉरिडोर की लगायी दरकार

**मथुरा।** छाता क्षेत्र के गांव तरौली निवासी ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलकर बिहारीजी कोरिडोर के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। इसे ब्रज के लिए परम आवश्यक बताया है। कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने कहा कि ब्रज में दर्शनार्थियों की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। कभी कुंज गलियों में लोगों का आवागमन सहज तरीके से हो जाता था लेकिन अब स्थितियां तेजी के साथ बदली हैं। मथुरा वृंदावन में प्रति वर्ष 9 करोड़ से अधिक लोग दर्शन को पहुंच रहे हैं। सड़कें छोटी पड़ रही हैं ऐसे में दर्शनार्थियों को भीड़ के दबाव में अनेक प्रकार से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वृंदावन में बिहारीजी के दर्शन करना मुश्किल हो रहा है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए वृंदावन में बिहारीजी कोरिडोर की बहुत आवश्यकता है। हम सभी लोग ब्रज और कान्हा के भक्तों की खातिर कोरिडोर का समर्थन करते हैं। इस मौके पर डीएम ने कहा ब्रजवासी और वृंदावनवासी मिलकर कोरिडोर का निर्माण कराएंगे। कोरिडोर के लिए प्रभावित होने वाली दुकान और मकान का पूरा मुआवजा दिया जाएगा।

## असलहाधारी गिरफ्तार

**मथुरा।** शहर केतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धौलीप्याऊ रोड़ पर से रेलवे लाइन के फाटक के पास रेलवे कालौनी वाले रोड़ से एक शातिर को पकड़ा है। उसके कब्जे से पुलिस ने असलाह और कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया है। मुखबिर से सूचना पर थाना कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुण्डीर, चौकी प्रभारी बागबहादुर मांगेराम, और उपनिरीक्षक अरविन्द सिवाल, हैड कांस्टेबिल संजीव कुमार, अरविन्द कुमार ने बीतीरात धौलीप्याऊ रोड़ पर से रेलवे लाइन के फाटक के पास रेलवे कालौनी वाले रोड़ पर संदिग्ध अवस्था में देवेन्द्र उर्फ देवा दिखाई दिया। पुलिस के टोकने पर वह भागने लगा तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया, पकड़े गए आरोपित के कब्जे से पुलिस ने एक नाजायज तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया है।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कैबिनेट मंत्री ने की बैठक



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2025 के संबंध में बैठक हुई संपन्न। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल , विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, एम0एल0सी0 ओम प्रकाश सिंह, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजीव यादव, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता सहित विभिन्न मंदिरों के प्रबंधक तथा अधिकारी मौजूद रहे।

केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को भव्यता के साथ मनाई जायेगी। 5 बड़े / मुख्य मंचो पर प्रस्तुतियां होगी, जिसमें पांचजन्य प्रेक्षागृह, ओएटी रसखान समाधि, ओएटी परसौली चंद्र सरोवर, श्रीकृष्ण जन्मस्थान लीला मंच तथा ओएटी गीता शोध संस्थान वृंदावन है। 20 छोटे मंचों पर प्रस्तुतियां होगी, जिसमें पोतरा कुण्ड, महाविद्या चौराहा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि गेट नं0-3 के सामने, मसानी मुकुन्द बिहार के पास, डीग गेट सब्जी मण्डी, भूतेश्वर तिराहा, रेलवे स्टेशन माल गोदाम रोड गेट नं0-2 के सामने, बीएसए कॉलेज, नया बस अड्डा, कृष्णापुरी तिराहा, गोवर्धन चौराहा, गोवर्धन थाने के पास, सलेमपुर रोड जयगुरूदेव मंदिर के पास,रेलवे स्टेशन गेट नं0-3 धौलीप्याऊ, बल्देव में बस स्टैण्ड के पास, गोकुल में मन्दिर के पास, महावन चौरासी खम्बा मंदिर, नंदगांव रंगीली चौक, गोविन्द देव मंदिर के पास तथा इस्कॉन मन्दिर के पास वृन्दावन है। 23 ग्रुप के 238 कलाकारों द्वारा प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट परफोर्मर द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विश्राम घाट पर 5100 दीपों का प्रज्जवलन होगा। जनपद के 20 प्रमुख चौराहों एवं घाटों पर विद्युत सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। मथुरा शहर के प्रमुख स्थानों पर 17 सेल्फी पॉइंट्स की स्थापना होगी। ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा प्रमुख मन्दिरों की प्रकाश व्यवस्था एवं सजावट की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर शोभायात्रा का आयोजन 25 ग्रुप के 325 कलाकारों द्वारा निकाली जायेगी।

## धर्मांतरण के खिलाफ सिख, सिंधी, पंजाबी परिवारों के साथ गुरुद्वारा शाहगंज में हुई मीटिंग

**आगरा।** धर्मांतरण मामले में लोगों को जागरूक करने के लिए आज गुरुद्वारा शाहगंज में एक मीटिंग हुई। इस मीटिंग में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश ने पंजाबी, सिंधी, सिख परिवारों को जागरूक करते हुए कहा कि अब अपने बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत है। युवाओं की टोली बनाई जाए, जो हर महीने बैठक कर लोगों को जागरूक करें। मीटिंग में बताया गया कि देशभर में बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा ,देश भर में चल रहे षडयंत्र और सुनियोजित तरीके से हिंदू युवतियों के ब्रेन वाश और धर्मांतरण के मामलों को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में यह मीटिंग आगरा में आयोजित की गई है, क्योंकि यहीं की दो युवतियां भी इसी मामले से निकल कर आई हैं। गुरुद्वारा माईथान के प्रधान सरदार कंवलदीप सिंह ने कहा कि अपने धर्म को शर्म से नहीं बल्कि गर्व से अपनाइए। सिख परिवार अपने बच्चों को पगड़ी पहनाएं। मांओं की खास जिम्मेदारी है। वो अपने बच्चों पर ज्यादा नजर रखें। यह एक लड़ाई है, जिसके लिए सभी को एकजुट होना होगा। श्याम भोजवानी ने कहा कि हमारे परिवार में पहले बच्चे को सिख बनाया जाता है। आज के समय में जरूरत है कि अपने बच्चों को गुरवाणी से जोड़िए। हम सभी भाई, देश और कौम को जब जरूरत पड़े तो सभी को एक होना होगा। योजना के तहत धर्मांतरण हो रहा है, संकल्प लें कि इस योजना को पूरा नहीं होने देंगे। प्रांत संगठन मंत्री राजेश ने कहा कि चिंता का विषय है, जिसके लिए हम यहां इकट्?ठा हुए हैं। यह आज का विषय नहीं है, बल्कि 1400 साल पुराना विषय है। यह एक युद्ध है, जिसके रूप बदलते हैं। यह लगातार चल रहा है, टार्गेट बदलते रहे, किसी न किसी रूप में होता रहा है। पीलीभीत में दो सालों की मेहनत के बाद ईसाई धर्मांतरण में 1000 परिवार को को वापस लाए। सारे देश का आंकड़ा निकालेंगे तो 70-80 हजार लड़कियां हर साल गायब होती हैं। लव जिहाद के रूप में अघोषित युद्ध छिड़ा हुआ है। हमारे परिवारों की बच्चियां विदेशों में बेची जाती हैं, उनके बच्चे पैदा करने में इस्तेमाल होता है। हमारी संख्या कम हो रही है। विचार करना होगा कि अगले 50 सालों में क्या होगा। हमारी सिर्फ एक लड़की नहीं जाती, इसका हमारी जनसंख्या पर प्रभाव पड़ रहा है। सरकार अपना काम कर रही है, लेकिन यह काम सिर्फ सरकार का नहीं बल्कि हमारी भी जिम्मेदारी है। हमें भी अपना भी फंड बनाना है। जैसे इन लोगों को इस्लामिक देशों से फंडिंग होती है। हमें कई मोर्चों पर लड़ाई लड़नी है, वकीलों की फौज बनानी होगी। युवाओं की टोली तैयार करनी होगी, जो जिस भाषा में बात करे, उस भाषा में जवाब दे।

## शातिर चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर रामगढ़ उत्तर पुलिस एवं एसओजी सर्विलासं की संयुक्त टीम ने एक शातिर चोर अलीशान उर्फ निदान उर्फ विकास को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया । अभियुक्त से एक अवैध तमंचा मय दो जिन्दा दो खोखा कारतूस एक बाइक व चोरी का माल बेचकर प्राप्त हुए 4 लाख 5 हजार रुपए व चांदी के आभूषण 4 जोड़ी बिछुए एक चैन मय लोकेट बरामद हुए। 08-07-2025 को वादिया द्वारा थाना रसूलपुर पर तहरीर दी गयी कि वह रात्रि में परिवार सहित सो रही थी इसी दौरान अज्ञात अभियुक्त ने उसके घर में रखे सोने चाँदी के आभूषण एवं रुपये चोरी कर लिये, जिसके संबंध में थाना रसूलपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त चोरी के अनावरण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी ने चार पुलिस टीमों का गठन किया था। प्रकरणों की विवेचना के दौरान अलीशान पुत्र मो. खान का नाम प्रकाश में आया, प्रकाश में आए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था । इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस टीमों को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की चोरी की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त जीशान चोरी का कुछ सामान बेचकर फतेहाबाद रोड की तरफ से आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु नगला बरी चौराहा, फतेहाबाद रोड़ पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को बाइक सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा। बारिश के कारण फिसलन होने से भागते समय उक्त संदिग्ध व्यक्ति की बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस को नजदीक आता व खुद को घिरता देखकर बाइक सवार पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, घायल की पहचान अलीशान पुत्र मो. खान निवासी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई, अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो खोखा दो जिन्दा कारतूस चोरी का माल बेचकर प्राप्त किये गये 4 लाख 5 हजार रुपए, चोरी किए कुछ चांदी के आभूषण चार जोडी बिछुए एक चैन मय लोकेट एवं एक बाइक बरामद हुई। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

# शिक्षा मित्रों ने धरना-प्रदर्शन कर मांगों के लिए सीएम के नाम दिया ज्ञापन



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जनपद के शिक्षा मित्रों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया इसके प्रश्चात कलेक्ट्रेट स्थित वट वृक्ष पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया ।

धरने को सम्बोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने कहा कि उप की लचर पैरवी के कारण आज से आठ वर्ष पहले माननीय सुप्रीम कोर्ट से शिक्षा मित्रों का समायोजन रद्द किया गया है तब से लेकर अब तक सरकार शिक्षा मित्रों की सुन नही रही है जबकि संघठन जनपद से लेकर लखनऊ तक धरना प्रदर्शन करके, मंत्रियों, सांसद, विधायकों व सरकार के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी मांगे सरकार तक लगातार पहुँचाते आ रहे। सरकार की ओर से भी लगातार आश्वासन मिलते रहे हैं लेकिन सभी आश्वासन सिर्फ झूठे ही साबित हुए हैं सरकार की नीतियों से तंग आकर आर्थिक तंगी, अवसाद में आकर जनपद सहित प्रदेश के लगभग 12 हजार शिक्षा मित्र जान गवा चुके हैं। मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा मित्रों का मानदेय अन्य राज्यों की तरह बढ़ाने , शिक्षा मित्रों को मूल विद्यालय, एवं महिलाओं को उनके ससुराल के विद्यालय में स्थानांतरण , आयुष्मान कार्ड के तरह इलाज की व्यवस्था करने , मृतक शिक्षा मित्रो के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि मांगे रखी। ज्ञापन के बाद शिक्षा मित्रों ने पिछले 8 वर्षों में जान गवाने वाले शिक्षा मित्रों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। धरना प्रदर्शन में , जिला संरक्षक दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामकुमार , ब्लॉक अध्यक्ष , राजकुमार चौधरी, बनी सिंह सागर,प्रहलाद सिंह, भगवान सिंह, पीताम्बर चौधरी, शिवकुमार, चंद मोहन, राजकुमारी, संगीता, मधुबाला, कुसुमलता, अनिता शर्मा ,सीमा कुमारी, सुषमा, पोहप सिंह, नरदेव, राजेश, प्रतिमा, जगराज विजय सिंह मुकेश कुमार, गोविद , देवी प्रसाद, कृष्णपाल आदि शिक्षा मित्र शामिल हुए ।

# अब्दुल रहमान ने कराया दर्जनों युवतियों का धर्मांतरण

- कॉलेजों में पढ़ने वाली उच्च शिक्षित युवतियां थी निशाने पर, पुलिस ने किया पीड़ितों संपर्क

**आगरा।** अवैध धर्मांतरण गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ है। गिरोह के युवक-युवतियां विभिन्न राज्यों के कॉलेजों में हैं। जो हिंदू युवतियों को जाल में फंसाकर धर्मांतरण कराते हैं। कलमा पढ़ाया जाता है। अवैध धर्मांतरण गिरोह ने अपना नेटवर्क कई राज्यों में फैला रखा है। दिल्ली के मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान ने सात राज्यों की दर्जनों युवतियों को जाल में फंसाकर धर्मांतरण कराया। इनमें से कुछ युवतियां गिरोह के लिए काम कर रही हैं। पुलिस ने धर्म परिवर्तन करने वाली कुछ युवतियों और उनके परिजनों से संपर्क किया है। राज्यों की पुलिस से भी जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं बुधवार को गिरफ्तार तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। सदर क्षेत्र की सगी बहनों के अपहरण के मामले में पुलिस ने कोलकाता सहित अन्य राज्य के 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। गोवा की रहने वाली एसबी कृष्णा उर्फ आयशा से पूछताछ के बाद दिल्ली के ओल्ड मुस्तफाबाद निवासी अब्दुल रहमान उर्फ महेंद्र पाल का नाम सामने आया था। पुलिस ने दबिश देकर उसको गिरफ्तार किया था। बाद में उसके बेटे अब्दुल्ला, अब्दुल रहीम और चेले जुनैद कुरैशी को पकड़ा। उनसे पूछताछ की गई। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि अब्दुल रहमान ने दर्जनों युवतियों का धर्मांतरण कराया है। युवतियां महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के बरेली, अलीगढ़, रायबरेली और गाजियाबाद की रहने वाली हैं। इनमें से कुछ युवतियों और उनके परिजनों से संपर्क कर लिया गया है। अन्य से भी संपर्क के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अब्दुल रहमान युवतियों का ब्रेनवॉश करता था। गिरोह के सदस्य अलग-अलग तरीकों से युवतियों से संपर्क करते थे। उन्हें दिल्ली बुलाया जाता था। हॉस्टल में रखा जाता था। अब्दुल रहमान सभी को अपने घर में बुलाकर इस्लाम की शिक्षा दिया करता था। कलमा पढ़वाया करता था। उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया जाता था। विशेष धर्म की युवतियां अन्य को अपने धर्म के बारे में बताती थीं। कहती थी जब कयामत आएगी, तब जन्नत नसीब होगी। इसके बाद निकाह करा दिया जाता था। उत्तराखंड की दो युवतियों का धर्मांतरण कराया गया। अब वह गिरोह की तरह काम कर रही हैं। वह रिवर्ट ग्रुप में शामिल हो गईं। वह कॉलेजों में पढ़ने वाली युवतियों से बात करती हैं।

इस्लाम धर्म के बारे में बताती हैं, जो उनके साथ आने को तैयार होती हैं, उनसे गिरोह के अन्य सदस्य संपर्क करते हैं। इसके बाद अपने पास बुला लेते हैं। सभी को एक बार दिल्ली जरूर बुलाया जाता था। इसके बाद अलग-अलग जगह पर भेजा जाता था। उनका निकाह करा दिया जाता था। अब्दुल रहमान जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे मौलाना कलीम सिद्दीकी के लिए काम कर रहा था। उसके जेल जाने के बाद पूरे गिरोह की कमान संभाल ली। उनके निशाने पर भोलीभाली लड़कियां रहती थीं। इनमें उच्च शिक्षित युवतियों को भी जाल में फंसाया जाता था। एक बार किसी युवती के गिरोह में शामिल होने के बाद उनका वापस जाना आसान नहीं होता है। अब्दुल रहमान के मोबाइल में कई युवतियों के नंबर और जानकारी है। इनके बारे में पुलिस टीम पड़ताल में लगी है। धर्मांतरण के लिए अलग-अलग जगह से फंडिंग की जाती थी। उसके बेटे जूतों का व्यापार दिखाने के लिए करते थे। वह अपने पिता का साथ देते थे। घर में आने वाली युवतियों का धर्म परिवर्तन कराते थे।

## स्वास्थ शिविर में 1256 लाभार्थियों ने उठाया लाभ

**मथुरा।** आयुष मिशन सोसाइटी, लखनऊ द्वारा एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ गोपाल सिंह के दिशा निर्देशन में साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक - अखिलेश विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में अम्बेडकर पार्क, महावन मथुरा में निःशुल्क पब्लिक हेल्थ आउटरीच स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आयुष की विविध पद्धतियों (आयुर्वेद, होमियोपैथी एवं योग) द्वारा विभाग के चिकित्साधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को रोगनिवारणार्थ एवं स्वास्थ्य संवर्धनार्थ चिकित्सीय परामर्श व स्टाफ द्वारा औषधि वितरण किया गया। शिविर में 1256 लाभार्थियों ने लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बल्देव पूरन प्रकाश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर, चेयरमैन श्रीमती मंजू देवी सहित आयुष विभाग के अधिकारी डॉ. गोपाल सिंह एवं डॉ.राकेश कुमार द्वारा धनवंतरी भगवान पर माल्यार्पण/ एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

## मांसाहार का पैकेट ले जा रहे व्यक्ति को रोकने के आरोप में युवक गिरफ्तार

गाजियाबाद । गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार में एक उपभोक्ता का मांसाहार का पार्सल ले जा रहे व्यक्ति को रोकने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार व्यक्ति ने खुद को बजरंग दल का कार्यकर्ता बताया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें स्कूटर पर सवार दो युवक सिद्धार्थ विहार में एक व्यक्ति को रोककर उसके पास मौजूद सामग्री के बारे में पूछताछ करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में, व्यक्ति अन्य वस्तुओं के साथ-साथ मांस का एक पैकेट दिखाता है, उसे रोकने वाला व्यक्ति खुद को बजरंग दल का कार्यकर्ता बताकर सामान ले जा रहे व्यक्ति का नाम पूछता है। वीडियो में दिख रहा है कि नाम बताए जाने के बाद व्यक्ति उससे सवाल करता है कि वह एक हिंदू होकर मांस क्यों पहुंचा रहा है? घटना 15 जुलाई को हुई थी। सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी ने बताया किइस मामले में बुधवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। हिंडन विहार के निवासी आरोपी मनोज वर्मा को गिरफ्तारी के बाद बृहस्पतिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिल्डर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

अलीगढ़। अलीगढ़ के हरदुआगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सोनू चौधरी (32) के रूप में हुई, जो हरदुआगंज थाना क्षेत्र के अपने गांव कोंडरा से तालानगरी औद्योगिक परिसर जा रहा था। चौधरी प्रभावशाली राजनीतिक नेताओं के साथ अपनी निकटता के लिए जाना जाता था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी एसयूवी कार से जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार दो हथियारबंद लोगों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। गोलियां कार के शीशे को चीरती हुई निकल गईं और चौधरी को गहरी चोट आईं, इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन बदमाश भाग गए। छर्रा के पुलिस क्षेत्राधिकारी धनंजय ने पत्रकारों को बताया कि घायल व्यक्ति को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ट्रैक्टर से कुचलकर कांवड़ ले जा रहे नाबालिग की मौत

बदायूं। बदायूं जिले के उझानी थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर ट्रैक्टर की टक्कर लगने से कांवड़ ले जा रहे नाबालिग की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस घटना से नाराज कांवड़ियों ने टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर में कथित तौर पर आग लगा दी और सड़क जाम कर दी। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने मामला शांत कर यातायात बहाल करवाया। उझानी क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अपने जत्थे के साथ कांवड़ लेने जा रहा अंकित (14) बुटला मोड़ दोपहर करीब तीन बजे सड़क किनारे आराम कर रहा था, तभी कांवड़ियों के दूसरे जत्थे के ट्रैक्टर ने अंकित के ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। सीओ ने बताया कि टक्कर लगने के कारण आराम कर रहे अंकित व उसके साथी अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गए, जिससे अंकित की मौके पर मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद गुस्साए अंकित के जत्थे ने दूसरे जत्थे की ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगा दी और सड़क जाम कर दी। दोनों गुटों में संघर्ष के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोट भी आई हैं। सीओ ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया और जाम खुलवाया।

## धान खरीद धोखाधड़ी का भगोड़ा आरोपित दिल्ली में गिरफ्तार

मेरठ। उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)-मेरठ क्षेत्र ने बृहस्पतिवार को धान खरीद धोखाधड़ी मामले में 10 साल बाद एक भगोड़े आरोपित को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। ईओडब्ल्यू और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सुरेश शर्मा को दिल्ली में साकेत कोर्ट मॉल के पास से गिरफ्तार किया।

बुलंदशहर जिले के अलीपुर खालसा गांव का निवासी शर्मा कोतवाली देहात थाने में वर्ष 2015 में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में कई वर्षों से फरार था। उस पर भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। ईओडब्ल्यू ने एक बयान में कहा कि यह मामला एक घोटाले से जुड़ा है जिसमें आरोपियों ने सन्स एंड कंपनी फर्म के प्रतिनिधि बन फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उत्तर प्रदेश सरकार से 2.94 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का धान धोखाधड़ी से खरीदा और बाद में फर्जी चालान का इस्तेमाल करके उसे बेच दिया। बयान के मताबिक मामले के सह आरोपी महेश चंद शर्मा की स्वामित्व वाली एक अन्य फर्म बालाजी ट्रेडिंग कंपनी ने बुलंदशहर की अनाज मंडी से कथित तौर पर 2.16 करोड़ रुपये का धान खरीदा था। ईओडब्ल्यू के बयान के अनुसार सुरेश शर्मा आधिकारिक तौर पर फर्म के निदेशक नहीं है मगर सरकारी अधिकृत खरीद को गलत तरीके से दिखाने के लिए दस्तावेजों में हेराफेरी करने का आरोप है। ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी पता चला है कि शर्मा ने सह-आरोपी वीर करन अवस्थी और ज तिक अवस्थी के साथ मिलकर किसानों को अपनी उपज उनके माध्यम से बेचने के लिए मनाने के लिए फर्जी प्राधिकरण पत्र बनाए थे।

## गाजियाबाद में आभूषणों की दुकान से 20 लाख की लूट

गाजियाबाद । गाजियाबाद के बृज विहार इलाके में दिनदहाड़े आभूषणों की एक दुकान में खुद को ऑनलाइन डिलिवरी एजेंट बताकर घुसे दो सशस्त्र व्यक्तियों ने 20 किलोग्राम चांदी और 125 ग्राम सोने के आभूषण लूट लिए जिनकी कीमत 20 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना बृहस्पतिवार को लिंक रोड पुलिस थाना अंतर्गत मानसी ज्वैलर्स में घटी। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की पहचान करने के लिए कई टीमें गठित की हैं। पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) निमिश पाटिल ने कहा कि दो अज्ञात बदमाशों ने मानसी ज्वैलर्स के स्टोर से 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण लूटे हैं। उन्होंने ब्लिंकइट और स्विगी कंपनी की वर्दी पहनी रखी थी जिससे कोई उन पर शक न करे। हमने इस मामले की जांच के लिए छह टीमें गठित की हैं और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। सोशल मीडिया पर आए सीसीटीवी फुटेज में हथियारबंद दो व्यक्ति स्टोर में प्रवेश करने के लिए एक व्यक्ति को धक्का देते दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक व्यक्ति ने पीले रंग की ब्लिंकइट की टी-शर्ट पहन, एक हेलमेट और नकाब पहन रखी है, जबकि उसका साथी नारंगी रंग के स्विगी के यूनिफॉर्म में हेलमेट के साथ दिखाई दे रहा है। स्टोर में घुसने पर उनका सामना स्टोर के कर्मचारी से होता है जिसे वे मारते पीटते हैं और बंदूक दिखा कर लूट में उसे सहयोग करने के लिए मजबूर करते हैं। इस तरह से उन्होंने लूट को अंजाम दिया।

## पंचायत चुनाव के दौरान हत्या मामले में तीन को उम्रकैद

मैनपुरी । यहां की एक अदालत ने दनाहर इलाके में वर्ष 2015 के पंचायत चुनाव के दौरान एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में तीन व्यक्तियों को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया। एक व्यक्ति को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता विपिन कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि 40 वर्षीय महेश कुमार, निवासी बम्होरी गांव की हत्या के संबंध में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चेतन चौहान द्वारा यह निर्णय सुनाया गया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, महेश पांच दिसंबर, 2015 को चार अन्य लोगों- मनोज, भूपेंद्र, उत्तम और इंद्रेश के साथ मिलकर ग्राम प्रधान के उम्मीदवार मुजोरी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दिनभर चुनाव प्रचार के बाद भूपेंद्र, उत्तम और इंद्रेश ने कथित तौर पर महेश की हत्या करने के लिए मनोज को उकसाया जिस पर मनोज ने तमंचा निकालकर महेश को गोली मार दी जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने मनोज, उत्तम और इंद्रेश के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया, जबकि अंतिम रिपोर्ट भूपेंद्र के पक्ष में दाखिल की गई। हालांकि, अभियोजन पक्ष के आवेदन के आधार पर भूपेंद्र पर मुकदमा चलाने के लिए उसे समन जारी किया गया था। गवाहों के बयान और दस्तावेजी साक्ष्यों पर गौर करने के बाद न्यायाधीश चौहान ने मनोज, उत्तम और इंद्रेश को हत्या का दोषी पाया, लेकिन भूपेंद्र को अपर्याप्त साक्ष्य की वजह से बरी कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत

अमेठी । जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रायबरेली जगदीशपुर मार्ग पर चौधीपुर गांव के निकट शुक्रवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक, पूरे टिकैत बढ़ौली गांव निवासी श्रीमौर्य (55) मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी रायबरेली जगदीशपुर मार्ग पर चौधीपुर गांव के निकट तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई और कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। जगदीशपुर थाने के प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## इलाज में लापरवाही से वृद्धा की मौत, जांच के आदेश

बलिया। जिले स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कथित तौर पर चिकित्सकीय लापरवाही और ऑक्सीजन नहीं मिलने से 95 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की मौत के संबंध में जिला प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दोकटी थानाक्षेत्र में बाबू के शिवपुर गांव के निवासी उदित पाठक ने संवाददाताओं को बताया कि वह अपनी मां कृष्णमुनी पाठक (95) को सांस लेने में दिक्कत होने पर बुधवार रात को सोनबरसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। स्वास्थ्य केंद्र में बिजली नहीं थी और वहां आपात चिकित्सा के लिए तैनात डॉ. काजिम अली कार्यालय के बजाए अपने आवास पर थे।

अधिकारी ने बताया कि सूचित किये जाने के करीब 20 मिनट बाद पहुंचे डॉ. काजिम अली ने मरीज की जांच करने के बाद ऑक्सीजन देने को कहा लेकिन बिजली नहीं होने की वजह से ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन को चालू नहीं किया जा सका। उन्होंने बताया कि इन्वर्टर भी चार्ज नहीं होने के बाद चिकित्सक मरीज को अपने आवास पर लेकर गए और एक मशीन से ऑक्सीजन देने का प्रयास किया। पाठक ने बताया, इस बीच पाठक की मां की हालत गंभीर हो गई, जिसके बाद चिकित्सक ने मरीज को जिला अस्पताल के लिए स्थानांतरित कर दिया। पाठक ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस में उनकी मां की मौत हो गई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि मामले पर संज्ञान लेते हुए बैरिया के उपजिलाधिकारी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर मामले में आवश्यक कार्वाई की जाएगी।

# ठेके पर फर्जीवाड़ा करता फर्जी डीएसपी गिरफ्तार

- वृंदावन में खरीदी वर्दी, बन गया डीएसपी, शराब के ठेके पर ऐसा बहका, खुल गयी की पोल




**मथुरा।** वृंदावन के केशीघाट क्षेत्र से वृंदावन पुलिस ने एक फर्जी डीएसपी को रंगेहाथ दबोच लिया। वह शराब की ठेकों पर वसूली करने के लिए पहुंचा था। आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस उसके बारे में जांच कर रही है। वह 10 दिन से शराब के ठेकों एवं भीड़ वाले क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों पर रौब गांठकर रुपये ऐंठता था। पुलिस ने इसके पास से पुलिस की वर्दी के साथ ही सीबीआई का पहचान पत्र बरामद किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है।

गौरतलब हो कि पश्चिम बंगाल के हुगली जिले की चंदन नगर कालोनी में बख्शी गली निवासी 32 वर्षीय सिद्धार्थ चक्रवर्ती पांच जुलाई को मथुरा में आया। मथुरा-वृंदावन घूमने के बाद उसने 16 जुलाई को पुलिस की वर्दी सिलाई और शराब के ठेकों के आसपास और भीड़ वाले इलाके में घूमकर लोगों पर पुलिसिया अंदाज में रौब गांठने लगा। वह खुद को पुलिस क्षेत्राधिकारी बताता था। गुरुवार रात सिद्धार्थ वर्दी पहनकर केशीघाट पर घूम रहा था। यहां दुकानदारों को अपने को डीएसपी बताकर उन्हें हड़का रहा था। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। थाना पुलिस पुलिस पहुंची और उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पांच जुलाई को पश्चिम बंगाल स्थित अपने घर से मथुरा आया था। डीएसपी की वर्दी सिलवाकर शराब के ठेकों के आसपास लोगों पर रौब झाड़ कर पैसे और खाने पीने का सामान लेता था। तीन दिन पहले छटीकरा स्थित शराब की दुकान से एक बोतल शराब भी ली थी। सिद्धार्थ शादीशुदा है। उसकी पत्नी और दो बच्चे हुगली के चंदन नगर कालोनी में रह रहे हैं। उसने स्नातक की पढ़ाई की है। कोतवाली प्रभारी प्रशांत कपिल ने बताया कि इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि यह जिस कालोनी में रहता था, वहीं पुलिस की वर्दी पहनकर घूमता था। इस पर चंदन नगर थाने की पुलिस ने 9 सितंबर 2021 को उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 25 अक्टूबर, 2021 को वह जेल से बाहर आया था। उन्होंने बताया फर्जी सीओ बनकर घूम रहे सिद्धार्थ के पास से पुलिस की वर्दी एवं सीबीआई का फर्जी पहचान पत्र भी बरामद हुआ है। इसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में प्रशान्त कपिल प्रभारी निरीक्षक थाना वृंदावन, धर्मेद्र कुमार निरीक्षक अपराध थाना वृन्दावन, उनि. देवेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी रंगजी, उनि.शुभांशु यादव, हेका. 191 सुनील कुमार, हेका. 1524 कुशलेश कुमार, का0 1216 आकाश यादव आदि शामिल रहे।

संक्षेप

## धानुका एग्रीटेक ने आयोजित की एक दिवसीय कार्यशाला

कासगंज। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने राष्ट्रीय स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका विषय था किसानों का सशक्तीकरण- मक्के एवं दलहन की खेती में आधुनिक तकनीकें। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक तरीकों के द्वारा स्थायी खेती को बढ़ावा देना और खासतौर पर मक्का एवं दलहन किसानों का मुनाफा बढ़ाना था। कार्यशाला के दौरान किसानों को मक्के एवं दलहन की खेती में आधुनिक तकनीकों, कृषि की अच्छी प्रथाओं एवं फसल विविधीकरण के फायदों के बारे में शिक्षित किया गया। मक्के की फसल से अच्छा मुनाफा मिलने के कारण इसे ह्यवंडर क्रॉपह्न कहा जाता है, विशेषज्ञों ने इसके उत्पादन के फायदों तथा इसकी खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर रोशनी डाली।

## न्यू निसान मैग्नाइट को मिली 5-स्टार रेटिंग

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने नई निसान मैग्नाइट को ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) द्वारा ओवरऑल सेफ्टी (संपूर्ण सुरक्षा) के मामले में 5-स्टार रेटिंग मिलने की जानकारी दी है। नई निसान मैग्नाइट को चेन्नई प्लांट में मैन्यूफैक्चर किया जाता है और इसे आरएचडी एवं एलएचडी बाजारों के लिए निसान मोटर इंडिया की वन कार, वन वर्ल्ड रणनीति के तहत 65 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जाता है। नई निसान मैग्नाइट (आरएचडी) को भारत एवं दक्षिण अफ्रीका में बेचा जाता है। जीएनसीएपी की तरफ से इसका परीक्षण किया गया और इसे वयस्कों की सुरक्षा के मामले में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग एवं बच्चों की सुरक्षा के मामले में 3-स्टार रेटिंग मिली। साथ ही यात्रियों की संपूर्ण सुरक्षा के लिए इसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली। अपनी मेड इन इंडिया न्यू निसान मैग्नाइट के लिए 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिलने की खुशी है।

## डब्ल्यूयूडी का कला संकलन को समर्पित मास्टर प्रोग्राम शुरू

नई दिल्ली। डब्लूयूडी देश में अपनी तरह का पहला- समकालीन कला एवं डिजाइन के संकलन (क्यूरेशन) में मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स प्रोग्राम शुरू कर रहा है। वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए डिजाइन यह प्रोग्राम आर्ट क्यूरेशन में करियर के द्वार खोलता है और प्रदर्शनी लगाने के अनूठे मॉडलों, संस्था निर्माण और सामाजिक जुड़ाव के जरिए कला, कलाकारों और समुदायों को जोड़ने में क्यूरेटर की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करता है। यद्यपि क्यूरेशन को विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में जगह दी गई है, डब्लूयूडी एक समर्पित दो वर्षीय मास्टर प्रोग्राम के तौर पर इसकी पेशकश करने वाली पहली युनिवर्सिटी है।

## सोशल का एलएलआईआईटी एक पर एक मुफ़्त रिपीट लॉन्च

लखनऊ। महीने का अंत दोगुनी खुशी के साथ करें। 29 से 31 जुलाई तक, सोशल अपने प्रसिद्ध लॉन्गेस्ट लॉन्ग आइलैंड आइस्ड टी (एल.एल.आई.आई.टी.) पर एक खरीदें, एक मुफ़्त पाएँ के आकर्षक ऑफर के साथ जश्न को और भी रोमांचक बना रहा है। यह ऑफर देश भर के 10 शहरों में सभी सोशल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। मेहमान 29 से 31 जुलाई तक सभी सोशल आउटलेट्स पर एक एल.एल.आई.आई.टी. खरीद सकते हैं और दूसरा मुफ़्त पा सकते हैं। एक दशक से भी ज्यादा समय से, एल.एल.आई.आई.टी. सिर्फ. एक कॉकटेल से कहीं बढ़कर रहा है; यह एक कल्ट क्लासिक और सोशल का एक सिग्नेचर है। 2014 से, इसने पहली डेट्स को और भी रोमांचक बना दिया है, देर रात तक चलने वाली कहानियों को जन्म दिया है, और अजनबियों को दोस्त बना दिया है। यह सिर्फ. एक ड्रिंक नहीं, बल्कि एक यादगार पल है।

## एचएफसीएल को 32 करोड़ का घाटा

नयी दिल्ली। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 32.24 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। कंपनी को बीते वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 111.30 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय।,158 करोड़ रुपये से घटकर 871 करोड़ रुपये हो गई।

# सेंसेक्स में 721 अंकों की गिरावट

मुंबई। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच वित्तीय, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 721 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 721.08 अंक यानी 0.88 प्रतिशत टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 786.48 अंक गिरकर 81,397.69 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी बिकवाली के दबाव में 225.10 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक महीने के निचले स्तर 24,837 अंक पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि एशियाई और यूरोपीय




बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते 294.64 अंक यानी 0.36 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी में 131.4 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद सर्वाधिक 4.73 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। कंपनियों के नरम तिमाही नतीजों और निराशाजनक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली हुई। प्रमुख शेयरों के उंचे मूल्यांकन और विदेशी संस्थागत निवेशकों की शॉर्ट पोजीशन ने भी गिरावट को बढ़ा दिया। छोटी कंपनियों के सूचकांक बीएसई स्मालकैप में 1.88 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 1.46 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में से उपयोगिता खंड में 2.37 प्रतिशत, बिजली खंड में 2.36 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 2.11 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### निवेशकों को 8.67 लाख करोड़ की चपत

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में दो दिनों की तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 8.67 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयर बाजारों में दो दिन में सेंसेक्स 1.52 प्रतिशत टूट गया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और वित्तीय, आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नुकसान में रहे।

# सोना 500 रुपये टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। वैश्विक व्यापार तनाव कम होने और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह आज यह 500 रुपये टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई।



अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 500 रुपये गिरकर 98,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जबकि पिछला बंद स्तर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। शुल्क संबंधी चिंताओं में कमी, डॉलर के मजबूत होने और मजबूत रोजगार बाजार के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कई बार कटौती की उम्मीद कम होने से यह गिरावट आई। एसोसिएशन के अनुसार, हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 115,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। अमेरिका ने जापान के साथ पहले ही एक व्यापार समझौता कर लिया है और अमेरिका-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को लेकर आशान्वित हैं। इसके अतिरिक्त, अमेरिका के भारत, मेक्सिको और ब्राजील के साथ व्यापार समझौते होने की उम्मीद है, जिससे सर्राफा में बिकवाली का दबाव और बढ़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 20.72 डॉलर या 0.62 प्रतिशत गिरकर 3,347.94 डॉलर प्रति औंस रह गया। अमेरिका और जापान व यूरोपीय संघ जैसे व्यापारिक साझेदारों के बीच शुल्क समझौतों की उम्मीदों के कारण सुरक्षित निवेश की अपील कम होने से सोना 3,345 डॉलर प्रति औंस पर कमजोर होकर कारोबार कर रहा था।

## अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ के पार

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गई है। योजना शुरू होने के 10 साल पूरे हाने के साथ यह उपलब्धि हासिल की गयी है। पीएफआरडीए ने शुक्रवार को एक बयान में यह कहा।

पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा संचालित इस योजना के तहत चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अबतक 39 लाख नए अंशधारक जुड़े हैं और इसके साथ इस योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गयी है। नौ मई, 2025 में शुरू हुई इस योजना को 10 साल हो चुके हैं। अटल पेंशन योजना को भारत के सभी नागरिकों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से गरीब, वंचित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है। पीएफआरडीए ने कहा कि इसकी सफलता सभी बैंकों, डाक विभाग, राज्य स्तरीय एवं केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर समिति के साथ-साथ केंद्र सरकार के समर्थन के कारण है। एपीवाई के तहत अंशधारक योगदान राशि के आधार पर 60 वर्ष की आयु के बाद 1000 रुपये से 5,000 रुपये की गारंटीकृत मासिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर घटा

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.18 अरब डॉलर घटकर 695.49 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित



विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.49 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 11.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.68 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.69 अरब डॉलर रहा।

## गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों के जारीकर्ताओं के लिए नियमों को आसान बनाने पर विचार

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों के जारीकर्ताओं के लिए नियमों को आसान बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत प्रतिभूति धारकों को वित्तीय और वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रति भेजने की जगह अब एक वेब लिंक और त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड के जरिये उन्हें पाने का विकल्प दिया गया है।

वित्तीय विवरणों की मुद्रित प्रतियां भेजने से छूट मिलने से लागत में कमी होगी और कागज की बर्बादी भी रुकेगी। साथ ही इससे नियामकीय स्थिरता और व्यापार करने में आसानी होगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परामर्श पत्र में सुझाव दिया कि गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों के धारकों को त्वरित प्रतिक्रिया कोड और वेब लिंक के जरिये वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध करानी चाहिए। जारीकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस लिंक के जरिये पूरा विवरण उपलब्ध हो और इस संबंध में धारकों को पत्र भेजना होगा। नियामक ने कहा कि ऋण पत्र धारकों के लिए पहुंच को आसान बनाने के लिए क्यूआर कोड का प्रावधान शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, सेबी ने गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने वाले जारीकर्ताओं के लिए धारकों को वित्तीय विवरणों की एक प्रति भेजने के संबंध में समयसीमा तय करने का प्रस्ताव रखा है।

# आलू की कीमतों में गिरावट से किसानों का संकट बढ़ा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल शीत शृंखला संघ (डब्ल्यूबीसीएसए) ने शुक्रवार को थोक आलू की कीमतों में भारी गिरावट पर चिंता जताई और किसानों एवं कोल्ड स्टोरेज संचालकों को भारी वित्तीय नुकसान होने के बारे में आगाह किया।

साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में गहराते आर्थिक संकट को रोकने के लिए तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की मांग की। डब्ल्यूबीसीएसए के अध्यक्ष सुनील कुमार राणा ने कहा कि थोक और खुदरा कीमतों के बीच बढ़ता अंतर किसानों पर भारी दबाव डाल रहा है, जिनके पास इस साल लगभग 80 प्रतिशत आलू का भंडार है। आलू की खेती और भंडारण का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है। इस साल, पश्चिम बंगाल के कोल्ड स्टोरेज में रिकॉर्ड 70.85 लाख मीट्रिक टन आलू रखा हुआ है, जिसमें पिछले



मौसम में अंतर-राज्यीय आवाजाही पर प्रतिबंध के कारण 10 लाख टन अतिरिक्त अगेती किस्म का आलू भी शामिल है। अधिकांश भंडारण इकाइयां अब पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। ज्योति किस्म का थोक मूल्य, जो मई में उतराई की शुरुआत के दौरान राज्य द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 15 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था, अब गिरकर नौ रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। साहा ने चेतावनी दी, जब तक सरकार 15 रुपये प्रति किलोग्राम का थोक मूल्य सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप नहीं करती, ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी और किसान अगले साल बुवाई से हतोत्साहित होंगे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने किसानों से 11 लाख टन (या 2.2 करोड़ पैकेट) आलू खरीदने का अपना मार्च का वादा अभी तक पूरा नहीं किया है। डब्ल्यूबीसीएसए ने राज्य से कुछ सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया, जिनमें एमएसपी पर तत्काल खरीद, अंतर-राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आलू व्यापार को बढ़ावा देना और मध्याह्न भोजन जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं में आलू को शामिल करना शामिल है। इसने राज्य के बाहर स्टॉक की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए परिवहन सब्सिडी शुरू करने की भी सिफारिश की। अगर ये कदम तुरंत नहीं उठाए गए, तो मांग-आपूर्ति में असंतुलन पैदा होगा, बुवाई कम होगी, शीतगृहों का कम उपयोग होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। ठोस नीतिगत समर्थन के बिना, राज्य की 10,000 करोड़ रुपये की आलू अर्थव्यवस्था को व्यापक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## नवीनीकरण शुल्क का भुगतान न करने पर 13 इकाइयों का निवेश सलाहकार के रूप में पंजीकरण रद्द

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को 13 इकाइयों का निवेश सलाहकार के रूप में पंजीकरण रद्द कर दिया।

क्योंकि वे नवीनीकरण शुल्क का भुगतान करने में विफल रहीं। नियामक ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ताओं (13 इकाइयों) के निवेश सलाहकार के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने का मुख्य उद्देश्य अनजान निवेशकों द्वारा सेबी के साथ उनके समाप्त हो चुके पंजीकरण प्रमाणपत्र के दुरुपयोग को रोकना है। हालांकि, सेबी ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण रद्द होने के बावजूद ये इकाइयां निवेश सलाहकार के रूप में किए गए किसी भी कार्य या चूक के लिए उत्तरदायी रहेंगी। ये 13 इकाइयां- मंजीत सिंह वोहरा, तरुण कुमार सपरा, गौरी सुगन्या बी, संजय सुबोधचंद्र शुक्ला, शाजी जॉर्ज, रवि मित्तल, वीबीएस इन्वेस्टमेंट्स, रविशंकर के अय्यर, एमजी फंड्स, संदीप आहूजा, हर्ष अग्रवाल, वरुण जालान और गौरव केडिया हैं। आदेश में कहा गया है कि यह देखते हुए कि संस्थाओं ने पंजीकरण को जारी रखने के लिए नवीकरण शुल्क का भुगतान नहीं किया है, तथा निवेश सलाहकार के रूप में उनके पंजीकरण प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त हो गई है, सेबी ने उनके पंजीकरण रद्द कर दिए हैं। सेबी (निवेश सलाहकार) विनियमन के तहत, प्रत्येक पंजीकृत निवेश सलाहकार को पंजीकरण को प्रभावी बनाए रखने के लिए सेबी से पंजीकरण प्राप्त होने की तिथि से प्रत्येक पांच वर्ष में नवीकरण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है।



## पेज एक का शेष

### राजस्थान : सरकारी

मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर पीपलोदी गांव के सरकारी स्कूल में बच्चे सुबह की प्रार्थना के लिए इकट्ठा हो रहे थे, तभी छठी और सातवीं कक्षा की छत ढह गयी। घटना के बाद मलबे का ढेर लग गया। घबराए हुए शिक्षकों, अभिभावकों व आसपास के अन्य लोगों ने बच्चों को मलबे से निकालना शुरू किया। डांगीपुरा थाने के एक पुलिसकर्मी ने बताया कि जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान पायल (12), हरीश (8), प्रियंका (12), कुंदन (12), कार्तिक, मीना (12) और उसके भाई कान्हा (6) के रूप में हुई है।घायलों को झालावाड़ अस्पताल और मनोहरथाना स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि करीब 12 छात्रों का अब भी इलाज जारी है। जिला अस्पताल के एक चिकित्सक ने बताया कि घायलों में से नौ का उपचार गहन चिकित्सा इकाई में किया जा रहा है।

उन्होंने सड़क जाम कर दी और टायर जलाकर सभी दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई और अपने बच्चों को खोने वाले परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। इस बीच, राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने इस दुखद घटना का स्वतः संज्ञान लिया और झालावाड़ के जिला मजिस्ट्रेट, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक - बीकानेर और झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किए। आयोग ने तथ्यात्मक रिपोर्ट, दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्वाई और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।आयोग ने कहा, यह घटना प्रशासन की लापरवाही के कारण हुई। जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उन्हें सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि उन्होंने शिक्षा मंत्री को गांव का दौरा करने का निर्देश दिया है।

### भारत-मालदीव

दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मोदी ने कहा कि भारत ने मालदीव को 56.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,850 करोड़ रुपये) की ऋण सुविधा देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग आपसी विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा मालदीव की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में उसका समर्थन करेगा। मोदी आज सुबह माले पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुइज्जू और उनकी सरकार के कई शीर्ष मंत्रियों ने वेलेना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इससे माले द्वारा इस यात्रा को दिए गए महत्व का पता चलता है। कुछ घंटों बाद, मोदी का प्रतिष्ठित रिपब्लिक स्क्वायर पर औपचारिक रूप से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति मुइज्जू द्वारा हवाई अड्डे पर आकर मेरा स्वागत करने के भाव से मैं बहुत प्रभावित हूं। मुझे विश्वास है कि भारत-मालदीव मित्रता आने वाले समय में प्रगति की नयी ऊंचाइयों को छुएगी। दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले बैठक की।

द्विपक्षीय संबंधों में यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि चीन के करीबी माने जाने वाले मुइज्जू नवंबर 2023 में इंडिया आउट अभियान के बल पर द्वीपीय राष्ट्र की सत्ता में आए हैं। मुइज्जू के कार्यकाल के शुरुआती कुछ महीनों के दौरान उनकी नीतियों के कारण संबंधों में भारी तनाव पैदा हो गया। शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर, उन्होंने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने की मांग कर दी। इसके बाद, भारत ने उनकी जगह असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया। भारतीय सैन्य कर्मियों को मालदीव में दो हेलीकॉप्टरों और एक विमान के रखरखाव और संचालन के लिए तैनात किया गया था, जिनका उपयोग मानवीय और बचाव कार्यों के लिए किया गया था। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि भारत के निरंतर प्रयासों ने संबंधों को पुनः पटरी पर लाने में मदद की, जिसमें द्वीप राष्ट्र को उसकी आर्थिक समस्याओं से निपटने में सहायता देना भी शामिल है।द्विपक्षीय संबंधों में यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि चीन के करीब माने जाने वाले मुइज्जू नवंबर 2023 में इंडिया आउटै अभियान के बल पर द्वीपीय राष्ट्र की सत्ता में आए हैं। मुइज्जू के कार्यकाल के शुरुआती कुछ महीनों के दौरान उनकी नीतियों के कारण संबंधों में भारी तनाव पैदा हो गया। शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर, उन्होंने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने की मांग कर दी। इसके बाद, भारत ने उनकी जगह असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

### ट्रिपिंग, ओवर

हुए मुख्यमंत्री को बताया गया कि राज्य की कुल उत्पादन क्षमता वर्तमान में 11,595 मेगावाट है, जिसमें थर्मल, जल विद्युत, नवीकरणीय और केंद्रीय योजनाओं की परियोजनाएं शामिल हैं। घाटमपुर और मेजा जैसी नई परियोजनाओं के पूरा होने के बाद यह क्षमता अगले दो वर्षों में 16,000 मेगावाट से अधिक हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं की सतत निगरानी और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने को कहा। कृषि क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के तेजी से पृथक्करण और किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ट्यूबवेलों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता पर होना चाहिएए ताकि किसानों को स्थायी राहत मिल सके और पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम हो। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली व्यवस्था केवल ट्रांसफॉर्मर और वायरिंग नहीं, यह जन अपेक्षा और शासन की प्रतिबद्धता का दर्पण है। हमारा दायित्व है कि हर नागरिक को यह महसूस हो कि उसे बिना भेदभाव, पारदर्शी और समयबद्ध बिजली मिल रही है।

### जनता की

नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन बच्चों को प्यार-दुलार करते हुए चॉकलेट और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### 25 ओटीटी

को अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित वेबसाइट और ऐप्स तक पहुंच बाधित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इन मंचों पर उपलब्ध कराई जा रही सामग्री में यौन संकेत, यौन रूप से स्पष्ट दृश्यों के लंबे हिस्से शामिल थे, जिनमें सामाजिक संदर्भ में कोई कहानी, विषय या संदेश नहीं था। उन्होंने बताया कि सरकार को पिछले वर्ष राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और आम जनता से इन मंचों के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई थीं।इससे पहले, मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद मई में उल्लू ने वेब सीरीज हाउस अरेस्ट को हटा दिया था।

### संसद : मानसून

के कारण दोनों सदनों में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चल सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रतिनिधियों की शुक्रवार को हुई बैठक में फैसला किया गया कि सदन में गतिरोध खत्म करके अगले सोमवार से कार्यवाही नियमित रूप से संचालित की जाएगी। निचले सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अगले सोमवार से सदन में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी। राज्यसभा की बीएसी बैठक में पहले ही यह तय हो चुका है कि अगले सप्ताह उच्च सदन में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। लोकसभा में आज पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर वापस लो के नारे लगाने लगे। बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों के तख्तियां दिखाने और नारेबाजी करने पर निराशा जताते हुए कहा, मैं पिछले कुछ दिन से देख रहा हूं कि सदन को नियोजित तरीके से बाधित किया जा रहा है। असहमति जताने का यह तरीका सही नहीं है।

### बच्चों की

को नई ऊर्जा देगा। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ ठोस कार्य योजना तैयार कर परियोजना को जमीन पर उतारने के लिए कहा गया। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, आईजी केएस नगन्याल और अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### जांबाजों ने

कर दीं और ऑपरेशन विजय लॉन्च किया गया। 26 जुलाई 1999 में भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान को युद्ध में हराकर पाकिस्तानी सेना को भारतीय सीमा से बाहर खदेड़ दिया और कारगिल की चोटियों पर तिरंगा झंडा लहरा दिया। ऑपरेशन विजय की इस याद में हर साल 26 जुलाई, 1999 को विजय दिवस मनाया जाता है।

**सामने मौत आयेगी तो उसे भी खत्म कर दूंगा: कैप्टन मनोज पांडेय**

कारगिल के हीरो कैप्टन मनोज पांडेय के नाम से शहर का नाम रोशन है। यूपी सैनिक स्कूल की वह शान रहे हैं। कारगिल युद्ध शुरू होने पर उन्हें मई, 1999 को कारगिल में भारतीय पोस्टों को खाली करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वह सेना में पांच नंबर प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। बटालिक सेक्टर में दुश्मनों को खदेड़ते हुए आगे बढ़ रहे थे। दुश्मनों के चार बंकरों को ध्वस्त भी कर दिया। इसी बीच दुश्मन की गोली से वह वीरगति को प्राप्त हो गए। कैप्टन मनोज पांडेय राजधानी के इकलौते ऐसे शहीद हैं, जिन्हें परमवीर चक्र प्रदान किया गया। गोमतीनगर में रहने वाले उनके पिता गोपीचंद पांडेय ने बताया कि मनोज हमेशाअपने पास मां का दिया रक्षा कवच पहने रहते थे। उसका मानना था कि यह उसकी रक्षा करता है। वह हमेशा कहता था कि अगर अपनी बहादुरी साबित करने से पहले मेरे सामने मौत भी आ गई तो मैं उसे खत्म कर दूंगा। यह सौगंध है मेरी। पिता ने बताया कि जब मनोज गोरखा राइफल्स का हिस्सा बना तो दशहरे की पूजा के दौरान उससे अपनी दिलेरी साबित करने के लिए बलि के लिए एक बकरे का सिर काटने को कहा गया। एक क्षण के लिए तो मनोज थोड़ा विचलित हुए, लेकिन फिर उन्होंने फरसे का जबरदस्त वार करते हुए बकरे की गर्दन उड़ा दी। उनके चेहरे पर बकरे के खून के छींटे पड़े। बाद में अपने कमरे में उन्होंने कम से कम एक दर्जन बार अपने मुंह को धोया। मनोज पूरी उम्र शाकाहारी रहे।

### रोगियों को

चुनौती दी थी। अदालत ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि चिकित्सा पेशेवरों को संरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन उचित सुविधाओं व बुनियादी ढांचे के बिना नर्सिंग होम चलाने वालों को नहीं। डॉक्टर इस मामले में अपने खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को चुनौती दे रहे थे। अदालत ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि चिकित्सा पेशेवरों को संरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन उचित सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के बिना नर्सिंग होम चलाने वालों को नहीं। मामले के रिकॉर्ड पर गौर करने के बाद अदालत ने पाया कि मौजूदा मामला विशुद्ध रूप से दुस्साहस का है, जिसमें चिकित्सक ने मरीज को भर्ती किया और ऑपरेशन के लिए परिजनों से सहमति लेने के बाद एनेस्थेटिक के नहीं आने की वजह से समय पर ऑपरेशन नहीं किया।




# इंग्लैंड पहली पारी में 450 पार

## सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में रूट ने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा के 38 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की



मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरूआत की है। शुक्रवार को मैच का तीसरा दिन है। इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 4 विकेट पर 482 रन बना लिए हैं। जो रूट 141 और बेन स्टोक्स 60 पर नाबाद हैं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। जो रूट शतक, बेन स्टोक्स फिफ्टी बना चुके हैं। जो रूट टेस्ट क्रिकेट के टॉप-2 स्कोरर में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग (13, 378 रन) को पीछे छोड़ा।

सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में रूट ने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा के 38 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। ओली पोप (71 रन) को वॉशिंगटन सुंदर ने स्लिप पर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। उन्होंने 106 रन की साझेदारी को तोड़ा। यहां भारतीय टीम को दिन का पहला विकेट मिला। इंग्लिश टीम ने शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन 225/2 से खेलना शुरू किया। बीते दिन बेन डकेट 94 और जैक क्रॉली 84 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 166 रन की ओपनिंग साझेदारी की। भारतीय टीम पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई थी। वहीं जो रूट और ओली पोप की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 135 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच तक दो विकेट पर 332 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारतीय गेंदबाज दिन के शुरुआती सत्र में रूट और पोप के लिए कोई भी मुश्किल चुनौती पैदा करने में नाकाम रहे। मैच के दूसरे दिन की शाम के सत्र को छोड़ दे तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण एक बार फिर इंग्लैंड की बल्लेबाजी में सेंध लगाने में नाकाम रहा। रूट (115 गेंदों पर नाबाद 63 रन) और पोप (123 गेंदों पर नाबाद 71 रन) ने अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है। टीम अब भारत की पहली पारी में 358 रन से सिर्फ 26 रन पीछे हैं। भारतीय गेंदबाज अनुभवी जो रूट और ओली पोप को मुश्किल चुनौती देने में नाकाम रहे। दूसरे दिन की निराशाजनक सत्र के बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण एक बार फिर इंग्लैंड की बल्लेबाजी में सेंध लगाने में विफल रहा। रूट (115 गेंदों पर 63 रन बनाकर नाबाद) और पोप (123 गेंदों पर 71 रन) ने बिना किसी परेशानी के 135 रनों की अटूट साझेदारी की। जेम्स एंडरसन के छोर से कुछ गेंदों के नीचे रहने के कारण इंग्लैंड के बल्लेबाजों को थोड़ी परेशानी हुई लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली गेंदबाजी इकाई ने रूट और पोप को ज्यादा परेशान नहीं किया। बृहस्पतिवार को लेग साइड पर बहुत ज्यादा ढीली गेंदें फेंकने वाले भारतीय तेज गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर खराब गेंद डालना जारी रखा जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाज कभी दबाव में नहीं आये। इंग्लैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाज रूट ने दिन की शुरुआत में बुमराह की गेंद पर फ्लिक कर शानदार चौका जड़ा। उन्हें और पोप को बुमराह की शॉट गेंद पर चौका लगाने में कोई परेशानी नहीं हुई। दिन की शुरुआत दो विकेट पर 225 रन से आगे करते हुए इंग्लैंड ने पहले घंटे में सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 266 रन तक पहुंचाया। अंशुल कंबोज ने अपने शुरुआती स्पेल में एक मौका बनाया, लेकिन विकेट के करीब से कीपिंग कर रहे ध्रुव जुरेल मुश्किल कैच को लपक नहीं पाए। उस समय पोप 48 रन पर थे। रूट को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब सिराज के गेंद पर रन चुराने के दौरान वह गेंदबाजी छोर से काफी दूर रह गये लेकिन रविंद्र जडेजा का थ्रो विकेटों के दूर से निकल गया। रूट ने बुमराह की गेंद को शानदार तरीके से सहलाते हुए कवर क्षेत्र में चार रनों के लिए भेजने के बाद पारी के 58वें ओवर में सिराज के खिलाफ रन चुराकर भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ (13288) और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान हरफनमौला (13289) के टेस्ट रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

# क्रिकेट जगत ने की पैर में फ्रैक्चर के बावजूद पंत के साहसपूर्ण अर्धशतक की सराहना



मैनचेस्टर। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत की एक पैर के चोटिल होने के बावजूद खेली गई साहसिक पारी से न केवल उनके जज्बे का पता चलता है बल्कि इससे उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह एक बेहतरीन टीम मैन हैं। पंत ने दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बावजूद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करके कभी हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया था। उन्होंने ओल्ड ट्रैफर्ड में गुरुवार को दाहिने पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद 37 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और अर्धशतक पूरा किया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, अगर किसी को शक था कि वह कभी टीम मैन थे, तो उन्हें आज यह पहली बार देखने को मिला। ऐसा करने के लिए जज्बे से भी ज्यादा की जरूरत होती है। उसका मैदान पर वापस आना और इसके बाद उसने जो कुछ किया वह बहुत खास था। इसके लिए यहां तक इंग्लैंड की टीम ने भी उसकी सराहना की। आप ऐसा कुछ खास करने के लिए ही जीते हैं। आप ऐसा करने के लिए ही खेलते हैं। ऐसी चीज ही आपको खास बनाती है। चौथे टेस्ट से पहले लार्ड्स टेस्ट के दौरान विकेटकीपिंग करते समय पंत की उंगली में चोट लग गई थी। शास्त्री ने याद करते हुए कहा कि उससे पूछा गया कि उंगली कैसी है, क्या आप खेलेंगे, तो उसने कहा टूटा भी होता तो खेलता। इससे पता चलता है कि उसने क्या किया है। उसे टेस्ट क्रिकेट खेलना पसंद है, उसे अपने देश के लिए खेलना पसंद है। पूर्व भारतीय टेस्ट बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा ने वीडियो में कहा कि हमें उनके जैसे खिलाड़ियों की ज़रूरत है जो मुश्किल वक्त में आगे आ सकें। उन्होंने इतना दर्द सहने के बावजूद इतना साहस और जज्बा दिखाया। ऐसा करना कभी आसान नहीं होता। पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने कहा कि एक बात तो तय है कि इंग्लैंड ऋषभ पंत को पसंद करता है। खेल में कुछ ऐसे पल होते हैं जिन्हें आप लंबे समय तक याद रखते हैं और जब वह मैदान पर थे तो ऐसा लगा कि वह पल लंबे समय तक याद रहेगा। पंत ने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर मिडविकेट पर छक्का लगाया और फिर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की गेंद पर कवर में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा कि उन्होंने बहुत जोखिम उठाया। उनमें प्रतिभा तो है ही, साथ ही उनका दिल भी बहुत बड़ा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने कहा कि पंत ने इस श्रृंखला में बहुत कुछ दिया है। लीड्स में दो शतक, शानदार जश्न, लेग साइड में शॉट लगाने के लिए बल्ला फेंकना और अब एक पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद अर्धशतक बनाना। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह किसी उद्देश्य के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे।

संक्षेप

## कारगिल दिवस पर द्रास में पदयात्रा में भाग लेंगे खेल मंत्री

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को द्रास में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे जिसमें 1,000 से अधिक युवा स्वयंसेवक, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बलों के कर्मी, शहीद सैनिकों के परिवार और आमजन भाग लेंगे। मांडविया के साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी कारगिल विजय दिवस पदयात्रा में शामिल होंगे, जिसका आयोजन मेरा युवा भारत द्वारा किया जा रहा है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में पदयात्रा में 1,000 से अधिक युवा, पूर्व सैनिक, सशस्त्र बल कर्मी, शहीदों के परिवार और नागरिक समाज के सदस्य भी भाग लेंगे। यह पदयात्रा डेढ़ किलोमीटर की होगी। पदयात्रा सुबह सात बजे हिमाबास पब्लिक हाई स्कूल, द्रास के मैदान से शुरू होगी और गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, भीमबेट के मैदान में समाप्त होगी।

## जावी हर्नांडेज़ ने भी किया मुख्य कोच के लिए आवेदन

नयी दिल्ली। स्पेन के विश्व कप विजेता मिडफील्डर जावी हर्नांडेज़ उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के लिए यह सुखद आश्चर्य है लेकिन वह उनके आवेदन पर विचार नहीं कर पा रहा है, क्योंकि वह इस स्टार फुटबॉलर पर खर्च होने वाली लागत वहन करने में सक्षम नहीं है। ऐसा पता चला है कि जावी ने अपने अकाउंट से ईमेल भेज कर इस पद के लिए आवेदन किया था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया, हां, उन्होंने (जावी) भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन किया है। उन्होंने खुद तकनीकी समिति के लोगों को अपना आवेदन भेजा है और ऐसा लगता है कि वह इस पद के लिए काफी इच्छुक हैं। सूत्र ने कहा, हालांकि, जिन लोगों को महासंघ की अंतिम मंजूरी के लिए कार्यकारी समिति के पास कोच पद के उम्मीदवारों की सूची भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे जानते हैं कि उन्हें इस पद पर नियुक्त करना आसान नहीं है। आप जानते हैं कि जावी अब तक के सर्वश्रेष्ठ मिडफ़ील्डर्स में से एक हैं। लोग हमेशा (लियोनेल) मेस्सी के बारे में बात करते हैं, लेकिन जहां तक बार्सिलोना का सवाल है, वह (आंद्रेस) इनिएस्ता के साथ सबसे ऊपर हैं।

# फिडे महिला विश्व कप में पहली बार कोई भारतीय खिलाड़ी होगा विजेता



बातुमी (जॉर्जिया)। स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी।

हम्पी और देशमुख दोनों ने यहां फाइनल में पहुंचकर अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बड़े मुकाबलों में खेलने के अपने अनुभव के आधार पर हम्पी फाइनल में हमवतन देशमुख के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। हम्पी ने बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में हराकर जीत हासिल की जबकि देशमुख ने अंतिम-चार चरण के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की ही झोंगयी टैन को हराया। अड़तीस वर्षीय ग्रैंडमास्टर हम्पी विश्व महिला रैपिड टूर्नामेंट की विजेता थीं और हाल में महिला ग्रां प्री में भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। पिछले कई वर्षों में उनका जज्बा और दृढ़ संकल्प जरा भी कम नहीं हुआ है। हम्पी ने फिडे वेबसाइट से कहा कि शतरंज प्रेमियों के लिए यह सबसे खुशी के पलों में से एक है क्योंकि अब खिताब निश्चित रूप से भारत के पास जाएगा। लेकिन निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के रूप में कल का मैच भी काफी कठिन होगा। दिव्या ने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हम्पी से आधी उम्र की अंतरराष्ट्रीय मास्टर देशमुख इस प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर उलटफेर कर चुकी हैं। उनका पहला शिकार चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जिनर झू थीं जिन्होंने डी हरिका को बाहर कर दिया था। 19 वर्षीय देशमुख ने सेमीफाइनल में चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को हराया। उन्होंने फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि मुझे बस थोड़ी नींद और थोड़ा खाना चाहिए। इन दिनों मैं काफी चिंतित हूं। देशमुख ने अपनी सेमीफाइनल बाजी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि मैं और बेहतर खेल सकती थी। एक समय मैं जीत रही थी और फिर चीजें मुश्किल हो गई। मुझे लगता है कि मैंने बीच में गलती कर दी, वर्ना मुझे और भी आसान जीत मिल सकती थी। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा था कि यह ड्रॉ रहेगा। पर अंत में मैं भाग्यशाली रही। हम्पी को प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक ने टाईब्रेकर तक खींचा और इसके बाद उन्होंने युक्सिन सोंग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

# भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने लिया संन्यास




नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन संकेत दिया कि वह किसी अन्य भूमिका में खेल से जुड़ी रहेंगी। वेदा ने 48 वनडे और 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने क्रमशः 829 और 875 रन बनाए हैं।

वेदा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक छोटे शहर की बड़े सपने रखने वाली लड़की से लेकर गर्व से भारतीय टीम की जर्सी पहनने तक, क्रिकेट ने मुझे जो भी सबक, लोग और यादें दीं हैं, उनके लिए आभारी हूं। अब खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है, लेकिन खेल को नहीं। हमेशा भारत के लिए। हमेशा टीम के लिए उपलब्ध रहूंगी। कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर अर्जुन होयसला से शादी करने वाली 32 वर्षीय वेदा आखिरी बार 2020 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान देश के लिए खेली थीं। उनका आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 2018 में था। वेदा ने लिखा, क्रिकेट ने मुझे करियर से कहीं ज्यादा बढ़कर दिया। इसने मुझे अहसास कराया कि मैं कौन हूं। इसने मुझे लड़ना सिखाया, गिरना सिखाया और खुद को कैसे साबित करना है, यह सिखाया। आज मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूं। बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वेदा का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच गुजरात जायंट्स के लिए पिछले साल महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ था। वह कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी कर चुकी हैं। महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी गैर-विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा कैच लेने का संयुक्त रिकॉर्ड उनके नाम है। लेकिन इन आंकड़ों से भी अधिक वेदा ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी मां चेलुवम्बा देवी और बहन वत्सला शिवकुमार को खो दिया था। उन्होंने लिखा कि मेरे माता-पिता और भाई-बहनों, विशेषकर मेरी बहन को मेरी पहली टीम और मेरी ताकत बनने के लिए धन्यवाद। मेरे कोचों, कप्तानों और मार्गदर्शकों को मुझे आकार देने के लिए धन्यवाद। वेदा ने लिखा, बीसीसीआई को भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान देने के लिए धन्यवाद। केएससीए, रेलवे और केआईओसी को मुझे आगे बढ़ने का मौका देने के लिए धन्यवाद। मेरी टीम की साथियों, आपने इस सफर के हर पल को सार्थक बनाया। हमने बहुत कुछ साझा किया है जिसमें जीत, हार और हंसी शामिल है जो हमेशा मेरे साथ रहेगी। वेदा पहले से ही कमेंट्री कर रही हैं। उन्होंने 2017 के 50 ओवर के महिला विश्व कप को अपने करियर के सबसे चमकदार अध्यायों में से एक बताया जिसमें भारत फाइनल में इंग्लैंड से हार गया था।

# तथास्तु ने निलेश भट्ट को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

## योनेक्स-सनराइज उप्र राज्य जूनियर (अंडर-19) बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 का दूसरा दिन









विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन हॉल में हो रही लखनऊ जिला बैडमिंटन के तत्वावधान में आयोजित योनेक्स-सनराइज उप्र राज्य जूनियर मेजर बैडमिंटन, पूर्वी क्षेत्र सिलेक्शन टीम (अण्डर-19) प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को लखनऊ के तथास्तु ने लखनऊ के निलेश भट्ट को 30-29 से हराकर क्वार्टर फाइनल मे स्थान बनाया और लखनऊ के संस्कार यादव ने शिवम यादव (अलीगढ़) को 30-23 से हराया। शिवम यादव (लखनऊ) ने अकक्षांश पाण्डेय को 30-6 से हराया। बालिका वर्ग मे आध्या सेठ ने रागी शर्मा को 30-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया।

# जीवनशैली संबंधी आदतों से अचानक मृत्यु की आशंका बढ़ी

## आईसीएमआर अध्ययन से पता चला कि कोविड टीकाकरण से युवाओं में अचानक मौत का जोखिम नहीं बढ़ाः नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि आईसीएमआर के एक अध्ययन में पाया गया है कि कोविड-19 टीकाकरण से भारतीय युवाओं में अचानक मौत होने का जोखिम नहीं बढ़ा है। इसमें कहा गया कि कोविड के दौरान अस्पताल में भर्ती होने, अचानक मृत्यु के पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली संबंधी आदतों के कारण अचानक मृत्यु की आशंका बढ़ गई।



नड्डा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बताया है कि उसने और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने अचानक मृत्यु के कारणों की जांच के लिए दो दृष्टिकोणों पर विचार किया। उन्होंने कहा कि पहला दृष्टिकोण अचानक मृत्यु से जुड़े जोखिम कारकों का पता लगाने के लिए एक पूर्वव्यापी केस-कंट्रोल अध्ययन था और अध्ययन का दूसरा दृष्टिकोण वर्चुअल ऑटोप्सी पद्धति का उपयोग करके युवाओं में अचानक मृत्यु की पूर्वव्यापी जांच करना था। आईसीएमआर-राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान (एनआईई) ने मई-अगस्त 2023 के दौरान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में भारत में 18-45 वर्ष की उम्र के वयस्कों में अकारण अचानक मृत्यु से जुड़े कारकों का अध्ययन किया। नड्डा ने बताया कि ये मामले स्पष्ट रूप से स्वस्थ व्यक्तियों के थे, जिनमें कोई ज्ञात गंभीर बीमारी नहीं थी और जिनकी। अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2023 के दौरान अचानक (अस्पताल में भर्ती होने के 24 घंटे से कम समय में मौत या जो मृत्यु से 24 घंटे पहले स्पष्ट रूप से स्वस्थ दिखे) अस्पष्ट कारणों से मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मामलों या जिन नियंत्रण समूहों का साक्षात्कार किया गया, उनमें कोविड-19 टीकाकरण/संक्रमण, कोविड के बाद की स्थितियां, अचानक मृत्यु का पारिवारिक इतिहास, धूम्रपान, शराब की आवृत्ति, अत्यधिक शराब पीने और मृत्यु से दो दिन पहले अत्यधिक तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधि के बारे में जानकारी एकत्र की गई। विश्लेषण में कुल 729 आकस्मिक मृत्यु के मामले और 2916 नियंत्रण (कंट्रोल) शामिल किए गए। नड्डा ने बताया कि यह देखा गया कि कोविड टीके की दो खुराक लेने से अस्पष्ट आकस्मिक मृत्यु की संभावना काफी कम हो गई। इसलिए, अध्ययन में पाया गया कि कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवाओं में अस्पष्ट कारणों से आकस्मिक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली द्वारा आईसीएमआर के सहयोग से और वित्त पोषण के साथ किए गए दूसरे अध्ययन का उद्देश्य युवाओं में अचानक मृत्यु के सामान्य कारणों का पता लगाना है।

# हमारे पीछे 20-20 लाख लोग हैं जो सदन को देखते हैंः बिरला



नयी दिल्ली। मानसून सत्र की शुरुआत से ही लोकसभा में विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा तख्तियां दिखाने और नारेबाजी करने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि असहमति जताने का यह तरीका ठीक नहीं है। उन्होंने सदन में हंगामा कर रहे सदस्यों से उनके निर्वाचन क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं का ध्यान रखने का आग्रह करते हुए कहा कि हमारे पीछे 20-20 लाख लोग हैं जो बड़ी अपेक्षाओं से सदन को देखते हैं।

उन्हें उम्मीद रहती है कि सदन में हमारे मुद्दों, हमारी आकांक्षाओं, हमारी चिंता पर चर्चा होगी। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्षी दलों के सदस्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और अन्य मुद्दों पर नारे लगाने लगे। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि मैंने हमेशा सदन में यह प्रयास किया है कि सदन चले और विशेष रूप से प्रश्नकाल के समय मेरा हमेशा यह प्रयास रहता है। प्रश्नकाल सदस्यों का समय रहता है और इसमें सरकार की जवाबदेही तय होती है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिन से देख रहा हूं कि सदन को नियोजित तरीके से बाधित किया जाता है। तख्तियां दिखाई जाती हैं, नारेबाजी की जाती है। अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष को किसी विषय पर चर्चा करनी है तो वे आएं, सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करके गतिरोध को समाप्त किया जा सकता है। हर मुद्दे पर सरकार से बात करके चर्चा का रास्ता निकाला जा सकता है। लेकिन हम केवल आते ही सदन के अंदर या सदन के बाहर तख्तियां दिखाएं, नारेबाजी करें, यह उचित नहीं।

## संक्षेप

### भाजपा नेता के बेटे की हत्या पर कांग्रेस ने साधा निशाना

जींद। हरियाणा के जींद में अज्ञात हमलावरों ने एक निजी अस्पताल के संचालक और भाजपा नेता के बेटे की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी तथा हमले में उसके साथ मौजूद दो अन्य लोग भी घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को सफीदों इलाके में घर लौट रहे विकास को हमलावरों ने घेर लिया और उस पर चाकू से कई बार वार किया, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। सफीदों थाने के प्रभारी (एसएचओ) दिनेश कुमार ने बताया, निजी अस्पताल के संचालक विकास की इस घटना में मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि विकास पर चाकुओं से हमला किया गया था। हत्या की वजह का पता लगाया जा रहा है और मामले की जांच जारी है। मृतक के रिश्तेदारों ने पत्रकारों को बताया कि विकास इलाके के भाजपा के एक नेता का बेटा था और उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को पता चला है कि किसी ने विकास को घटनास्थल पर बुलाया था। उन्होंने बताया कि पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस हत्या के पीछे कोई पेशेवर दुश्मनी है। विकास के एक परिजन ने कहा कि उसकी (विकास की) साजिश के तहत हत्या की गई है।

# सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा : प्रधान न्यायाधीश

अमरावती (महाराष्ट्र)। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शुक्रवार को कहा कि वह सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे। वह महाराष्ट्र के अमरावती जिले में अपने पैतृक गांव दारापुर में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैंने निर्णय लिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद मैं कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा...सेवानिवृत्ति के बाद मुझे अधिक समय मिलेगा, इसलिए मैं दारापुर, अमरावती और नागपुर में अधिक समय बिताने का प्रयास करूंगा। न्यायमूर्ति गवई इस वर्ष नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे। इससे पहले दिन में, गांव में पहुंचने पर लोगों की भारी भीड़ ने प्रधान न्यायाधीश का स्वागत किया। उन्होंने अपने पिता, केरल और बिहार के पूर्व राज्यपाल आर एस गवई के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और परिवार के कुछ सदस्यों के साथ उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। गवई ने दारापुर के रास्ते पर बनने वाले एक भव्य द्वार की आधारशिला भी रखी, जिसका नाम आर.एस. गवई के नाम पर रखा जाएगा।

# फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा फ्रांसः मैक्रों

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उनका देश फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। इजराइल ने फ्रांस के इस फैसले की निंदा की है।



इजराइल के हमले के कारण खाद्यान्न एवं आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के संकट से जूझ रहे गाजा में मौजूदा हालात को लेकर दुनिया भर के देशों में व्याप्त आक्रोश के बीच फ्रांस के इस फैसले को साहसिक कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस फैसले को औपचारिक रूप देंगे। उन्होंने लिखा, आज सबसे जरूरी बात यह है कि गाजा में युद्ध रुके और आम नागरिकों की जान बचे। गाजा में युद्ध और मानवीय संकट बढ़ने के कारण अधिकतर देशों के कई सांकेतिक कदम इजराइल पर कूटनीतिक दबाव डालने वाले रहे हैं। फ्रांस अब फलस्तीन को मान्यता देने वाली सबसे बड़ी पश्चिमी शक्ति बन गया है और उसका यह कदम अन्य देशों के लिए भी ऐसा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्ष 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पर कब्जा कर लिया था और फलस्तीनी कब्जा किए गए इन क्षेत्रों को मिलाकर एक स्वतंत्र राष्ट्र की मांग कर रहे हैं। इजराइल की सरकार और उसका अधिकतर राजनीतिक वर्ग फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में दर्जा दिए जाने का विरोध करता रहा है।

# जाति जनगणना न करवा पाना मेरी गलती इसे सुधारने के प्रयास कर रहा हूंः राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान जाति जनगणना नहीं करवा पाना उनकी गलती है, लेकिन अब उन्होंने इस गलती को सुधारने के लिए कदम बढ़ाया है।

उन्होंने यह भी कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा राजनीतिक भूकंप है जिसने देश की राजनीतिक जमीन को हिलाकर रख दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां कांग्रेस के ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मै 2004 से राजनीति कर रहा हूं। जब मैं अपना मूल्यांकन करता हूं तो पाता हूं कि कहीं अच्छा काम किया तो कहीं कमी भी रह गई...आदिवासियों, दलितों और अल्पसंख्यकों की बात हो, मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। महिलाओं के मुद्दे पर मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। लेकिन मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो एक बात स्पष्ट दिखती है कि एक चीज में कमी रह गई थी। यह एक गलती मैंने की, वह यह है कि ओबीसी वर्ग (के हितों की) रक्षा जिस तरह से करनी थी, वो मैंने नहीं की। इसका कारण यह है कि आपके मुद्दे मुझे उस समय गहराई से समझ नहीं आए थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि दलितों की कठिनाइयों को समझना आसान है...आदिवासियों के मुद्दे भी आसानी से समझ आ जाते हैं। लेकिन ओबीसी की मुश्किलें या मुद्दे आसानी से नहीं दिखते। मुझे अफसोस यह है कि अगर मुझे आपके इतिहास और मुद्दों के बारे में ज्यादा मालूम होता तो मैं उसी वक्त (कांग्रेस के सत्ता में रहते) जाति जनगणना करा देता। वो समय निकल गया। लेकिन मेरी गलती है। ...यह कांग्रेस की गलती नहीं, मेरी गलती है। उन्होंने जाति जनगणना के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राजनीतिक भूकंप है, जिसने हिंदुस्तान की राजनीतिक जमीन को हिला दिया है। इसका झटका आपको लगा नहीं है, लेकिन काम हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 21वीं सदी डेटा की सदी है। (नरेन्द्र) मोदी जी डेटा के बारे में बोलते रहते हैं। पहले जिस देश के पास तेल होता था।

# धनबाद खदान हादसाः एनडीआरएफ और बीसीसीएल ने बचाव शुरू किया

धनबाद। झारखंड के धनबाद में बंद पड़ी एक कोयला खदान में अवैध खनन के दौरान कथित रूप से फंसे खनिकों को बचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की एक संयुक्त टीम ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार देर शाम खनिकों की तलाश के असफल प्रयास के बाद, एनडीआरएफ के 35 सदस्यीय दल और बीसीसीएल खदान बचाव शाखा के 15 सदस्यीय दल ने पूर्वाह्न लगभग 11 बजकर 30 मिनट पर अभियान शुरू किया। इस बीच, बाघमारा में



बीसीसीएल की ब्लॉक-2 की बंद पड़ी भूमिगत खदान के कथित रूप से ढहने की घटना को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कई नेताओं ने इस घटना में अनेक लोगों की मौत होने का दावा किया है। गिरिडीह के सांसद सी. पी. चौधरी द्वारा घटनास्थल पर तत्काल बचाव अभियान शुरू किये जाने की मांग को लेकर बाघमारा थाने पर धरना दिए जाने के बाद बुधवार को एनडीआरएफ को तैनात किया गया। बाघमारा थाने के प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि सांसद ने तीन जगहों को चिह्नित किया है जहां लोग संदिग्ध रूप से फंसे हो सकते हैं। इनमें से एक जगह पर बचाव अभियान शुरू हो गया है और जल्द ही अन्य जगहों पर भी अभियान चलाया जायेगा। यह घटना 22 जुलाई की शाम को तब हुई, जब ब्लॉक 2 में भूमिगत बंद खदान की छत ढह गई, जिसमें कई श्रमिक कथित तौर पर फंस गये थे। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जेसीबी मशीनों समेत आवश्यक संसाधनों के अभाव में बचाव अभियान की गति धीमी है।

## इंटरटेनमेंट...

# हाईकोर्ट में होगी उदयपुर फाइल्स पर सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को निर्देश दिया कि वह फिल्म उदयपुर फाइल्स - कन्हैया लाल टेलर मर्डर की रिलीज को लेकर केंद्र सरकार की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 28 जुलाई को सुनवाई करे।




न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने कहा कि फिल्म रिलीज पर रोक लगाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली फिल्म निर्माताओं की अपील निरर्थक है क्योंकि उन्होंने केंद्र के 21 जुलाई के आदेश को स्वीकार कर लिया है जिसमें छह जगह दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया और डिस्क्लेमर (अस्वीकरण) में संशोधन के साथ रिलीज को मंजूरी दी गई थी। पीठ ने कहा कि उसने फिल्म के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है और उच्च न्यायालय फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के मुद्दे पर फैसला सुना सकता है। पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपी मोहम्मद जावेद से केंद्र के फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय जाने को कहा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मदनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए 10 जुलाई को फिल्म की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी, जब तक केंद्र सरकार इस पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं ले लेती। फिल्म निर्माताओं ने दावा किया कि उन्हें केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाणपत्र मिला है, जिसमें बोर्ड ने 55 दृश्य काटने का सुझाव दिया है। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल की जून 2022 में कथित तौर पर मोहम्मद रियाज और मोहम्मद गौस ने हत्या कर दी थी। हमलावरों ने बाद में एक वीडियो जारी किया था जिसमें दावा किया गया था कि पूर्व भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नेता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर की गई विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनके समर्थन में दर्जी कन्हैया लाल शर्मा के सोशल मीडिया खाते पर कथित तौर पर साझा किए एक पोस्ट के जवाब में उसकी हत्या की गई थी। इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने की थी और आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अलावा कठोर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# आमिर खान मेलबर्न में फहराएंगे तिरंगा

नयी दिल्ली। अभिनेता आमिर खान अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। आयोजकों ने यह जानकारी दी है।

यह समारोह, महोत्सव के वार्षिक स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा होगा। यह एक ऐसी परंपरा है जो भारत की भावना और उसके जीवंत वैश्विक सांस्कृतिक प्रभावे का सम्मान करती है। महोत्सव के निदेशक मीतू भौमिक लांगे ने एक बयान में कहा आईएफएफएम में ध्वजारोहण समारोह महज एक औपचारिक परंपरा नहीं है, यह एक गहरा भावनात्मक और एकीकृत अनुभव है। आमिर खान का नेतृत्व करना वास्तव में एक दुर्लभ सम्मान है।

# ब्रिटिश गायक एड शीरन ने की अरिजीत सिंह की प्रशंसा



नयी दिल्ली। मशहूर ब्रिटिश गायक एड शीरन ने बॉलीवुड संगीतकार अरिजीत सिंह की प्रशंसा करते हुए सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट साझा किया और कहा कि उन्होंने सिंह से पंजाबी में गाना भी सीखा।

शीरन ने कहा कि उन्होंने सिंह से सितार बजाना भी सीखा। शीरन और सिंह ने सैफायर गाने पर मिलकर काम किया है, जो जून में रिलीज हुआ था। यह वीडियो गीत गायक की भारत यात्रा से जुड़ा था। देश में अपने प्रवास के दौरान, उन्होंने पश्चिम बंगाल के जियागंज अजीमगंज में सिंह के गृहनगर का दौरा किया और इसे अपना पसंदीदा अनुभव बताया। शीरन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, मेरे करियर के सबसे पसंदीदा अनुभवों में से एक था अपने पिता के साथ जियागंज अजीमगंज जाना और सैफायर के संबंध में अरिजीत सिंह से मिलना।

# वेनिस फिल्म महोत्सव : 'मदर' फिल्म की स्क्रीनिंग

कोलकाता। प्रसिद्ध मैसेडोनियाई फिल्म निर्देशक टियोना स्ट्रूगर मितेव्स्का की फिल्म मदर का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन 82वें अंतरराष्ट्रीय वेनिस फिल्म महोत्सव में किया जाएगा। यह फिल्म मदर टेरेसा के जीवन से प्रेरित है और आंशिक रूप से कोलकाता में फिल्माई गई है। यह टियोना की सातवीं फीचर फिल्म है जिसमें स्वीडेन की अभिनेत्री नूमी रैपेस मदर टेरेसा की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म महोत्सव 27 अगस्त से छह सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। फिल्म द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के कुछ हफ्तों की अवधि को दिखाती है, जब टेरेसा ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना से पहले का समय कोलकाता में बिताया था।



फिल्म की शूटिंग 2024 में हावड़ा ब्रिज, कुम्हारटुली, कालीघाट, एंटाली, लोरेटो कॉन्वेंट जैसे शहर के विभिन्न स्थलों पर हुई थी। इस फिल्म का निर्माण अंतरराष्ट्रीय सहयोग से किया गया है। फिल्म के सह-निर्माताओं में से एक प्रतीक बागी ने बताया कि फिल्म निर्माण से जुड़ी टीम कोलकाता में शूटिंग के अनुभव से खुश थी और प्रशासन तथा स्थानीय सिने तकनीशियन संघ ने उन्हें हरसंभव मदद मिली। उन्होंने कहा निर्देशक ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कार्यालय और स्थानीय प्रशासन के प्रति धन्यवाद जताया और भविष्य में फिर कोलकाता लौटने की इच्छा जताई।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com